>

Title: General discussion on the Budget (Railway) 2009-2010.

MADAM SPEAKER: Now, Item No. 17, General Discussion on the Railway Budget.

The time allotted for discussing the Railway Budget is 10 hours. Before I call upon Shri Ananth Kumar, I would like to request the House to skip the lunch hour so that we can utilize that time for discussing this item.

I hope the House agrees. Shri Ananth Kumar.

श्रीमती सुषमा स्वराज (विदिशा): आप लंच स्किप मत कीजिए, लंच के बाद शुरू करवाइए।

अध्यक्ष महोदया : इस डिस्कशन के लिए दस घंटे हैं। श्री अनंत कुमार।

श्री अनंत कुमार (बंगलौर दक्षिण): महोदया, मैं शुरुआत में रेल मंत्री जी को दो विषयों के लिए बधाई देना चाहता हूं - एक, श्री बसुदेव आचार्य दिखाई नहीं दे रहे हैं। श्री बसुदेव आचार्य और कम्युनिस्ट पार्टी को बंगाल की राजनीतिक पटरी से नीचे उतारा, इसके लिए मैं उन्हें बधाई दे रहा हूं। दूसरी बधाई इसलिए दे रहा हूं कि इस बजट में उन्होंने व्हाइट पेपर का जिक्र किया है और पूर्व रेल मंत्री श्री लालू प्रसाद जी के कार्यकाल के बारे में एक व्हाइट पेपर लाने की घोषणा की है। मुझे कभी-कभी लगता है कि रेल बजट हिन्दी फिल्मों जैसे होता है, यानी उसे पूरा समझने के लिए आखिर का भाग पहले देखें।[NB6]

> मैं व्हाइट पेपर के बारे में कहना चाहता हूं कि यदि हम पेज नम्बर 38 देखें, तो उसमें the

Hon.Railway Minister has said:

> "I would like to assure the House that Railways will come out with a White Paper indicating its present organizational, operational and financial status based on its performance in the last five years. "

मुझे लगता है कि कभी-कभी ...(व्यवधान) जैसे कानून में हम सैक्शन्स को "रैड विथ" पढ़ते हैं, वैसे ही ऐसे पढ़ना चाहिए। You may read Page 38 with Page 28. I would like to quote her:

> "Within a few days of my taking charge I was surprised to find that there was a provision of Rs.3400 crores for resource mobilisation through PPP."

अंतरिम बजट प्रक्षेपण की समीक्षा करते हुए मैं यह जानकर आश्चर्य चकित रह गयी कि 3,400 करोड़ रुपये के संसाधन सार्वजनिक निजी भागीदारी के जरिये जुटाए जाने की व्यवस्था की गयी थी जिनमें से 3,300 करोड़ रुपये तो कभी भी नहीं जुटाए जा सकते थे। इसका अर्थ यह हुआ कि वर्ष 2008-09 में वास्तविक खर्च के स्तर में वार्षिक योजना में सीधी कटौती थी। ...(व्यवधान)

श्री लालू प्रसाद (सारण): आप सरप्लस वाला पैरा पढ़िये, उसमें सब कुछ लिखा हुआ है।

श्री अनंत कुमार : मैं आपको उस बारे में भी बता दूंगा कि सरप्लस कितना था और कहां था। पेज नम्बर 19 देखें, तो उसमें लिखा है कि -

> "Based on the review, it is very clear that the unrealistically high targets set in the Interim Budget are not sustainable and warrant a mid-course correction. "

पिछले पांच साल का रियल परफोर्मैंस कितना है, एक्चुअल सरप्लस कितना है और यदि मैं वैंकेया जी नायडू के शब्दों में कहूं, तो फैक्चुअल इन्वेस्टमैंट क्या है, आदि सारी बातों का दस्तावेज खोलना चाहिए इसलिए आपको व्हाइट पेपर जारी करना चाहिए।

> "In 2007-08 the cash surplus was Rs.20,103 crore; got depleted in 2009-10 to the cash surplus of Rs.6,644 crore. "

Why this money got depleted so fast? दाल में कुछ काला लगता है। जैसे चारे में घोटाला था, उसी तरह रेल में भी घोटाला हो सकता है। । would also like to quote a newspaper cutting.

> "If Railway Minister Ms. Mamata Banerjee had picked another version of the speech she delivered in Parliament on Friday, the nation would have known that Railways are in a bigger fiscal hole than the Government has let on.
>
> Interestingly, the alternative version is critical of former Railway Minister Lalu Prasad's policy of banking on reserves to

fund capacity expansion.
Lalu Prasad Ji had taken credit for turning around the Railways during his five years tenure."[R7]

13.00 hrs.[R8]

ममता जी ने उस अर्लियर स्पीच को वेबसाइट में डाला था inadvertently and that has been down-loaded by the entire country. Therefore, I want to ask her why she did not read that version of the speech and if she has changed that speech, was it under the instruction of the Prime Minister? किसके दबाव में आपने उसे नहीं पढ़ा?

कुमारी ममता बनर्जी: आप क्या कहना चाहते हैं?

श्री अनंत कुमार : मैं इसे पढ़ रहा हूं। The speech was loaded on the website. In that you said in the version that was dropped:

> "Banerjee indicates that fiscal mess in the Railways was deteriorating rapidly forcing it to dip into its cash chest more deeply than it should be."

I quote:

> "To fund our massive network expansion programme, completion of capacity enhancement works and timely replacement of over-aged assets, the plan expenditure has been sustained in the two years of 2008-09 and 2009-10 through brought down from our acclimated fund balances which may not be possible in the future."

This version was available on the website in your speech but you did not read that.

KUMARI MAMATA BANERJEE: With the permission of the Chair, I did not read it due to shortage of time but I laid it on the Table of the House.

SHRI ANANTH KUMAR : Madam, this is not part of the speech.

KUMARI MAMATA BANERJEE: This is part of the speech.

SHRI ANANTH KUMAR : She is agreeing. Therefore, there are two parts of the speech. That is not the part of your speech. This is highly critical of Lalu Prasad Yadavji's five year tenure. If you are agreeing to this, we welcome that and we also request you that आप इसके बारे में 60 दिन में व्हाइट पेपर लाइए।

On behalf of Bharatiya Janata Praty, I would request you that by the first day of the Winter Session, let the White Paper be placed on the Table of the House.

Actually, what has been done in the last five years is very grave. We were discussing about the so called cash surpluses of Laluji's period. In the Railway Budget in 2007-08, Laluji showed Rs.20,103 crore as surplus; in 2008-09, he showed Rs.14,609 crore as surplus; and in 2009-10, Rs.13,542 crore have been shown as surplus. In the 2009-10 Interim Budget, Rs.8772 crore have been shown as surplus but actually according to the Explanatory Memorandum, this is not the case and the case is instead of this, Rs.17,182 crore in 2007-08; Rs.9803 crore in 2008-09 and Rs.6644 crore in 2009-10. Then we tried to find out the jugglery − Bihar rope trick. I think it is a classic case of Satyam balance sheet in the last five years. There is a Depreciation Railway Fund. The appropriation that was amounting to be appropriated to the DRF − Rs.5450 crore in 2007-08; Rs.7000 crore in 2008-09; and Rs.7000 crore in 2009-10, all this depreciation was taken into account as cash surplus.[R9] This is the seriousness of the whole *ghotala*, Madam.

श्री लालू प्रसाद : मैडम, व्हाइट पेपर जैसा कि मंत्री जी ने कहा है और उसके अलावा आर्गेनाइजेशनल, फाइनेंशियल, स्टेटस और विजन 2020 की बात है, तो यह मंत्री जी बताएंगी। लेकिन यह जो जगलरी और तरह-तरह की बातें बता रहे हैं, मैं कहना चाहता हूं कि यह सारी ऑडिटेड राशि है, संसद में लेड है। खुद मंत्री जी के बयान 2007-2008 में सरप्लस मनी में दिखाया गया है। मैं आपकी चुनौती और तमाम आशंकाओं को स्वीकार करता हं। आप इसे डायल्यूट और डाइवर्ट न करें। किसी भी स्तर पर यह डिवीडेंड देने में जो पहले भारतीय रेलवे

चूक गई थी, उसी में सरपल्स कैश 90,000 करोड़ रुपए से भारत सरकार का डिवीडेंड और गतायु सम्पत्तियों का बदलाव किया गया। इसके अलावा इनहैंड जो कैश है, यह दूध का दूध और पानी का पानी स्पष्ट है। जो व्हाइट पेपर की बात है, सोकाल्ड आर्गेनाइजेशनल, फाइनेंशियल, स्टेटस और विजन 2020 जो उन्होंने दिखाया है, दर्शाया है, यह संसद और उसकी कंवेंशनल कमेटी भारतीय रेलवे की है, उसमें है। आपसे और हमसे ज्यादा काबिल जो अहमदाबाद का आईआईएम, हार्वर्ड, आईएनआईसीआईएआर आदि ने भी तारीफ की है। अगर लालू यादव से कोई गलती होती, तो ये लोग उसे नहीं बख्शते। यह कोई घोटाला नहीं है, यह स्टेटस है, यह बहुत साफ है और इन चीजों को अगर आपने देखना है तो देख लें।

श्री अनंत कुमार : लालू जी, क्या दूध है और क्या पानी है, वह तो व्हाइट पेपर में मालूम हो जाएगा,only thing I am raising is, there was Rs. 90,000 crore surplus as Shri Lalu Prasad is claiming and as all the budgets are claiming but now, it is only Rs. 6000 crore suplus. That too, within five years, if the surplus is going to get depleted so fast, where has the money gone? Or is it that only the figures or the numbers have been fudged...(व्यवधान) जगलरी तो बहुत बता दिया। Therefore, it is a big question mark, Madam. When this is a big question mark, I want Kumari Mamata to come out with a White Paper at the earliest and place it before the Parliament of India.

I do not want to go into more details. But just now, Shri Lalu Prasad was telling कैसे टर्न अराउंड किया। Actually, if at all, the credit of turning-around the Indian Railways has to be given, it should be given to the then Prime Minister, Shri Atal Behari Vajpayee and the then Railway Minister, Shri Nitish Kumar. What is the basic principle of better railway operations?

SHRI RAJIV RANJAN ALIAS LALAN SINGH (MUNGER): Credit has to be given to Kumari Mamata also as she was also a part of NDA.

SHRI ANANT KUMAR : Of course, she was with us. Better management of Railways depends on three things. They are faster, lengthier and heavier. Earlier, the freight coaches were having a turn-around time of seven days. But it was cut short to four and a half days during the NDA Government and the length of the rakes was limited to 15 or 16 coaches which was raised to 25 to 26 coaches. Thirdly, more freight was carried and this was facilitated because of Rs. 17,000 crore given by Shri Atal Behari Vajpayee for Special Railway Safety Fund. The amount of Rs. 17,000 crore is unheard in the history of indepen[U10]dent India.

[r11]

No Prime Minister had given that kind of money. Due to this infusion of Rs. 17,000 crore for the first ever time, the railway track got renewed. There was total renewal. Due to the renewal, there could be more haulage. The operating ratio when we demitted office in 2004 was 92 per cent. ...(*Interruptions*)

श्री संजय निरुपम (मुम्बई उत्तर): आप रेलवे बजट पर बोलिये।

श्री अनंत कुमार : आप छोड़िये, मैं यील्ड नहीं कर रहा हूं। ...(व्यवधान)

श्री संजय निरुपम : आप माननीय रेल मंत्री ममता जी के बजट पर चर्चा कीजिए। आप एनडीए के बजट पर जा रहे हैं, लालू जी के बजट पर जा रहे हैं।...(व्यवधान)

श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह : आप उसको सुनना क्यों नहीं चाहते हैं।...(व्यवधान)

श्री संजय निरुपम : माननीय नीतीश कुमार जी रेल मंत्री थे, हम उनके बजट पर चर्चा करते थे, अब ममता जी रेल मंत्री हैं, आप उनके बजट पर चर्चा कीजिए।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइये।

SHRI ANANTH KUMAR : It is because Kumari Mamata Banerjee's Railway Budget is not a stand-alone Budget. ...(*Interruptions*)

श्री अनंत कुमार : माननीय सोनिया जी आपकी लॉयल्टी के लिए जरूर तोहफा देंगी, आप चिंता मत करिये। ...(व्यवधान)

श्री संजय निरुपम : जैसे माननीय अटल जी ने आपको तोहफा दिया, वैसे ही मुझे मिल जाएगा।...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Shri Ananth Kumar, please address the Chair.

...(*Interruptions*)

SHRI ANANTH KUMAR : Due to the infusion of this Rs. 17,000 crore, the entire railway network got rejuvenated during the NDA period.

श्री संजय निरुपम : हुडको की कहानी भी बता दीजिये।...(व्यवधान)

श्री अनंत कुमार : सबकी कहानी बताएं।

Let me come to Anti Collision Devices. We started installing them in 2002. But in the last five years, there was no particular thrust on this issue. Once again, in this Budget the hon. Minister has said that in the cases of Southern Railway, South-Central Railway and Western Railway, she will go-ahead with Anti Collision Devices.

I want to bring about some of the issues where actually the passenger is losing his money unknowingly. इनको जीटी कह सकते हैं, गुमराह ट्रिक कह सकते हैं। Since this Railway Budget is not a stand-alone Budget, I want Kumari Mamata Banerjee to set right all these things.

In the last five years, 374 trains have been classified as Super-Fast Express trains. But all these 374 "Super-Fast Express" trains run at a speed of 55 kms or below 55 kms. Just because you changed the classification of a Super-Fast Passenger or a Fast Passenger to a Super Fast Express, you could collect Rs. 50 more as surcharge per ticket. This was one of the tricks that was adopted to mop up more money.

The second such trick was Tatkal. We know that Railways are a monopoly. When Railways are a monopoly, 35 to 40 per cent of the reserved tickets are given to Tatkal. When it goes to Tatkal, Rs. 150 to Rs. 300 is charged on Tatkal. Of course, hon. Minister has brought down the rates from Rs. 150 to Rs. 100 and the duration from five days to two days.

Why 35 per cent to 40 per cent of the reserved tickets should go to Tatkal in the first place, when it is a monopoly? Since we have got online system, it can be done faster. It can be done in 24 hours.

Thirdly, the reservation norms have been changed. For example, if I book an AC II tier ticket from Delhi to Bangalore, when I board train from Delhi to Bangalore, for reservation, there is a non-boarding surcharge. Non-boarding surcharge will be levied.

[r12] Fourth such device was classification of the freight and classification of goods. For approving your Budget, railway lines, electrification, freight rates, etc., you come to the Parliament. But what about classification of goods? The goods have been classified in three categories, Class "A", "B" and "C". These classifications have been changed. For example, fertilizer which used to be classified in Class "C" category, was suddenly classified as Class "A". With the result, Rs. 350 to Rs. 400 more had to be paid. Naturally, the Railways' income and Railways' accruals have increased. That means without really improving the economy, without really adding to the service or the quality, just because of this jugglery, the Railways could earn more revenue. It gets more accruals.

Therefore, my request to the hon. Railway Minister is that all these things should become part of the White Paper. The country should know the details. Some of my friends are having doubts as to whether we can discuss last year's Budget or previous year's Budget while we are discussing the current year's Budget. I feel the Government is a continuous agency. Definitely, the Railways are the biggest transporter, the biggest employer and they are the biggest network in the country. So, its journey will have an impact. If you want to have 2020 Vision, then we need to look back. Therefore, the hon. Railway Minister has spoken about the White Paper. I do not know how a White Paper can be presented to the hon. Parliament without going into the last five years or ten years Railway Budget or by just seeing only the current year's Budget? Therefore, that exercise is very much required.

There are two types of activities in the Railways. One is "core" activity and the other is "non-core" activity. Activities such as operations, safety, passenger amenities, infrastructure come under "core" activity. I urge the Railway Minister to concentrate on "core" activities. Unfortunately, in this Railway Budget, there has been more stress on "non-core" activities, like opening medical colleges, nursing colleges, having a football stadium, building power plant, etc. You can outsource all these things. Whatever is a "non-core" activity, it can be outsourced because now-a-days it is the global model. For example, in civil aviation, there is city side and there is an air side, where traffic management, like radars, etc. are to be managed by the Government and the company concerned. It is because that is the "core" activity. On the city side, passenger facilities, like providing bed rolls, canteen, cleaning, etc. are there. These activities can be outsourced.

At least, for the last ten to twelve years, in every Budget, I am hearing the mention of optic fibre, world class stations and budget hotels. In the previous Budget, the previous Railway Minister has said that 26 railway stations will be raised to global standards. Now, the hon. Minister has given a list of fifty such railway stations. I do not know which of the 26 earlier stations have already attained the global status. I think not a single one. For raising them to global status, it has also been said that there will be escalators, lifts, infotainment, etc. Every type of facility was mentioned. In the last one year or twelve months, after Shri Lalu Prasad presented his last Budget,

nothing has happened on this score. Now, the Minister has come out with a list of fifty world class railway stations.

Regarding optic fibre, my suggestion is that laying of optic fibre is not a "core" activity of the Railways. So, it can be outsourced. It can be globally tendered. The "right of way" can be given by the Railways. The same is the case with the budget hotels.

The hon. Railway Minister has made a mention about PPP, Public Private Participation in the Budget speech. The hon. Minister wants to create a railway land bank. She wants to leverage this land bank for the benefit of Railways. My only caution to her is that let this not become "Private Party Profit" making venture. The hon. Minister fought in the case of Singur and Nandigram. The other day, while presenting the Railway Budget, she was speaking about "social viability" vis-Ã -vis "economic viability." The railway land is situated in prime areas across the country. They are situated in the State Capitals, like Mumbai, Bangalore and Chennai. Therefore, it should not become a profit-making venture for private people. Therefore, my suggestion is that the hon. Minister can come out with an independent regulator when you want to go ahead with this PPP model.

KUMARI MAMATA BANERJEE: Shri Ananth Kumar, you talked about "core" activities. We have already given the main thrust on the "core" activities. We have already taken an initiative. This is the first time a monitoring mechanism has been devised. One additional official will be deputed for that purpose to take care of that. You are talking about the PPP model. It is not that we are selling the land.[r13]

Our idea is that Railways' main asset is their property, which means the land bank. There are so many properties but Railways' lands are Railways' property. Pressurising Railways to earn money only from the passengers' fare, would not give a healthy life to the Railways. I think it is better if we can utilise that land. Instead of selling the land, we can give it on lease. Even we have prepared a blueprint for that. We have more than three lakh acres of land with the Railways. It is not that we want to give Railway infrastructure; our organisation will be intact. I am not going for outsourcing for that. I am very sure and I can assure the House that our Railway employees are proud of that; we have 14 lakh employees; and I am proud of that. We are not going to corporatise that sector. But only for earning money and giving a boost up to the Public Private Partnership, we will provide our land from the land bank for the Dedicated Freight Corridor so that after the Western Corridor, the Eastern Corridor, and after that the South Corridor and South-Central Corridor, India can create more and more infrastructural facilities and employment for crores of people so that new India can smile and it can go ahead. That is our intention....(*Interruptions*)

SHRI ANANTH KUMAR : Mamata *ji*, your Budget says that you are outsourcing lands in prime locations of various railway stations.â€¦ (*Interruptions*)

KUMARI MAMATA BANERJEE: You are a senior Member. I just want to clarify because UPA Chairperson is here and Leader of the Opposition is also here. If you want to develop a world class station, then it will be a station of international standard; there will so many infrastructures. In that way, we cannot only spend money from the internal generation; we have to spend money from the outside. So the Railways will continue to be the Core Group. The outside non-Core Group, what you said the Public-Private Partnership, we can do it. So the infrastructure will be created and Railways will be saved for the life of the nation. There is no problem for that. We are not selling; it is on lease.

SHRI ANANTH KUMAR : Thank you very much. We are not opposed to Public-Private Partnership. But at the same time, my only request to you is that you have an independent regulator for evaluating the assets. It is because, when I was speaking about the freight classification, the freight classification is not even done by the hon. Minister of Railways; it is done by an officer. You know how the classification of the goods is done, how it is shifted from 'A' to 'B', 'B' to 'C' and what happens in that. Therefore the same thing should not happen in this asset leveraging also. Therefore, for Public-Private Partnership, I am asking you to appoint an independent regulator.

Let us come to the various developmental projects that you have taken, Mamata *ji*, in this Railway Budget. I am sorry to say that you have made this Railway Budget as an election manifesto for Bengal, "सारा बंगाल बाकी सब कंगाल"...(*Interruptions*) I am going to read the names of the Adarsh Stations in Kolkata and suburbs. Out of the Adarsh Stations you have announced, 40 stations are from Kolkata only. I can go on reading from Ballygunge to Balurghat to Bandel...(*Interruptions*)

KUMARI MAMATA BANERJEE: I have kept option for hundreds of stations. I cannot identify the MPs' stations; so they will give their suggestions and we will include them. Provision is there for that.

SHRI ANANTH KUMAR : Mamata *ji*, you have announced 309 Adarsh Stations....(*Interruptions*)

कुमारी ममता बनर्जी: दस लाख या बीस लाख से क्या होता है? ये तो छोटी-छोटी चीज है। ...(व्यवधान)

SHRI ANANTH KUMAR : In these 309 Adarsh Stations, 40 stations are from Kolkata. ...(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Ananth Kumar *ji*, please address the Chair. I suggest, instead of immediate interaction, I think, you address the Chair.

...(*Interruptions*)

SHRI J.M. AARON RASHID (THENI): Madam, if you allow the first speaker to speak for 45 minutes, then all other party members may not get adequate time to speak.[RP14]

अध्यक्ष महोदया : अब आप समाप्त करिये।

SHRI ANANTH KUMAR : Madam, 40 stations are from Kolkata, and 97 stations are from Bengal out of 309. ...(*Interruptions*)

KUMARI MAMATA BANERJEE: I will include your station also. Whatever suggestions the Members will give, I will include those. I will identify your station also. ...(*Interruptions*)

SHRI ANANTH KUMAR : Madam, it is the job of the Ministry of Railways to identify the station which should be a model station and which should be a world-class station. ...(*Interruptions*)

श्री लालू प्रसाद : मैडम, गलतफहमी में नहीं रहना चाहिए, वर्ल्ड क्लास स्टेशन, मॉडल स्टेशन देश भर का एक कंसैप्ट है, यह एक कंसैप्ट है, सोच है। यह इम्पलीमैन्ट नहीं होना है। मेरे समय में भी हुआ, बहुत कोशिश की। सैकिंड फेज में पटना ही था। अब कुमारी ममता बनर्जी ने कोलकाता की बात की है, इससे आपको चौंकना नहीं चाहिए, यह बनना तो है नहीं। ...(व्यवधान)

श्री अनंत कुमार : व्हाइट पेपर के बारे में यानी अपने बारे में किया...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : प्लीज आप बैठ जाइये। अब आप बैठ जाइये। वह पूर्व मंत्री हैं।

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइये।

श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह : जैसे इन्होंने कहा कि पटना को वर्ल्ड क्लास स्टेशन बना देंगे...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Shri Ananth Kumar, you have spoken for about 40 minutes. Please conclude your speech now.

श्री अनंत कुमार : मैडम, मैं जल्दी फिनिश करना चाहता हूं। लेकिन मुझे बोलने ही नहीं दे रहे हैं। कांटीन्युअसली ममता जी इंटरवीन कर रही हैं, पूर्व रेल मंत्री, लालू जी इंटरवीन कर रहे हैं।...(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Please address the Chair and conclude your speech.

श्री अनंत कुमार : आडवाणी जी कह रहे हैं कि लालू जी के स्टेटमैन्ट के बाद, स्वीकृति के बाद इस पर डिबेट करने की कोई जरूरत ही नहीं है।...(व्यवधान)

श्री लाल कृष्ण आडवाणी (गांधीनगर): कभी-कभी व्यक्ति जो कहता है, वह सही थोड़े ही होता है।

श्री अनंत कुमार : यानी लालू जी अपने सभी पुराने पांच बजटों के ऊपर प्रश्नचिह्न लगा चुके हैं। ऐसे स्टेशंस बनने वाले नहीं हैं।

Madam, it is a very serious point. The serious point is that the former Railway Minister, Shri Lalu Prasad Yadav ji makes a statement in this august House, in front of everybody, that it is only an empty slogan and nothing is going to happen. Madam, what will the country think about us?

The Chairperson of UPA is here. They had ruled this country for five years, and Shri Lalu Prasad Yadav was the hon. Minister of Railways. It also says about the performance of the UPA Government for the last five years. ...(*Interruptions*)

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF WATER RESOURCES (SHRI PAWAN KUMAR BANSAL): Lalu ji is not speaking for Mamata ji. ...(*Interruptions*)

SHRI ANANTH KUMAR : For the last five years, the UPA Government had made only slogans. आम आदमी को कुछ नहीं दिया, सिर्फ घोषणा करते रहे। कुछ नहीं बनाया, यह स्टेटमैन्ट उन्होंने दिया।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : कृपया अब आप समाप्त करें।

Shri Ananth Kumar, you have spoken for more than 40 minutes. Please conclude your speech now.

श्री अनंत कुमार : वास्तव में माननीय प्रधान मंत्री, डा. मनमोहन सिंह जी ने लालू जी की तारीफ की है, इंडोर्स किया है। मुझे कभी-कभी समझ में नहीं आता है कि डा. मनमोहन सिंह जी कैसे मंत्रियों को इंडोर्स करते हैं। यानी जिस मंत्री के बारे में वह इंडोर्समैन्ट देते हैं, उसके बारे में व्हाइट पेपर निकालना पड़ता है और दूसरे मंत्री के बारे में इंडोर्समैन्ट देते हैं तो उनके बारे में स्पैक्ट्रम के स्कैम में सी.वी.सी. का इन्वैस्टिगेशन शुरू हो जाता है। सी.वी.सी. उनसे क्वैश्चंन कर रही है और थर्ड सिविल एविएशन मिनिस्टर के बारे में इंडोर्समैन्ट देते हैं तो आज एयर इंडिया ब्लीड कर रही है। यानी यूपीए को अपने पिछले पांच साल के कार्यकाल के बारे में सोचना चाहिए[BS15] ...(व्यवधान)[H16]

SHRI J.M. AARON RASHID : Madam, whatever he is speaking now is not relevant.

SHRI ANANTH KUMAR : It is all relevant....(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Hon. Member, please do not interrupt him.

SHRI ANANTH KUMAR : My only request to the hon. Railway Minister is that India is not Bengal. We have nothing against Bengal, but if she gives 109 model railway stations out of 309, to Kolkata and Bengal only, what will happen to the other parts of the country? It is not the work of the hon. MPs to give recommendations to the hon. Minister on it. We would give our recommendations for gauge conversion, for laying of the new railway lines, for new trains and other things. But what about the railways? Is it doing some techno-feasibility study, techno-economic study to see as to what station should be taken and as to when they should be taken.

Why I am saying so is this. Sometimes I feel " घोषणा करिये और भूल जाइये " has been the crux of the Railway Budget. Last year, 75 new trains were announced. I want to have a status paper on this as to how many new trains have been introduced. Six trains out of these 75 trains are awaiting gauge conversion. जब आमान परिवर्तन नहीं होता है तो गाड़ी कैसे चल सकती है, ऐसी घोषणा लालू जी ने की है। ...(*Interruptions*) There is one glaring example about train No. 6515/6116, Yashwantpur-Mangalore. This was a day train was, which was announced in 2005-06. अभी शुरु नहीं हुआ। 2005 में कहा, 2006 में कहा, 2007 में कहा और 2008 में कहा।

In the last Railway Budget, Mamataji, they had announced 37 new line surveys, and in this Railway Budget, 53 new line surveys have been announced. Totally, 90 railway surveys are pending. When would these surveys be completed? One of my friends says that लास्ट ईयर का मत देखो, आगे का देखते रहो, होगा कुछ नहीं।

Regarding gauge conversion, Madam, in 2008-09, the Railway Minister had set a target for completing the gauge conversion of 2150 kilometres belonging to 16 sections across the country. But what is the status today?

For your kindest information, Madam, and through you, I would bring it to the notice of the hon. Minister, Mamataji that eight sections out of these 16 sections have found place in this Railway Budget also! They have been repeated in this Budget. I would read it for your benefit, which Laluji had announced last year and Madam Minister, you are announcing the same thing now also. They are:

Panderpur-Miraj-Latur; Mathura-Achnera; Aurihar-Jaunpur; Fakirgram-Hubri; Madanpalli Road-Dharmavaram of Dharmavaram-Pakala; Ajmer-Kulera; Bidadi-Samdari; Wansaljear-Jetselar. All these eight sections were there in the last year also.

SHRI ANANTHA VENKATARAMI REDDY (ANANTAPUR): They are all on-going projects. Dharmavaram-Pakala Gauge conversion is also an ongoing project...(*Interruptions*)

SHRI ANANTH KUMAR : But they have been announced them as new project....(*Interruptions*) I am reading the Railway Budget copy. They have announced them as new projects....(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Hon. Member, please sit down.

...(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Ananth Kumarji, you please address the Chair.

SHRI ANANTH KUMAR : Regarding doubling, in 2007-08 doubling of 500 kilometres was expected according to the Outcome Budget. What was the target? The target was 1,000 kilometres. But how many kilometres have been doubled? They are only 363 kilometres.

My friends from Bihar are here. I want them to have a *lekha jokha.* लेखा-जोखा करिये। लालू जी ने पिछले पांच सालों में बिहार के लिये 55 हजार करोड़ रुपये का इनवैस्टमेंट का और 77 ट्रेनों का ऐलान किया। इतनी ट्रेनें आयीं या नहीं, मैं नहीं जानता क्योंउन्होंने कह दिया है

कि कुछ होने वाला नहीं है।[r17]

लेकिन आप महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, झारखंड, हिमाचल और अन्य प्रदेशों को अनदेखा कर रहे हैं। आप रेलवेज़ को ईस्ट इंडिया कंपनी मत बनाइए। मुझे यह लग रहा है कि आप रेलवेज़ को ईस्ट इंडिया कंपनी बना रहे हो। Madam, we want the eastern part of India to develop, Bengal to develop, Bihar to develop and North-East to develop.

Madam, Railways is an all-India transport organisation. It should have an all-India vision and all-India operations. But we do not have a national perspective. We do not have a national plan or a national vision.

Lastly, Madam, my only request is this. I am from Karnataka, I am from Bangalore. Mamataji has started new trains. She pronounced it as 'Duronto'. At least in my mother tongue, Kannada, 'Duronto' means 'tragic'. ...(*Interruptions*) 'Durant' means tragic. I take it as '*Turant*'. ...(*Interruptions*) But how come these trains have not been starting from Bangalore? ...(*Interruptions*) Bangalore-Hyderabad, Bangalore-Chennai, Bangalore-Delhi etc. are not there. ...(*Interruptions*)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI K.H. MUNIAPPA): In which Kannada it is there? ...(*Interruptions*)

SHRI ANANTH KUMAR : 'Duranta' means tragedy. We do not want any tragedy. ...(*Interruptions*)

SHRI K.H. MUNIAPPA : Most of the words in Kannada are from Sanskrit. They are very clear. Even if you speak in Kannada, 'Turant' means it is fast. You please clarify this. Where is your dictionary? ...(*Interruptions*)

SHRI ANANTH KUMAR : You read your Budget copy, Sir. In the Budget copy you have written as 'Duronto'. ...(*Interruptions*)

SHRI K.H. MUNIAPPA : No, it is not correct. ...(*Interruptions*)

SHRI ANANTH KUMAR : You have not written 'Turonto'; it is 'Duronto'. ...(*Interruptions*) It has been written with the word 'D'. ...(*Interruptions*)

SHRI K.H. MUNIAPPA : Expression is different. In Kannada also, 'Turant' is fast. There is no discussion on this. ...(*Interruptions*)

SHRI ANANTH KUMAR : It is not 'T', it is 'D' here. ...(*Interruptions*) It has been mentioned as 'Duronto'.

कुमारी ममता बनर्जी: देखिए कोई वर्ड बंगाली में होता है, कोई वर्ड हिन्दी में होता है, कोई वर्ड उर्दू में होता है। Everything should be mixed as one; it is India. ...(*Interruptions*)

SHRI K.H. MUNIAPPA : That is a pure Sanskrit word. ...(*Interruptions*)

SHRI ANANTH KUMAR : My only demand is this. ...(*Interruptions*) I know it is India. Mamataji, you are so vehemently talking about India. But you are only thinking of Bengal. ...(*Interruptions*)

KUMARI MAMATA BANERJEE : Why are you not thinking of Bengal? I am thinking of Bangalore also. ...(*Interruptions*) I am thinking on behalf of you also.

MADAM SPEAKER : Shri Ananth Kumar, please address the Chair.

...(*Interruptions*)

SHRI ANANTH KUMAR : You are not to present an election manifesto or election Budget for Bengal. ...(*Interruptions*)

SHRI J.M. AARON RASHID : Madam Speaker, the hon. Member should address the Chair. ...(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER : Shri Ananth Kumar, please address the Chair. Please try to conclude now. You have spoken for a very long time. Please take your seat now.

...(*Interruptions*)

SHRI ANANTH KUMAR : Madam, my only request is that the hon. Railway Minister is Railway Minister for the entire country. She is not Railway Minister of Bengal. ...(*Interruptions*) She may be nursing an ambition of becoming the Chief Minister of West Bengal. We will support it because we do not want Communists. That is a different issue. But you become all India, you become pan India. You think of India. ...(*Interruptions*) Your action is Bengal and thinking of India will not work. ...(*Interruptions*)

KUMARI MAMATA BANERJEE : Why not? I think of Bangalore also. Why are you talking of Bengal? â€¦ (*Interruptions*) Why are you speaking for your Bangalore? ...(*Interruptions*) I want Bangalore. Do not insult my State. I respect your State, I respect India. Do not disrespect Bengal also. â€¦ (*Interruptions*)

SHRI ANANTH KUMAR : Madam, I love Bengal, I love Vivekananda, I love Rabindranath Tagore, I love Vande Mataram more than Mamataji does. But, at the same time, do not insult Karnataka, do not insult Maharashtra or Madhya Pradesh. ...(*Interruptions*) Do not give a *sauteli vyavahar*. ...(*Interruptions*) You love India. Be Indian. ...(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER : Please take your seat.

...(*Interruptions*)

SHRI ANANTH KUMAR : Do not give a step-motherly treatment to other States. ...(*Interruptions*) Do not insult other States because of your step-motherly treatment. [k18]

MADAM SPEAKER: Shri Ananth Kumar, you have spoken for 50 minutes. Please finish. I will call the next speaker now.

SHRI ANANTH KUMAR : Madam, I am concluding. My only request is that Karnataka has been given a raw deal. Hubli-Ankola railway line has not been started.

Secondly, we want that Mysore-Bangalore-Tumkur corridor should be created and there should be double line and electrification. ...(*Interruptions*)

SHRI K.H. MUNIAPPA : Shri Ananth Kumar, this is an august House. You know very well that it had started during the time of the NDA Government. There is an environmental problem with respect to these projects from Hubli to Ankola, Talguppa to Nagara and Mangalore to ...(*Interruptions*)

SHRI ANANTH KUMAR : Madam, there is no environmental problem. ...(*Interruptions*)

SHRI K.H. MUNIAPPA: No, it is very clear. ...(*Interruptions*)

SHRI ANANTH KUMAR : It is an old project which was conceived by late Visveshawaraya. ...(*Interruptions*) Actually, it was to connect both East Coast and Mangalore ...(*Interruptions*) through Karwar to Mangalore ...(*Interruptions*)

SHRI K.H. MUNIAPPA: In respect of three projects in Karnataka, there is an environmental problem. The State Government may agree, but the Supreme Court has appointed a high-powered committee. You are all well aware of this. If that committee has not finalized its report, you cannot take any action and even the Government of India cannot interfere. They have to take the decision. The high-powered committee has to clear the projects. It is so not only in Karnataka; it is so even in all the States. Until and unless that is done, you cannot take any project. ...(*Interruptions*)

SHRI ANANTH KUMAR : Madam, the Forests and Environment Minister has to give the permission. Let him talk to the Minister of Forests and Environment. Let Kumari Mamata Banerjee talk to the Minister of Forests and Environment and get that project cleared. ...(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: You have spoken for 54 minutes. Please conclude now. I will call the next speaker now.

...(*Interruptions*)

SHRI ANANTH KUMAR : Madam, that project was cleared by Shri Atal Bihari Vajpayee. ...(*Interruptions*) Gulbarga project was cleared by Shri Atal Bihari Vajpayee. ...(*Interruptions*)

My only contention is that Kumari Mamata Banerjee's Railway Budget has derailed in its national perspective and vision. It cannot become a political manifesto. Today is a very unfortunate day. My heart grieves that a former Railway Minister, who has handled Railways for five years, says do not believe whatever they have announced because that is not going to happen. ...(*Interruptions*) Our hon. present Railway Minister says that it is only directed to one of the regions. ...(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Shri Ananth Kumar, please conclude. Now I am calling the next speaker.

...(*Interruptions*)

SHRI ANANTH KUMAR : Madam, my request to the hon. Railway Minister, through you, is that she can now also make corrections. Let her make corrections and give justice to all the States and whatever these GTs, *gumrah*-tricks, are there of the previous situation,

उन सबको हटा दें। मालभाड़ा और पैसेंजर भाड़ा कम करें, यात्रियों को सुविधाएं दें और रेलवेज़ को एक नेशनल पर्सपैक्टिव और नेशनल विज़न दें, इतनी ही मांग मैं आपके द्वारा कर रहा हूँ।

श्री विलास मुत्तेमवार (नागपुर): माननीय अध्यक्ष महोदया, 2009-10 का रेल बजट जो कुमारी ममता बनर्जी ने प्रस्तुत किया है, उसकी चर्चा में भाग लेने के लिए आपने मुझे अनुमति दी, मैं इसके लिए आपका आभार व्यक्त करता हूँ।

श्रीमती सोनिया जी के नेतृत्व में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन ने हमारे प्रधान मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के प्रबंधन के अंतर्गत सरकार का गठन किया और सत्ता ग्रहण करने के पश्चात् कुमारी ममता बनर्जी ने अपना पहला रेलवे बजट प्रस्तुत किया है। वैसे तो इसी सदन में दो बार पहले भी उन्हें रेल बजट प्रस्तुत करने का मौका मिला था, लेकिन यह यूपीए सरकार जो पाँच साल चलने वाली है, उसका पहला रेल बजट उन्होंने प्रस्तुत किया है। जहां तक मैं समझता हूँ, पूरे देश ने इसकी सराहना की, सारे मीडिया ने इसकी सराहना की। औद्योगिक इकाइयों, व्यापारिक संस्थाओं, सभी ने इस बजट का समर्थन किया, उसको सराहा। [b19]

हमेशा रेलवे बजट ऐतिहासिक संदर्भ में, भूतकाल और वर्तमान को देखते हुए बनाया जाता है। इसके अलावा बजट में क्या होना चाहिए, इसको देखते हुए रेलवे बजट पेश होता है। पिछले पांच साल यूपीए की सरकार थी। उसमें श्री लालू प्रसाद रेलवे मंत्री थे। उन्होंने भी देश के सामने अच्छे बजट प्रस्तुत किए। उन्हें मैनेजमेंट गुरू की संज्ञा दी गई। उन्होंने पैसेंजर भाड़ा नहीं बढ़ाया, अपितु घटाया और विकासोन्मुख बजट दिए। ममता जी ने भी उसी परम्परा का पालन करते हुए बजट पेश किया है। मैं समझता हूं कि यदि लालू जी का वह एक्सप्रेस बजट था, तो ममता जी का यह सुपरफास्ट बजट है।

महोदया, अभी अनंत कुमार जी रेलवे बजट पर चर्चा कर रहे थे। वह मेरे पुराने मित्र हैं। पिछले दस-पन्द्रह सालों से हम साथ-साथ चल रहे हैं। मैं उन्हें बताना चाहूंगा कि मैंने इस सदन में 27-28 बजट देखे हैं। मैं कांग्रेस के आशीर्वाद से इस सदन में सातवीं बार चुनकर आया हूं। जितनी सराहना इस बजट की हुई है, उतनी सराहना इसके पहले नहीं हुई है। उसके बावजूद इसमें खामियां निकालने का काम मेरे मित्र अनंत कुमार जी कर रहे थे, जो कि बहुत दुर्भागयपूर्ण है। केवल विरोध के लिए विरोध करना प्रजातंत्र के लिए अच्छा नहीं है। कभी आप इधर थे और हम उधर थे। आपसे मुझे बड़ी अपेक्षा थी क्योंकि आपने बजट भाषण को इनीशिएट किया है। आपको कुछ अच्छे मुद्दे चर्चा में लाने चाहिए थे। लेकिन आपको लालू जी और ममता जी पर प्रहार करना था। आपको केवल यह कहना था कि पश्चिम बंगाल का बजट है।

महोदया, सरकार बने बहुत कम समय हुआ है और इतने कम समय में उन्होंने एक अच्छा बजट प्रस्तुत किया है, जिसकी सराहना हुई है। यदि आप भी सराहना करते तो अच्छा होता। अनंत कुमार जी आपने वर्ष 2006-07 के बजट भाषण को भी इनीशिएट किया था। मुझे ऐसा लगता था कि आप भी देश के बारे में सोचने लग गए हैं। पिछले बजट भाषण में आपने एक अच्छी बात की थी। आपने लालू जी के बजट भाषण को क्रिटीसाइज़ करते हुए कहा था, मैं कोट करता हूं - कल बजट भाषण में माननीय वित्त मंत्री जी ने कहा था कि यूपीए सरकार के लिए तीन चीजें महत्पूर्ण हैं, विकास, समानता और सामाजिक न्याय। लेकिन इस बार आपने उसका उल्लेख नहीं किया है। मुझे ऐसा लगता है कि आप सामाजिक न्याय के प्रति बड़े चिंतित थे। ममता जी ने जो बजट पेश किया है, उसमें सामाजिक न्याय की ही बात की है। इस बजट में वह रेलवे मंत्री कम और सामाजिक न्याय मंत्री ज्यादा लगी हैं। आपने देखा होगा कि रेलवे मंत्री अपने बजट में केवल प्रस्तुतीकरण करने का काम करता है। लेकिन ममता जी ने इस सदन और पूरे देश के सामने एक सवाल किया था, जब वह बजट प्रस्तुत कर रही थीं। उन्होंने अध्यक्ष महोदया से एक प्रश्न पूछने की अनुमति मांगी थी। मैं कोट करना चाहूंगा - महोदया, इस सम्मानित सदन के समक्ष खड़ी होकर मैं एक प्रश्न पूछना चाहती हूं। क्या रेलवे की परियोजनाओं को आर्थिक व्यवहारिता के पैमाने पर ही तौला जाए या फिर इन्हें सामाजिक दृष्टिकोण के पैमाने से भी देखा जाए? क्या विकास के लाभ कुछ सुविधा-सम्पन्न लोगों तक ही सीमित रखे जाएं और हमारे देश के दूरदराज और पिछड़े इलाकों में रहने वाली अधिकांश जनसंख्या को इससे वंचित रखा जाए। हो सकता है कि ये परियोजनाएं आर्थिक पैमाने पर खरी न उतरती हों, परन्तु फिर भी वह पिछड़ेपन और गरीबी की मार झेलते क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए आवश्यक है। उनको इन परियोजनाओं की ज्यादा जरूरत है[r20]।

अब वक्त आ गया है कि उन्हें विकास में अपना हिस्सा मिलना चाहिए। मैं समझती हूं कि वह समय आ गया है जब हमारे अर्थशास्त्रियों और सामाजिक चिन्तकों को यह सोचना होगा कि गरीबों और पददलितों का उत्थान किसी भी समाज और सरकार का एक प्रमुख कल्याणकारी कार्य होना चाहिए और आर्थिक व्यावहारिता की पुरानी सोच के बदले सामाजिक व्यावहारिता की बात पर विचार किया जाना चाहिए। मैं समझता हूं कि इस सदन के माध्यम से ममता जी ने इस सदन को, सारी पोलिटीकल पार्टीज़ और देश को आह्वान किया है कि आने वाले दिनों में हमारी इस प्रकार से सोच होनी चाहिए। उन्होंने एक मानवीय चेहरे को सामने लाने की बात कही। यहां मुण्डे जी बैठे हैं, वे जानते होंगे कि हमारे महाराष्ट्र में एक बहुत बड़े संत हुआ करते थे, जिनका नाम संत तुका राम महाराज जी था। जिनसे शिवाजी महाराज ने भी प्रेरणा ली थी, उन्होंने कहा था - "जेका रंजले गांजले, क्यासी महणे जो आपुले, तोची साधु ओडखावा देव तेथेची ज़ानाव।" जो पिछड़े और उपेक्षित है, जिनके पास कुछ नहीं है, ऐसे लोगों को जो अपनाता है, वही साधु है और मैं समझता हूं कि वही ईश्वर की प्राप्ति है। आज से चार सौ साल पहले तुकाराम महाराज जी ने जो कहा था, मैं समझता हूं कि ममता बनर्जी जी ने उन्हीं कदमों पर चल कर काम करने की कोशिश की है।

माननीय अध्यक्ष महोदया, रेलवे पर हमें बड़ा गर्व है, यह कोई छोटा-मोटा अंडरटैकिंग नहीं है। वहां 14 लाख कर्मचारी काम करते हैं, 70 हजार किलोमीटर की रेलवे लाईन, कई स्टेशन और हर तरफ से डिमांड आती है कि मेरे यहां रेलवे लाईन लगनी चाहिए, रेल चलनी चाहिए। रेलवे की हमारे देश के विकास में बड़ी अहम् भूमिका है, इसलिए हर जगह से मांग आती है कि रेलवे लाईन बिछाओ और पिछड़ापन भगाओ। अपनी तरफ से लोग रेलवे लाईन की मांग करते हैं। अभी बात हो रही थी कि पिछले बजट में कुछ एनाउंस हुआ था, वह पूरा नहीं हुआ। एकाएक रेलवे लाईन नहीं बन जाती, ट्रेन शुरू नहीं होती, उसके लिए समय लगता है। सन् 2001 में जब एनडीए की सरकार थी तब

रेलवे की तरफ पूरे हिन्दुस्तानियों, देशवासियों का देखने का क्या रवैया था। घाटे में चल रही रेल और उसके लिए संसाधन जुटाने के लिए एक कमेटी का गठन हुआ था और तब रेलवे का प्राइवेटाइजेशन करने की बात चल रही थी। उस घाटे की रेल को फायदे में लाने का काम और कोई भी भाड़ा न बढ़ाने की बात यूपीए के पांच साल के शासन काल में आई।. लोगों का नज़रिया बदला गया। ...(व्यवधान) भाड़ा घटाया गया।...(व्यवधान) इसके लिए एक प्रतिबद्धता लगती है और प्रतिबद्धता ईमानदारी से आती है, कमिटमेंट से आती है और वह कमिटमेंट लगातार जारी है। अनंत कुमार जी यहां बैठे नहीं हैं, मैं उनसे कहना चाहूंगा, उनके साथी कृपया उन्हें समझा देंगे। वे बजट में कई बातें कह सकते थे, लेकिन उन्हें सिर्फ पोलिटीकल माइलेज़ लेना था, झगड़ा करने की बात थी। उन्होंने श्वेत-पत्र की बात की, वे जो पढ़ रहे थे।...(व्यवधान) उसके आगे भी पढ़ना चाहिए था, उन्होंने सिर्फ अपने मतलब की भाषा को पढ़ा, उसके बाद ...(व्यवधान)

श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह (मुंगेर): वह अच्छी बात बोले कि आप अच्छा काम कर रहे है, श्वेत-पत्र ला रहे हैं।...(व्यवधान)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन (भागलपुर): इन्हें तारीफ भी पसंद नहीं है।...(व्यवधान)

श्री विलास मुत्तेमवार : तारीफ ऐसी नहीं है। ...(व्यवधान) वे कह रहे थे।[S21]

14.00 hrs.[NR22]

> "I would like to assure the House that Railways will come out with a '**White Paper**' indicating its present organizational, operational and financial status based on its performance in the last 5 years and develop a Vision 2020 along with short terms and long terms strategy and plan of action to realise it."

आप यह पढ़ना भूल गए। श्वेत पत्र लाने की जो बात कही गई है, वह किसी को मद्देनजर रखते हुए या किसी को आइडेंटीफाई करने के लिए नहीं कही गई है। रेलवे को सुचारु रूप से चलाने के लिए जिस प्रकार से उन्होंने आर्थिक घोषणाएं की हैं, इस स्थिति में और क्या हो सकता है, इसके लिए वे श्वेत पत्र लाएंगी।

महोदया, यहां कई चीजों का जिक्र हो रहा था। मैं उसमें जाना नहीं चाहता हूं। मैं ममता जी की प्रशंसा करूंगा। सारे हिन्दुस्तान ने उनकी प्रशंसा की है। किसी बजट में कुछ ही प्रमुख बातें होती हैं। किसी में पांच होती हैं, किसी में 10 होती हैं और किसी में 15 होती हैं, लेकिन ममता जी के झोले से, जैसे वह जादू का झोला हो यानी उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए रेल बजट में 40 मुख्य बातें हैं। इनमें से क्या हाईलाइट करें, सभी बातें प्रमुख हैं। युवाओं के लिए स्पेशल रेल चलाने की बात कही गई है, वह भी एक मानवीय चेहरा है। महिलाओं के लि अर्बन रेल चलाने की बात कही, वह भी एक मानवीय चेहरा है। किसानों के लिए उन्होंने स्पेशल मालगाड़ी चलाने की बात कही, जिसमें रेफ्रिजरेटर की व्यवस्था होगी। जिस स्टेशन से वह गाड़ी चलेगी, उस स्टेशन पर रैफ्रिजरेटर की व्यवस्था होगी, ताकि किसानों को अपना माल लाने-ले जाने और उचित दाम पर बेचने का मौका मिलेगा। देश की जरूरतों को देखते हुए, ममता जी ने इन सारी चीजों को करने की कोशिश की है। इसके बावजूद भी इस बजट को क्रिटिसाइज करना, मैं समझता हूं कि ठीक नहीं है।

महोदया, रेलवे के 14 लाख एम्पलॉइज हैं। हमेशा यह देखा जाता है कि काम करने वाले लोग उपेक्षित रहते हैं। उनकी तरफ देखा नहीं जाता है। ममता जी ने 14 लाख कर्मचारियों की तरफ देखने का काम किया है। अभी अनन्त कुमार जी कह रहे थे कि स्टेडियम की जो बात कही गई है, उसकी क्या जरूरत थी, आउट सोर्सिंग कर सकते हैं। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि यह सारा उन कालोनियों में होगा, जहां रेलवे के एम्पलॉईज रहते हैं। ...(व्यवधान)

महोदया, 14 लाख कर्मचारियों के हित में, उनकी सुविधा का ध्यान रखते हुए, उन्होंने कई मुद्दों का जिक्र किया है, लेकिन आपको सिर्फ स्टेडियम दिखा। उनके बच्चों के लिए स्कूल बनाने की बात, उनके बच्चों को खेलने के लिए प्ले ग्राउंड बनाने की बात, उनके लिए अस्पताल बनाने की बात, उनके लिए घर बनाने की बात और वह भी हजारों की संख्या में, वह आपको नहीं दिखा। इसलिए मैं समझता हूं कि आपका संकुचित दायरा है और आप इस पर देश को गुमराह मत करिए।

महोदया, विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन बनाना, वक्त की जरूरत है। आज देश को अगर आगे ले जाना है और टूरिज्म का विकास करना है, तो विश्वस्तरीय स्टेशन बनाने होंगे। अब तक क्यों नहीं बने, उस डिटेल में मैं नहीं जाना चाहता हूं और उसकी क्या हकीकत है, उसमें भी मैं नहीं जाऊंगा। क्या नहीं बनने चाहिए? मैं कहता हूं कि बनने चाहिए। ममताजी ने इसे आईडेंटीफाई किया और 26 से 50 रेलवे स्टेशनों को विश्वस्तरीय बनाने का निर्णय लिया गया है। यह वक्त की जरूरत है। यह काम भी पब्लिक-प्राइवेट पार्टीसिपेशन में होने वाला है। रेलवे की जमीन पर, रेलवे स्टेशन को अपग्रेड करने का काम, उसे वर्ल्ड क्लास का बनाने का काम करने का सोचा गया है। इसका पूरे देश ने स्वागत किया है और हम सब को भी इसका स्वागत करना चाहिए। इसकी तरफ ध्यान देने की बात ममता जी ने की है। एक तो उन्होंने 50 मैट्रो स्टेशन बनाने की बात कही, दूसरी आदर्श स्टेशन बनाने की बात कही। मैं समझता हूं कि इन सारी चीजों को इस देश की जरूरत है। हमारे पैसेंजर जिस हालत में चलते हैं, उन्होंने उनको सहूलियतें देने की बात कही है।

अध्यक्ष महोदया, रेलवे की जमीन के बारे में, हमेशा से यह बात चल रही है। रेलवे के जो आयाम और कार्यक्रम ममता जी ने प्रस्तुत किए। उसके लिए जमीन का उपयोग होगा, क्योंकि और संसाधन जुटाने होंगें, हमारे पास फ्रेट से 67 परसेंट धन आता है, प्रवासी भाड़े से 25 परसेंट और बाकी और स्रोतों से मिलता है। [RPM23] इससे हमारी कोई बचत नहीं होती। जितना पैसा आता है, उतना ही चला जाता है। केवल तीन प्रतिशत पैसा विकास कार्यों पर खर्च होता है, जिसमें नई रेलवे लाइन बिछाने का काम ...(व्यवधान) नैरोगेज से ब्रॉडगेज करने का काम भी शामिल है। इसके लिए पैसे की जरूरत है। उसके लिए हमारे पास एक प्रीमियम वाली लैंड है, मैट्रो शहरों में बड़ी लैंड है और

जगह-जगह पर रेलवे की लैंड है। एक तो उस पर अतिक्रमण हो रहा है, जो समाजकंटक हैं, वे लोग उस पर अतिक्रमण करते हैं, क्योंकि उस जमीन का उपयोग नहीं होता। उस जमीन का उपयोग होने के हिसाब से भी इस कार्यक्रम में इस लैंड का बैंक बनाकर उसका उपयोग कैसे हो, उस पर उन्होंने बात कही है। वह भी आनन-फानन में नहीं कही, उसके लिए एक समिति बनेगी, वह उसकी इकोनोमिक वायबिलिटी को टैस्ट करेगी। उसके बाद ही उस जमीन का विकास करने की बात इस बजट में उन्होंने कही है।

समर्पित माल यातायात गलियारा (फ्रेट कोरीडोर) - मैं समझता हूं कि यह एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आने वाले दिनों में रेलवे द्वारा होने वाला है। पहले भी इस प्रकार का कार्यक्रम जाहिर हुआ, अभी उसको डायमंड फ्रेट कॉरीडोर भी बोला गया है। इसकी तरफ ध्यान देने की जरूरत है। अभी इसकी शुरूआत हो रही है, अभी यह प्राथमिक अवस्था में है। मैं रेल मंत्री जी से केवल एक ही आग्रह करूंगा कि जो भी इस तरह के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम हैं, वे टाइम बाउंड फेज़ में होने चाहिए। टाइम बाउंड फेज़ में नहीं होने की वजह से उनकी कीमत बढ़ती है और लोगों का भी उसके प्रति जो आकर्षण है, वह कम हो जाता है और जिसके लिए हमने यह बनाया है, उसका उस प्रकार से उपयोग नहीं होता। मेरा आग्रह है कि वे इस गलियारे की तरफ ध्यान दें और टाइम बाउंड प्रोग्राम के हिसाब से इस पर वे अमल करायें।

जैसा कि मैंने अभी भी कहा है कि रेलवे के अपने सीमित साधन हैं, जो फ्रेट में और प्रवासी भाड़े से आते हैं, वे अपर्याप्त हैं। हर बार इस प्रकार संसाधनों से विकास की कोशिश हो रही है। सारे लोगों ने इस बजट को देने के लिए ममता जी की प्रशंसा की है। कुछ अच्छे, कंक्रीट सजेशन भी आए हैं, उसमें उन्होंने कहा है कि अगर कुछ परसेंट इन भाड़ों में वृद्धि भी होती है, भाड़ा बढ़ाया जाता है तो भी उससे किसी पैसेंजर पर या फ्रेट पर आघात नहीं होता। यह लोगों की मानसिकता भी है, क्योंकि लोगों को विकास चाहिए, लोगों को अच्छी ट्रेन चाहिए, लोगों को द्रुत गति से चलने वाली ट्रेन चाहिए और उसके लिए अगर कुछ बढ़ाया जाता है तो मैं समझता हूं कि उसमें कोई गलत बात नहीं है और उस दिशा में अगर प्रयत्न होते हैं तो देश उसका समर्थन करेगा।

मैं ममता जी का इसलिए भी धन्यवाद करूंगा कि उन्होंने केवल 25 रुपये में सौ किलोमीटर तक असंगठित कामगारों को चलने के लिए एक मंथली पास देने की घोषणा की है। मैं समझता हूं कि पूरे देश ने उसका स्वागत किया है। जैसा कि मैं कह रहा था कि यह इस बजट का मानवीय चेहरा है। पहली बार इस प्रकार से उन लोगों को न्याय देने का काम किया है और मानवीय चेहरे को पहचानने का काम किया है।[R24] जिनकी आय 1,500 रूपए है, उन लोगों को यह सहूलियत प्राप्त होगी। अध्यक्ष महोदया, ऐसे कई आयाम हैं। इन्होंने नयी ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। कुछ लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो ...(व्यवधान)

श्री शरद यादव (मधेपुरा): आप विदर्भ के हैं, एक बार मेरी बात सुन लें, आपके काम की बात है। अध्यक्ष महोदया, ये विदर्भ के हैं और महाकौशल से जुड़ने वाली गोंदिया और जबलपुर की लाइन आपसे विस्मृत हो गयी। कितने वर्षों से उसका काम चल रहा है, लेकिन वह पूरा नहीं हुआ। ...(व्यवधान)

श्री विलास मुत्तेमवार : मैड 57म, नयी ट्रेनें चलाने की बात कही गयी है। मैं समझता हूं कि सासंद लोगों को आवाहन भी किया है कि अगर कहीं संभावना हो सकती है, तो उनके क्षेत्र में भी नयी ट्रेनें चलायी जाएंगी। शाहनवाज जी को इस बात से खुश होना चाहिए कि अभी तक विद्यार्थियों को रेलवे द्वारा जो कंसेशन दिया जाता था, उसमें हमारे मदरसे छूट गए थे, लेकिन इस बार उन्होंने मदरसों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को भी स्टूडेंट कंसेशन दिया। आप उसकी चर्चा नहीं करते हैं। माइनोरिटीज को, हमारे अकलियतों को आपसे बड़ी अपेक्षा है, लेकिन आप उसकी चर्चा नहीं करते। आप जाकर पूछिए, उनके दिल में कितनी इज्जत यूपीए और ममता जी के लिए बढ़ गयी है। उन्होंने पहली बार मदरसों में पढ़ने वाले लड़कों को यह सुविधा दी है।

हमारे पत्रकार भाइयों को पहली बार एक सौगात मिली है। उन लोगों को हिंदुस्तान में अपना काम करने के लिए 50 प्रतिशत कंसेशन दिया गया है। वे अपने साथ एक बार अपने स्पाउस को अपने पति या पत्नी को भी ले जा सकते हैं। इस घोषणा का पत्रकार जगत ने स्वागत किया है। मैं रेलवे मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि इस दायरे को थोड़ा बढ़ाने की जरूरत है। जहां आपने पति या पत्नी को रेलवे पास का सहयोग दिया है और उसको मंजूर किया है, तो मेरा निवेदन है कि जिनके दो बच्चे हैं, उनको भी यह सुविधा मिले, क्योंकि जब पति-पत्नी ट्रेवेल करेंगे, तो बच्चों को छोड़कर नहीं करेंगे, इस वजह से आपका जो कंसेशन है, वह अधूरा रह जाएगा।

महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए कमांडोज की नियुक्ति करना - मैं समझता हूं कि यह कदम बड़ा सराहनीय है। रेलवे में ट्रेवेल करते वक्त, असुरक्षा की मानसिकता बनती जा रही है, लेकिन इस दिशा में यह पहल अच्छी हुयी है। मैं समझता हूं कि कमांडोज की जरूरत है और वह होना चाहिए। लंबी दूरी की जो ट्रेन्स हैं, पहली बार हर ट्रेन में डाक्टर की नियुक्ति करने का जो निर्णय है, मेरे विचार से बहुत आवश्यक था। कई बार एक्सीडेंट्स हुए, किसी की तबियत खराब हुयी, किसी को मेडिकल असिस्टेंस की जरूरत हुयी, लेकिन उन लोगों को मेडिकल असिस्टेंस न मिलने की वजह से अपनी जान गवानी पड़ी। यह सुविधा होने से ऐसे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। मुश्किल-आसान नामक मोबाइल टिकट सेवा वैन की शुरूआत - मैं समझता हूं कि इससे भी लोगों को बड़ी राहत मिली है। [p25]

पांच हजार डाकघरों से भी टिकट बुकिंग की सुविधा - यह एक अच्छी घोषणा है। मोबाइल और टेलीफोन का नेटवर्क काफी बढ़ गया है जिससे अब बहुत कम लोग पत्र लिखकर डाकघरों का उपयोग करते हैं। अगर पोस्ट ऑफिस में भी इस प्रकार की सेवा शुरू हो जाती है, तो मैं समझता हूं कि पोस्ट ऑफिस के कर्मचारी इसका स्वागत करेंगे।

दो घंटे से अधिक यात्रा अवधि वाली ट्रेनों में पहले शौचालयों की व्यवस्था नहीं थी, लेकिन आने वाले दिनों में इस प्रकार की व्यवस्था करने का ऐलान भी एक अच्छा कदम है।

दो सौ स्टेशनों पर स्वचालित टिकट वैंडिग सुविधा, लम्बी दूरी की इंटर सिटी गाड़ियों में आन-बोर्ड सूचना एवं मनोरंजन सेवाएं, तीर्थ क्षेत्रों, पर्यटन स्थलों और औद्योगिक केन्द्रों में पचास रेलवे स्टोशनों पर बहूउद्देशीय परिसरों का निर्माण - मैं समझता हूं कि इस रेलवे बजट की ये

विशेषताएं हैं। इसे एक अच्छे परिप्रेक्ष्य में लेना चाहिए। यह विकासोन्मुख, रेलवे का संसाधन बढ़ाने वाला और रेलवे को आगे ले जाने वाला बजट है। इसलिए सबको इसका स्वागत करना चाहिए।

जैसे ममता जी ने खुले दिल से सबको कहा है कि यदि कुछ रह गया हो तो वे उसका समावेश करने की पूरी कोशिश करेंगी। महाराष्ट्र, विशेषकर मुम्बई जहां से 80 लाख लोग रोज लोकल ट्रेनों में जाते हैं और मुम्बई से एक-तिहाई रिवैन्यू आता है, लेकिन उसकी तरफ इस बार रेलवे बजट में ध्यान नहीं दिया गया है। कुछ प्रोजैक्ट्स बहुत दिनों से चल रहे हैं, मेरे कुछ साथी उस बारे में अपनी बात उठाएंगे। कुछ प्रोजैक्ट्स के लिए जो प्रोवीजन किया गया है, वह भी बहुत कम है। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि मुम्बई की उपेक्षा न हो। मुम्बई को कुछ ट्रेनें देने का काम हुआ है, लेकिन वे अपर्याप्त हैं। हर कोई मुम्बई जाना चाहता है।...(व्यवधान) मुम्बई में हर रोज उत्तर प्रदेश, बिहार, उड़ीसा और देश के दूसरे कोनों से पांच से सात लाख लोग आते हैं। वहां के लिए और ट्रेनें बढ़ाने की जरूरत है। वहां दो से तीन स्टेशनों के विस्तारीकरण का प्रोजैक्ट चल रहा है। उस पर भी ध्यान देने की जरूरत है। मुम्बई की उपेक्षा न हो, इस तरफ आपका ध्यान जाए, ऐसी मेरी आपसे अर्ज है। महाराष्ट्र में पुणे, औरंगाबाद, अमरावती, नागपुर की तरफ भी ध्यान देने की जरूरत है।

मैं आपका आभारी हूं कि आपने नए प्रस्ताव में जो पिछली बार लालू जी ने नागपुर को वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन की लिस्ट में समावेश किया था। आने वाले दिनों में यह वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन उभरकर आए, उसके लिए आप उसे प्रॉयरिटी में लेंगे, क्योंकि नागपुर देश का हृदयस्थल है। आप जो फ्रेट कॉरीडोर की बात कर रहे हैं, लॉजिस्टिक की बात कर रहे हैं, उसमें यदि नागपुर को एक लॉजिस्टिक हब बनाएंगे, जैसे वहां इंटरनेशनल कारगो और पैसेंजर हब बन रहा है, वर्ल्ड क्लास हब वहां बन रहा है, अगर वहां रेलवे का हब बनता है तो वह नागपुर के लिए नहीं, विदर्भ के लिए नहीं, महाराष्ट्र के लिए नहीं बल्कि देश के लिए बहुत उपयुक्त होगा। मेरा आग्रह है कि इस दिशा में भी प्रयत्न किए जाएं। इसके साथ ही देश की जितनी मैट्रो सिटीज़ है, जैसे मुम्बई, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई, अहमदाबाद, बंगलौर, हैदराबाद, इन शहरों को नागपुर से सीधा जोड़ने के लिए आज तक केवल मुम्बई के सिवाए वहां दूसरी कोई ट्रेन नहीं है। मैं समझता हूं कि इसकी बहुत जरूरत है। नागपुर बहुत तेजी के साथ बढ़ रहा है। ममता जी, आप उस तरफ भी देखेंगी और नागपुर से मुम्बई के लिए, नागपुर से दिल्ली के लिए, नागपुर से चेन्नई के लिए, हैदराबाद, बंगलौर के लिए सीधी ट्रेन चलाने की कोशिश करेंगी।[NB26]

नागपुर में जो वहां वर्ल्ड क्लास स्टेशन बनने जा रहा है। मैंने पिछली बार भी आग्रह किया था और इस बार भी आग्रह करता हूं कि हमारे अजनी स्टेशन को वर्ल्ड क्लास रेलवे के रुपए विकसित किया जाये। दूसरा, मैं वित्त मंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूं। जैसा कि मैं कह रहा था कि संसाधन जुटाना इतना आसान काम नहीं है और उसके लिए इफ्रास्ट्रक्चर प्रौजेक्ट और ब्रिज को फुलफिल करने के लिए टैक्स फ्री बांड देने की घोषणा वित्त मंत्री ने की है, जो आपके प्रयास से साधक होगी।

ममता जी, मेरा आपको एक सुझाव है कि आपने युवाओं की बात की, युवाशक्ति की बात की, तो युवा शक्तियों को देश के विकास में जोड़ने का प्रयास होने चाहिए और उसमें रेलवे मंत्रालय बहुत बड़ी भूमिका निभा सकता है। मैं आपको साइबेरिया का एक उदाहरण देना चाहता हूं। वर्ष 1980 में एक डेलीगेशन में मुझे अर्मेनिया, रशिया में जाने का मौका मिला था। मैंने देखा कि साइबेरिया में दो हजार किलोमीटर की रेलवे लाइन बन रही है। वहां माइनस छः और सात टेप्रेचर के बीच युवाओं को आह्वान किया गया कि आप वहां आकर काम करें और इस रेलवे लाइन को पूरा करें। उन युवाओं ने वहां उस दो हजार किलोमीटर रेलवे लाइन को पूरा करने का काम किया और उन लोगों को सर्टीफिकेट दिया गया कि देश के लिए आपने यह काम किया है। मैं समझता हूं कि आज हमारे देश में ऐसे युवाओं की कोई कमी नहीं है, जो देश के लिए योगदान देना चाहते हैं। कई बार जब देश भक्ति की बात होती है, तो युवाओं को मिलिट्री की ट्रेनिंग देने की बात की जाती है। हम गांधी जी के सिद्धांत पर चलने वाले, शांति और अहिंसा में विश्वास रखते हैं। हम आतंकवाद का विरोध करते हैं। मैं समझता हूं कि युवाओं को ऐसी प्रवृत्ति से रोकने के लिए हम अगर ऐसी विधायी शक्तियों द्वारा उनका उपयोग करें, तो यह कारगर कदम होगा और मुझे आशा है कि उसके लिए आप कोशिश करेंगी, क्योंकि इस दिशा में बहुत पोटेंशियल है।

इसी के साथ, मैं ममता जी का फिर अभिनंदन करता हूं और अपेक्षा करता हूं कि उन्होंने जो भी बातें इस बजट में कही हैं, एक इरादा तो उन्होंने व्यक्त किया है, कम समय में ये सारी बातें करने के लिए उन्होंने कहा है। उनका इरादा और जिस प्रकार से उनका स्वभाव है, वे पश्चिम बंगाल से आती हैं, पश्चिम बंगाल एक क्रान्तिकारी राज्य है और उस क्रान्तिकारी प्रदेश से क्रान्तिकारी बजट देने का काम और इस देश में रेलवे के माध्यम से क्रान्ति करने का काम ममता जी करेंगी, इस विश्वास के साथ उनको शुभकामना देते हुए और आपका आभार करते हुए, मैं अपना भाषण समाप्त करता हूं।

MADAM SPEAKER: I have a list of more than 80 speakers to speak on the Railway Budget. Those who want to lay their written speeches on the Table of the House, they may do so. Their written speeches will be included in the Proceedings of the House.

श्री रेवती रमन सिंह (इलाहाबाद): माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे रेलवे बजट पर बोलने का मौका दिया।

14.24 hrs.

(Mr. Deputy Speaker in the Chair)

मान्यवर, रेलवे बजट को मैंने बहुत गौर से पढ़ा और देखा है। वैसे तो रेलवे बजट में पूरे देश के स्टेशन्स, रेलवे लाइन्स आदि बहुत सारी बातें की गयी है, लेकिन एक परम्परा सी बन गयी है कि जो मंत्री जिस प्रदेश का होता है, कुछ तो स्वाभाविक भी है, लेकिन यह देखा गया है कि ज्यादातर काम उधर ही होने लगता है।[MSOffice27]

लालू जी बिहार से हैं, इन्होंने भले ही पटना को एक वर्ल्डक्लास स्टेशन नहीं बनवाया हो, लेकिन जब मैं पटना गया तो मैंने वहां देखा कि प्लेटफार्म्स पर इन्होंने संगमरमर लगवाने का काम किया है। ऐसा शायद पटना के अलावा किसी अन्य रेलवे स्टेशन पर नहीं हुआ है। मैं पटना तक गया हूं, मैंने पटना में देखा है और उसी के बारे में बता रहा हूं। बहुत-सी जगहें मैंने देखी हैं जहां पर ऐसा नहीं है, जैसे दिल्ली में भी संगमरमर नहीं लगा है, जो कि देश की राजधानी है, लखनऊ में नहीं है, इलाहाबाद में नहीं है। मेरा कहना यह है कि कोई भी काम इस तरह से होना चाहिए कि वह पूरे देश में परिलक्षित हो।

इस रेलवे बजट में जहां ममता जी ने कई नई ट्रेन्स चलाने की घोषणा की है, मैं उसका स्वागत करता हूं। अभी माननीय सदस्य श्री अनन्त कुमार जी कह रहे थे कि तुरन्ता शब्द का मतलब बहुत खराब होता है। उन्होंने पता नहीं किस डिक्शनरी में यह मीनिंग देखी है। मेरी जानकारी में तुरन्ता शब्द का अर्थ है जो तुरन्त होता है, फौरन या जल्दी से होता है। लेकिन जो कुछ मिलना चाहिए वह किसी प्रदेश की आबादी और क्षेत्रफल के हिसाब से मिलना चाहिए। लालू जी ने जो कुछ किया था उसमें से कितना क्रियान्वित हुआ है, यह मैं नहीं जानता हूं, लेकिन हमने देखा है कि उत्तर प्रदेश और बिहार को जो मिलना चाहिए, वह नहीं मिला है। मैं उत्तर प्रदेश और बिहार पर आने से पहले, आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि अगर हम दुनिया के अन्य देशों से अपनी रेलवे का मुकाबला करें तो हमें समझ में आएगा कि हम कहां हैं। मैं अमेरिका और यूरोप की बात नहीं कर रहा हूं, मैं पूर्वी एशिया की बात कर रहा हूं जहां पर चीन, कोरिया, जापान और मलेशिया जैसे तमाम ऐसे देश हैं जहां रेलवे चलती है। वर्ष 1967 में राजधानी ट्रेंस चलाई गयी थीं। तब राजधानी ट्रेन्स की स्पीड 135 किलोमीटर प्रति घण्टा होती थी। आज वर्ष 2009 में, 21वीं सदी में भी हमारे यहां सबसे तेज चलने वाली ट्रेन राजधानी ही है जो अभी भी 135 किलोमीटर प्रति घण्टे की स्पीड से चलती है। अगर चीन में देखें तो वहां बुलेट ट्रेन्स 250-300 किलोमीटर प्रति घण्टे की स्पीड से चलती हैं, ऐसी ही ट्रेन्स कोरिया और जापान में भी चलती हैं। हमारे देश में इतना लम्बा अंतराल बीत गया। ठीक है कि ऐसी ट्रेन्स एक साथ पूरे देश में नहीं चलाई जा सकती हैं, तो क्यों नहीं हम छोटी-छोटी दूरियों के लिए ऐसी ट्रेन्स चलाएं - जैसे अगर मुंबई के लिए ऐसी ट्रेन न चल पाए तो 100 किलोमीटर, 150 किलोमीटर या 200 किलोमीटर तक ऐसी ट्रेन्स चलनी चाहिए। लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई प्रयास दिखाई नहीं देता है। यह इतना बड़ा देश है। रेलवे का मुकाबला हवाई जहाज से है। लोग हवाई जहां से यात्रा न करें, ट्रेन से यात्रा करें, उसके लिए जब तक हम ट्रेन्स की रफ्तार नहीं बढ़ाएंगे, सुविधाएं नहीं बढ़ाएंगे, तब तक कोई क्यों ट्रेन से यात्रा करेगा? [r28] कोई भी उद्योगपति या जो बड़े लोग हैं, वे ट्रेन के बजाए प्लेन को प्रेफर करते हैं। मैं चाहूंगा कि आप देश में कहीं भी बुलेट ट्रेन चलाने का एक एक्सपैरिमेंट करें। पता नहीं क्यों इस सम्बन्ध में कोई कार्रवाई नहीं की गई और क्या इसमें दिक्कत है। इस काम के लिए लाइन को अपग्रेड करना पड़ेगा, प्लेटफार्म के साथ लाइन को इस हिसाब से बनाना पड़ेगा कि उसके बीच में कोई अवरोध पैदा न हो, लेकिन इस बारे में कोई प्रयास तो होना चाहिए। मैं समझता हूं कि इस बारे में अभी तक कोई प्रयास नहीं किया गया है। पता नहीं 21वीं सदी में भी भारत में बुलेट ट्रेन चलेगी या नहीं, इसका कोई अंदाजा नहीं है और न ही इस बारे में कोई घोषणा की गई है।

उपाध्यक्ष जी, मैं यह भी कहना चाहूंगा कि आपने विद्युतीकरण का काम किया है, लेकिन अभी भी बहुत बाकी है। विद्युतीकरण होने पर प्रदूषण नहीं फैलता, जो डीजल और कोयले से चलने वाले इंजनों से पैदा होता है। वैसे अब देश में कोयले से इंजन नहीं चलते, लेकिन डीजल इंजन अभी तक चल रहे हैं और उससे प्रदूषण भी होता है। इसी तरह से आप स्टेशंस की हालत देखें। जैसा लालू जी ने कहा कि कभी हो नहीं पाएगा, अगर नहीं हो पाएगा तो फिर घोषणा क्यों की जाती है। इसलिए इस तरह की घोषणा नहीं हो तो बेहतर होगा। अगर उस पर अमल होना है तो वह कब तक होगा, आदर्श स्टेशन और विश्वस्तरीय स्टेशन बनाने की कोई समयसीमा नहीं दी गई है। आपने इलाहाबाद को आदर्श स्टेशन और विश्वस्तरीय स्टेशन बनाने की श्रेणी में नहीं रखा है। इलाहाबाद बहुत महत्वपूर्ण स्टेशन है। उसने देश को पांच-पांच प्रधान मंत्री दिए हैं, लेकिन मुझे अफसोस है कि इलाहाबाद को न तो आदर्श स्टेशन और न ही विश्वस्तरीय स्टेशन बनाने की श्रेणी में रखा गया है। पता नहीं यह कहां फंसा है, इसकी मैं विवेचना या व्याख्या नहीं करूंगा। मैं इतना जरूर कहना चाहूंगा कि इलाहाबाद संगम की नगरी है। पूरे देश से हर साल माघ के मेले में लाखों यात्री आते हैं। जब कुम्भ का मेला लगता है, तब यहां करोड़ों लोग आते हैं। दुनिया का ऐसा कोई देश नहीं है, जहां से लोग यहां न आते हों। मैं चाहूंगा कि इलाहाबाद के स्टेशन को अंतर्राष्ट्रीय स्टेशन बनाया जाए। आपने इलाहाबाद स्टेशन को बहुउद्देशीय बनाने की बात कही है, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। इलाहाबाद में फाफामऊ से लेकर इलाहाबाद जंक्शन तक आपने डबल लाइन की बात कही है, उसके लिए भी मैं आपको धन्यवाद देता हूं। अगर यही रेल लाइन आगे जबलपुर तक जाए और उसका विद्युतीकरण कर दिया जाए तो उससे आवागमन की बहुत सुविधा होगी।

मैं रेल मंत्री जी से यह भी कहना चाहता हूं कि अगर बनारस से इलाहाबाद, इलाहाबाद से रायबरेली रेल लाइन को भी डबल कर दिया जाए तो ग्रांड ट्रंक की रेलगाड़ियों को काफी सुविधा होगी, क्योंकि अभी वह ट्रैक ओवर लोडेड हो जाता है, चोक्ड हो जाता है। डबल लाइन होने से रेलगाड़ियां वहां से जाने लगेंगी, लेकिन उस काम पर कोई प्रोग्रेस नहीं हुई है और न ही आपने उसकी कोई घोषणा की है। इलाहाबाद-लखनऊ के बीच मात्र 200 किलोमीटर की दूरी है, लेकिन यह यात्रा करीब साढ़े पांच घंटे में पूरी होती है। अगर आप इसे कर देंगे तो करीब दो-सवा दो घंटे में लोग इलाहाबाद से लखनऊ पहुंच सकते हैं। इलाहाबाद से कानपुर के बीच एक इंटरसिटी चलाई जाए, क्योंकि इलाहाबद से बहुत से लोग कानपुर जाते हैं, इससे उन्हें बहुत सुविधा हो जाएगी। [R29]

मान्यवर, उसी तरह से रेलवे ओवरब्रिज रामबाग का काम है, जिसकी घोषणा माननीय लालू जी ने की थी और कहा था कि हम पैसा दे रहे हैं, लेकिन वह आज तक नहीं बना है, क्योंकि उत्तर प्रदेश सरकार ने मैचिंग ग्रांट नहीं दी। माननीय विजय बहादुर जी यहां बैठे हैं जो इलाहाबाद से ही हैं, हमीरपुर से एमपी हैं, ये अपनी सरकार पर दबाव डालें कि अपना मैचिंग ग्रांट दे दें तो नीचे से आने-जाने दोनों का रास्ता बन जाएगा।

उपाध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य, आपके बहुत से लोग बोलने वाले हैं, इसलिए अब समाप्त करें।

श्री रेवती रमन सिंह : मान्यवर, हम समाजवादी पार्टी की तरफ से बोल रहे हैं, आप मना करेंगे तो हम बैठ जाएंगे।

उपाध्यक्ष महोदय : हम मना नहीं कर रहे हैं, हम बता रहे हैं कि आपके दो-तीन आदमी और हैं। अगर अकेले आपको बोलना है तो हमें कोई एतराज नहीं है।

श्री रेवती रमन सिंह : हमें बोलने दीजिए। आप पहले बता देते कि आप एक मिनट में खत्म कर दीजिए तो हम एक मिनट में समर्थन करके बैठ जाते। मान्यवर, हम पहली बार ऐसा देख रहे हैं। अभी तो हम उपनेता हैं, पहले जब नहीं थे तब भी 15-15 मिनट बोले हैं, आप रिकार्ड निकालकर देख लीजिए।

उपाध्यक्ष महोदय : हम आपको मना नहीं कर रहे हैं। समय के हिसाब से आपके 15 मिनट हैं। अगर आपको और लोगों को बुलवाना है तो अभी भाषण समाप्त करना होगा, अकेले बोलना है तो हमें कोई एतराज नहीं है। समय आपका बहुत है।

श्री रेवती रमन सिंह : मान्यवर, आपने कह दिया, बहुत है। इस पर दो दिन चर्चा होनी है और 10 घंटे का समय रखा गया है। आप उपाध्यक्ष हैं, आप देख लें, आपको समय बांटने में ज्यादा सहूलियत होगी। मान्यवर, इलाहाबाद की उपेक्षा न करें। कुछ सुझाव भी मैं अपनी तरफ से देना चाहता हूं। माननीय मंत्री जी जब सब सदस्यों के सुझावों को देखेंगे, तो मेरे सुझावों से उन्हें सुविधा होगी।

मान्यवर, टीएसएल पब्लिक सेक्टर की कंपनी है। उसमें पहले मालगाड़ी के वैगन्स की मरम्मत तथा मालगाड़ी के पहिये बनाए जाते थे। लेकिन 20 सालों से उसे काम नहीं दिया जा रहा है जबकि वही काम निजी क्षेत्रों को दिया जा रहा है। इस कारण वह बीमारू हो गयी है। मैं माननीय ममता जी से चाहूंगा और यहां माननीय राज्य मंत्री जी भी बैठे हुए लिख रहे हैं, उनके माध्यम से कहना चाहता हूं कि उन्हें काम दे दीजिएगा। अगर टीएसएल को मालगाड़ी का डिब्बा और पहिया बनाने का काम दे दिया जाय, ज्यादा न भी दें, अगर 40 प्रतिशत भी दे दें तो फिर से यह पब्लिक सेक्टर कंपनी रिवाइव हो जाएगी। इस कंपनी को स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी ने लगवाया था जोकि कांग्रेस के प्रधान मंत्री और रेल मंत्री रहे हैं। मुझे याद है कि वही एक रेल मंत्री हैं जिन्होंने रेल एक्सीडेंट होने पर इस्तीफा दिया था। मैं चाहता हूं कि इसके बारे में भी आप विचार करेंगे और टीएसएल को रिवाइव कराने का काम करेंगे।

इलाहाबाद के रामबाग रेलवे स्टेशन का ज्यादा उपयोग नहीं हो पा रहा है, वहां 4-6 ट्रेन्स आती है, हम चाहते हैं कि इसका उपयोग किया जाए जिससे इलाहाबाद जंक्शन पर ट्रेनों की ज्यादा भीड़ न हो। जम्मू, मुम्बई, मद्रास, हैदराबाद, बंगलौर और अहमदाबाद के लिए इलाहबाद से सीधी ट्रेन चलाने की भी मैं मांग करता हूं। जबलपुर से इलाहाबाद की रेलवे लाइन का विद्युतीकरण हो जाए तो इससे भी फास्ट लाइन मुम्बई तक जाने की व्यवस्था हो जाएगी।

चित्रकूट लाइन का दोहरीकरण बांदा तक कर दिया जाए तो आम लोगों को बहुत फायदा होगा। लोडिंग-अनलोडिंग सेंटर का प्रस्ताव अभी जो माननीय रेल मंत्री जी ने रखा है उसमें इलाहाबाद को लोडिंग-

अनलोडिंग की व्यवस्था के लिए नहीं कहा गया है। [r30] मैं चाहूंगा कि इसकी भी व्यवस्था जरूर हो जानी चाहिए।

महोदय, थर्ड कोरीडोर बनाने की बात की जाती है। लालू जी की इसने घोषणा की थी। ममता जी ने भी इसकी बात कही है। यह थर्ड कोरीडोर कब तक बनकर तैयार हो जाएगा? इसका लक्ष्य कहां से कहां तक का है? इसके बारे में क्या आप कुछ बताएंगी? क्योंकि हर बार इसका उद्धरण देकर मेंशन कर देते हैं, थर्ड कोरीडोर। आज भी 67 फीसदी पैसा माल भाड़े से प्राप्त होता है। लेकिन उसे पूरा करने का क्या लक्ष्य है? वह कितने समय में पूरा होगा? इसकी भी चर्चा होनी चाहिए थी। बजट में इसका कोई उल्लेख नहीं है।

महोदय, गुना से इटावा की रेल माधवराव सिंधिया जी ने बीस वर्ष पहले शुरू की थी। रेलवे में एक परम्परा और है कि जो भी मंत्री आता है, वह कई रेलवे लाइनों की घोषणा कर देता है। लेकिन उनमें से कोई भी नहीं बनती है। जिन रेलवे लाइनों पर कार्य प्रारम्भ हो चुका है, पहले उन्हें पूरा किया जाना चाहिए। आप नई की घोषणा कीजिए, लेकिन पहले की घोषित लाइनों को भी पूरा करवाना चाहिए।

महोदय, रेलवे में खान-पान की व्यवस्था ठीक करवाई जानी चाहिए। रेल में बहुत ही खराब खाना मिलता है। कम से कम गरम खाना तो दिया जाना चाहिए। स्टेशनों पर खुली थाली में खाना मिलता है। जिस पर मक्खियां भिनभिनाती रहती हैं और कुत्ता भी मुंह मार लेता है। उस खाने को ढक कर दिया जाना चाहिए और गरम-गरम दिया जाना चाहिए। आपने खाने के बारे में कहा है, लेकिन वह तो देखने के बाद ही पता लगेगा कि वह कैसा होगा?

महोदय, पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम आजाद जी ने इटावा से मसूरी तक की रेलवे लाइन का उदघाटन किया था। इसी तरह से ललितपुर, सतना, रीवा, सिंगरौली, महोबा और खजुराहो की रेल लाइनों पर कार्य की गति बहुत धीमी है। इसको तेजी से बनाया जाए। मेरे भाषण में अन्य प्रस्ताव भी हैं, जिनको मैं आपकी आज्ञानुसार सभा पटल पर रखता हूं।

उपाध्यक्ष महोदय : आज्ञा नहीं है, आग्रह है।

श्री रेवती रमन सिंह : आप उपाध्यक्ष हैं, इसलिए मेरी यह जिम्मेदारी बनती है कि आपकी बात को उचित सम्मान दिया जाए। इसलिए आपकी बात मानते हुए मैं अपनी पार्टली स्पीच सभा पटल पर रखता हूं।

ओ हर वर्ष की भॉति इस वर्ष भी जब इस सदन में रेलवे बजट प्रस्तुत किया गया तो अनेक लोक लुभावन घोषणाएं की गयीं । मैं समझता हूं पिछले कई रेल मंत्रियों की घोषणाओं की अगर समीक्षा की जाए तो हम यह पायेंगे कि उन घोषणाओं में से आधी पर अमल नहीं हुआ है । यहां तक कि इससे पहले ममता जी जब रेल मंत्री थीं तो उस वक्त की प्रस्तावित योजनाएं भी अभी तक पूरी नहीं हो सकीं । पूरे देश में रेलवे की इतनी योजनाएं अधूरी हैं कि जिनको पूरा करने के लिए बहुत बड़ी धनराशि की आवश्यकता होगी । अगर रेल मंत्री इन अधूरी योजनाओं को ही पूरा कर दें तो देश की जनता का बहुत बड़ा कल्याण हो सकता है ।

यहां मैं केवल उत्तर मध्य रेलवे की कुछ योजनाओं का जिक्र करना चाहूंगा जिन पर लम्बे अरसे से काम चल रहा है । लागत निरन्तर बढ़ रही है लेकिन योजना पूरी नहीं हो पा रही है । कारण यह है कि इन योजनाओं को पूरा करने के लिए जितना धन आवंटित किया जाना चाहिए, वह नहीं किया जा रहा है । रेल मंत्री जी अपने क्षेत्र के लिए, अपने राज्य के लिए नई योजनाएं लाये हैं इसमें कुछ भी बुरा नहीं है ।

लेकिन उनके मन के एक कोने में यह भी होना चाहिए कि वे पूरे भारत की रेल मंत्री हैं । ममता जी ने भी बहुत सारी घोषणाएं की हैं लेकिन उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य की घोर उपेक्षा की गई है । पुरानी योजनाओं को भी बहुत कम राशि आबांटित की गयी है और नई योजनाओं में भी उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी न के बराबर है । मैं यहां कुछ उदाहरण देना चाहूंगाः-

गुना-इटावा रेल लाइन को स्व0 माधवराव सिंधिया ने रेल मंत्री रहते हुए स्वीकृत किया था । 20 साल से ज्यादा हो चुके हैं और अभी भिण्ड एवं इटावा के बीच काम बाकी है इस वर्ष भी बहुत कम पैसा आवंटित किया गया है ।

आगरा-इटावा वाया फतेहाबाद बटेश्वर का तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने स्वयं शिलान्यास किया था, जिस गति से काम चल रहा है उससे ऐसा लगता है कि यह रेल लाइन भी अगले 20 साल तक पूरी नहीं हो सकेगी ।

.... This part of the Speech was laid on the Table.

इटावा मैंनपुरी रेल लाइन का शिलान्यास भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति श्री ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम ने किया था और उस अवसर पर उपस्थित रेल मंत्री श्री नीतिश कुमार ने घोषणा की थी कि इसका उद्घाटन भी श्री कलाम साहब ही करेंगे - काम कछुए की चाल से हो रहा है और अगर इसी रफ्तार से काम हुआ तो मुझे नहीं लगता है कि अगले 10 वर्ष में भी 57 कि0मी0 लम्बी यह रेल लाइन पूरी हो सकेगी।

इसी तरह ललितपुर-सतना, रीवा सिंगरौली तथा महोबा-खजुराहो नई रेल लाइनों पर काम की गति अत्यधिक धीमी है और ये रेल लाइनें कब तक बन पायेंगी , बन भी पायेंगी या नहीं इसमें मुझे सन्देह है। इस प्रकार पूरे उत्तर मध्य रेलवे में केवल यह 6 रेलवे लाइनें हैं जिन पर काम शुरू हुए सात वर्ष से लेकर 24 वर्ष हो चुके हैं और आज तक काम पूरे नहीं हो पाये हैं ।

उत्तर मध्य रेलवे में इटावा पर क्रासिंग नं0 27 के ऊपर से रोड ओवरब्रिज का निर्माण पूरा होकर चालू हो गया था । रेलवे द्वारा जिस हिस्से का काम कराया गया उसके ठीक बीच में रेलवे लाइनों के ऊपर चालू होने के तीन महीने के अन्दर पुल टूट गया । आवागमन पूरी तरह बंद है । जनता की तमाम कोशिशों के बाद भी उसे ठीक नहीं किया जा रहा है । रेलवे की टैक्नीकल कमेटी को देखना है - लेकिन चार महीने से रेलवे के अधिकारियों को इसकी फुर्सत नहीं है । घटिया सामग्री प्रयोग करने वाले किसी भी अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही तो दूर उनसे पूछताछ तक नहीं की गई है । उत्तर मध्य रेलवे में ही जसवन्तनगर और बलरई स्टशेन के मध्य रेलवे क्रासिंग नं0 33सी एवं 34सी के बीच आर0ओ0बी0 पिछले एक वर्ष से अधूरा पड़ा है । मशीनें खड़ी हैं । बाईपास बनकर तैयार हैं लेकिन रेलवे का कार्य बंद है ।

इसलिए मेरा अनुरोध है कि अधूरी योजनाओं को पूरा करने के लिए प्राथमिकता के आधार पर धन आवंटित किया जाए और चालू कार्यों की लगातार समीक्षा की जाए जिससे काम समय पर पूरा हो सके । वरना केवल यह घोषणाएं करके और संसद सदस्यों से तालियां बजवाने से कुछ होने वाला नहीं है ।

रेल मंत्री ने 375 रेलवे स्टेशनों को आदर्श स्टेशनों के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है । यह एक अच्छी बात है । किन्तु इन स्टेशनों को चिन्हित करते समय क्षेत्रीय सन्तुलन का भी ध्यान रखना चाहिए । उत्तर प्रदेश में कुल रेल पथ देश के सम्पूर्ण रेल पथ का लगभग 14औ है । इस दृष्टि से भी 375 स्टेशनों में उत्तर प्रदेश में 52 आदर्श स्टेशन चिन्हित किए जाने चाहिए थे । लेकिन केवल 7 स्टेशनों को ही चिन्हित किया गया है - सीतापुर, अमेठी, पीलीभीत, शिकोहाबाद, चन्दौसी, सलेमपुर एवं प्रयाग । आदर्श रेलवे स्टेशन किन सुविधाओं से युक्त होंगी , किसे आदर्श स्टेशन कहा जायेगा - यह भी कहीं स्पष्ट नहीं है ।

मैं जानना चाहूंगा कि विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन का क्या तात्पर्य है ? दुनिया के किस देश की कौन से स्टेशन को आदर्श मानकर आप भारत को इन स्टेशनों को विश्व स्तरीय बनाना चाहतीं हैं ।

1500 रू0 प्रतिमाह से कम की आमदनी वाले गरीबों को 100 कि0मी0 की यात्रा करने के लिए 25 रू0 की MST देने का निर्णय लिया गया है । इसे कैसे अमल में लाया जायेगा । एक मजदूर को भी प्रतिदिन 100 रू0 की मजदूरी मिलती है जो महीने में 3000 रू0 होती है । फिर 1500 रू0 प्रतिमाह से कम का प्रमाण पत्र कैसे मिलेगा - कौन देगा । गरीब फिर देखता रह जायेगा तथा पैसे वाला MST का टिकट बनवा लेगा ।

गरीब रथ इसका उदाहरण है - कौन गरीब चलता है गरीब रथ में । सब पैसे वाले रिजर्वेशन कराके जगह घेर लेते हैं । गरीब देखता रह जाता है । नाम गरीब रथ है और है वास्तव में अमीर रथ।

यही हाल जनसाधारण एक्सप्रेस का है । दिल्ली से चलकर कानपुर रूकती है । ज्यादातर खाली चलती है । अगर बीच में एक-दो स्टापेज और दे दिए जायें तो आम आदमियों को राहत मिल सकती है ।

क्या मंत्री जी एवं उनके अधिकारियों ने इस बात का अनुमान लगाया है कि नॉन स्टॉप ट्रेन से अन्य तमाम पैसेन्जर ट्रेन सुपर फास्ट ट्रेन्स को कितना रूकना पड़ेगा । अभी यह हालत है कि पैसेन्जर ट्रेन को कहीं भी रोक दिया जाता है । राजधानी एक्सप्रेस निकालने के लिए पूर्वा एक्सप्रेस को अलीगढ़ से पहले 30 मिनट से एक घंटा तक रोका रखा जाता है । छोटे स्टेशनों पर इन गाड़ियों को रोक दिया जाता है जहां यात्री यदि चाहें तो पानी भी पीने को उपलब्ध नहीं हो पाता है। मेरा मानना है कि नॉन स्टॉप ट्रेन से बड़े पैमाने पर सवारी गाड़ियों से लेकर

सुपरफास्ट गाड़ियों तक को अनावश्यक रूप से जगह-जगह रोकना पड़ेगा जिससे आम यात्रियों को बहुत असुविधा होगी ।

रेलवे में भर्तियों के संबंध में मंत्री जी ने अपने बजट भाषण में अल्पसंख्यकों, महिलाओं और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग को बेहतर प्रतिनिधित्व देने की योजना का प्रस्ताव किया है । इस संबंध में मुझे दो बातें कहनी हैं -

रेलवे में कर्मचारियों की संख्या प्रतिवर्ष कम हो रही है । वर्ष 1990-91 में जहां रेलवे में कर्मचारियों की कुल संख्या 16 लाख 52 हजार थी वह घटकर वर्ष 2007-2008 में 13 लाख 95 हजार रह गयी । जब गाड़ियाँ बढ़ रही हैं, रेल की लाइनें बढ़ रही हैं, स्टेशनों की संख्या बढ़ रही हैं फिर नौकरियां कम क्यों हो रही है ? रेलवे सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला उपक्रम है । नीतियां ऐसी होनी चाहिए जिससे अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मिल सके ।

दूसरी बात इस संबंध में मुझे यह कहनी है कि अन्य पिछड़े वर्ग की जगह आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग की बात कहना सामाजिक रूप से पिछड़े वर्ग के साथ एक छलावे की बात हो सकती है। इसलिए मेरा अनुरोध है मान0 मंत्री जी से कि उन्होंने अपने भाषण में आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग का जहां जिक्र किया है उसकी जगह अन्य पिछड़े वर्ग शब्द प्रयोग करें ताकि ओ0बी0सी0 के मन में कोई गलत संदेश न जाए ।

रेलवे कर्मचारियों के आश्रितों के लिए नर्सिंग कालेज और मेडिकल कालेज स्थापित करने की योजना स्वागत योग्य है । मेरा सुझाव है कि यह कालेज रेलवे के हों उनमें कोई निजी भागीदारी नहीं होनी चाहिए । निजी भागीदारी होने के बाद रेलवे कर्मचारियों के आश्रितों को इन कॉलेजों में नर्सिंग या मेडिकल की शिक्षा में प्रवेश दिला पाना बहुत कठिन काम होगा और अन्ततोगत्वा रेलवे की बेशकीमती जमीन पर खुलने वाले यह कालेज निजी हाथों में चले जायेंगे ।

रेलवे में गाड़ियों के परिचालन में भी निजी भागीदारी का अगर प्रयास किया गया तो यह रेलवे के इतिहास का सबसे बुरा दिन होगा । इसलिए मैं रेल मंत्री को सचेत करना चाहता हूं कि वे रेलवे को निजीकरण की तरफ ले जाने वाले किसी भी कार्यक्रम से दूरी बनाये रखने का ही काम करें ।

पूरे देश में हर साल फल, सब्जियां, मांस और मछलियां बड़े पैमाने पर नष्ट हो जाती हैं । एक अनुमान के अनुसार इन उत्पादों के बेकार होने की वजह से प्रतिवर्ष होने वाला नुकसान 50 हजार करोड़ रूपए से ज्यादा हो चुका है । इसे बचाने के लिए इन उत्पादों को उनके उत्पादन स्थलों से उपभोक्ता केन्द्रों तक पहुंचाने के लिए विशेष गाड़ियां चलाने का प्रस्ताव प्रशंसनीय है । इसके लिए न केवल विशेष गाड़ियों की आवश्यकता है बल्कि पूरी तरह से एयर कंडीशन बेगन्स की जरूरत होगी जिसे प्राथमिकता के आधार पर रेलवे को पूरा करना चाहिए ।

रेल गाड़ियों में खान-पान की गंभीर समस्या है । राजधानी और शताब्दी एक्सप्रेस जैसी सबसे अच्छी माने जाने वाली रेल गाड़ियों में भी जो भोजन बनता है उसमें प्रयोग किया जाने वाला पानी बहुत खराब होता है जिसकी वजह से भोजन की गुणवत्ता एकदम खराब हो जाती है । भोजन बनाने में प्रयोग किए जाने वाला पानी जब तक शुद्ध नहीं होगा तब तक अच्छे खान-पान की कितनी ही बात की जाए सब बेमानी होगा । जो पानी रेलगाड़ियों में बिकता है । यहां तक कि जो स्टेशनों पर पानी मिलता है रेल नीर या अन्य ब्राण्डों के नाम से उसमें भी ज्यादातर नकली होता है । इसमें सुधार की आवश्यकता है ।

भारतीय रेल का सबसे दुःखद पहलु यह है कि यहां 80 फीसदी यात्रियों के लिए रेल गाड़ियों में 20 फीसदी जगह है और 20 फीसदी यात्रियों के लिए 80 फीसदी जगह है । जिनके पास पैसा है, जिनके पास रेलवे पास है वह आरक्षण पा जाते हैं या तत्काल रेल सेवा का लाभ उठा लेते हैं । लेकिन गरीब आदमी अनारक्षित डिब्बों में भूसे की तरह भर जाता है यहां तक कि लोग टॉयलेट में खड़े होकर भी यात्रा करने को विवश होते हैं । कोई ऐसा दिन नहीं जाता जिस दिन कुछ यात्री जो खिड़की से लटक रहे होते हैं वह गिरते न हो, दुर्घटनाएं न होती हों । इसलिए प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि आम आदमी के लिए रेल गाड़ियों में जगह कैसे बढ़े । जब तक आम आदमी को रेल गाड़ी में बैठने की जगह नहीं मिलती है तब तक चाहे जितनी घोषणाएं की जायें, यहां बैठे हम लोग उन पर तालियां तो बजा सकते हैं लेकिन आम आदमी को कोई राहत नहीं मिल सकती है। *

*SHRI D.V. SADANANDA GOWDA (UDUPI-CHIKMAGALUR): The Railway Budget presented by Smt. Mamataji has once again kept the Karnataka State in the same place where it was kept by earlier Railway Minister Lalu Prasadji, except a few new trains and promises of some infrastructure development. No permanent project or proposals are given to the State of Karnataka. I do concede that Mamataji, has recognized our state only benefiting other states through Karnataka linkage, but not to the people of Karnataka.

I would like to draw the attention of the Hon'ble Minister with regard to the formation and completing earlier projects.

The chikmagalure is the place from where Smt. Indira Gandhi had her 2nd rebirth of political carrier after emergency. Infact the people of chikmagalure are such a smooth hearted people who blessed Smt. Indira Gandhi. Their expectations were not met by the then Railway Minister in Karnataka or latter by the Cong led Government at any point of time. Because of the inaction of successive government to have any plans and programmes to chikkmagalure they went away from Cong(I). Infact the NDA had come to the rescue of the people of Chikkmaglure and hence the connectivity and infrastructure activities taken up and Shri D.B. Chandre Gowda a staunch Cong (I) MP who vacated his seat for Smt. Gandhiji, was also fed up by the non initiative action of UPA government and now he has become the Lok Sabha M.P. from B.J.P.

You may be surprised of this introduction; it is because a Railway line which is important connectivity was not given much importance at least to give respect to Smt. Indira Gandhi. Since last 12 years the Railway Line Kadur-Chikmagalur-Sakleshpur to the lengthof 93 KM with an estimate of Rs. 122.32, and still pending without any expectation. So far they have spent is Rs. 71.76 crores and Rs. 45.00 crores is still required. In this budget only 5 crores has been allotted and this has really defamed the people of Chikmagalur. I urge the

Railway minister to release the balance funds and complete the work without any delay.

The saddest thing is the betrayal done to the people of Coastal Karnataka i.e. to 3 districts i.e. Udupi- Uttarakannada and Mangalore. The only port of the State of Karnataka i.e. Manglore port is in this area. Mangalore is the hub of iron ore and other allied export activities are running business from this port. Railway is one of the best mode to boost this activities where by the Central Government as well as Railway will get more profit and benefit apart from service to the public at large. But totally failed in providing train to this area. After much difficulty passenger railway connectivity is given to the people of Mangalore by a night train. In 2006-07 budget the UPA declared three trains to Mangalore-Bangalore. But the day train is not in action till today. Even the night and day train which have link to other end of Karnataka i.e. Karwar via Udupi, Kundapura has been totally rejected and the trains extended up to Kannur, Kerala whichis really unwanted. The people of Coastal Karnataka have been deprived of their right and they have been totally ignored. It is quite visible that the said train is extended upto Kerala is only due to the political pressure and compulsion but not as a necessity. I urge the Railway Ministry to run the night train and the proposed day train upto Karwar and the proposal of extension of night train upto Kannur may kindly be dropped.

The National Highways in the coastal belt will be motorable only if the density of the vehicles is minimized in the said roads. The important Hubli-Ankola-Kawar is an essential Railway connectivity which needs to be taken up on priority. But I fail to understand why this route is not given priority.

The new speed trains proposed in the budget from Mumbai to Karwar is of no use. The people of Karnataka will have the benefit only if the train is extended upto Mangalore. Udupi and Kundapura are the needy junctions from which thousands of people are plying daily to Mumbai. Hence the proposal need to be reconsidered on priority and train must be extended upto Mangalore.

The track doubling in between Bangalore-Mysore has not given necessary funds as required and need to be reconsidered. Another completion of track between Shravanabelgola Bangalore is the need of the State. The budgetary assistance for this has to be increased.

Totally, the budget has an eye washing exercise towards the State of Karnataka. I urge the Railway Minister to take serious note of the things mentioned by me and while replying the mistakes occurred may kindly be set right and justice may be done to the people of Karnataka specially Coastal Karnataka.

*SHRI NITYANANDA PRADHAN (ASKA): Mr. Deputy Speaker, I am thankful that I have got the opportunity to take part in the discussion on Railway Budget.

Madam, I am sorry to say that there is a saying in my state of Orissa which has been also reported in press that "there is a history about the railway line in my State. Earlier when we were under British rule the then company had to put a line. Britishers were ruling India from Calcutta in the North and Madras in South. So far their effective administration and for movement of army they had laid the line, which incidentally passed through Orissa. Had there been any other shorter route to connect Calcutta with Madras, probably they would not have laid the Railways line. Since the time of Britishers there has been no significant improvement in the

network of Railways in Orissa. Since independence also even though several Governments have come to Delhi but the fate of Orissa remain almost same. It is true that within this 60 years, some of the lines have been put in Orissa, but they are laid only with a commercial viability. The problems of the people has not been taken in consideration.

Even though there are hundereds of tourist spots spread over whole of Orissa they remain untapped. If the railways had taken steps to lay the lines to Major important tourist places then not only it would have been beneficial for the people of Orissa for the economic development it would have been far better for the country. The heritage ancient culture of Orissa would have come to light for the whole of India and world, attracting people to visit and look to the high heritage of Orissa. Apart from that there are hundreds of eco-friendly tourism places. If railways would have laid their line then the glory of Orissa would have come to light. So from the above

---

* Speech was laid on the Table

facts it is clear madam, that the railways have not only neglected Orissa people, its economy but deprived the people of other states and the whole of world from seeing the glory of Orissa.

Sir, I now deal with revenue generation of Railways. Now as the matter stands Madam, Orissa gives highest revenue to the railways but sorry to say, Madam, the expansion of railway way in Orissa is highly deplorable. The new lines which were taken up long since is not at all progressing due to want of funds. Our beloved Chief Minister and all the MP and legislatures and public at a large have been agitating for the increase of funds allocation for completing the ongoing projects. But negative is the result.

Indian railways should take a pragmatic view rather then a narrow view of helping a state and ultimately I would like to conclude, Madam, that railways has been neglecting Orissa. The step motherly attitude is highly deplorable. No Uniform growth in this sector is visible.

So ultimately I, oppose the Budget provision and request the Hon'ble Minister to consider the case of Orissa with sympathy.

)a By completing the all ongoing projects.

)b By getting all the Railways establishments under one organization.

c) Getting the Line from Berhampur to Bhanjanagar and Nayagarh suryed..

*DR. PRASANNA KUMAR PATASANI (BHUBANESWAR) : Sir, I am grateful to you for giving me an opportunity to speak on the Railway Budget. I would request Hon'ble Railway Minister to consider the case of Orissa with responsibility and care. As you have said in your Railway Budget that every ordinary person should have the right to development and the concept of economic viability should be substituted by social viability. As you are aware that Orissa is a mineral rich state. However, this advantage of Orissa has

never been exploited fully and the people of Orissa have remained poor. One of the reasons is that Railway has never been expanded in Orissa. There are several places in Orissa which are not connected by Railways. We have made several demands for the speedy completion of Khordha Bolangir Railay line, however, only 10% of the work has been completed. The Chief Minister of Orissa has on several occasions personally requested for the speedy completion of this project. But unfortunately this year also only 30 crores has been allocated. I, therefore, demand that atleast 300 crores should be immediately allocated this year for completion of the project. As you are aware that Jaganath Puri is world famous pilgrimage. We have been demanding for several years for upgradation of the Puri Station into a world class Railway station. However, this demand has never been met. I would like to request the Hon.'ble Railway Minister to firstly take up the doubling up of Khordha-Puri line immediately. Secondly a multi-functional complex to be made functional in Puri. A non-stop train from Delhi to Puri should also be started. Konark is world famous tourist place. Thousands of people visit Konark every year. I request for immediate survey of Konark to Puri rail line. Trains should be stopped. Although the Government has announced upgradation of the station but no work has been started. Mancheshwar Rail Coach Facotory which is functional need to be immediately expanded. This will provide additional employment to the people of Orissa. The development of East Coast Railway Zone is extremely slow. There is need for immediate expansion of the East Coast Railway. You will be surprised to know that for several months a GM has not yet been posted. I request the Minister to take up the matter on priority. I also request for construction of a few flyovers in Bhubaneswar. They are the Satyanagar fly over, Shaeed Nagair flyover, Veer Surender Sai Nagar flyover. These places are extremely accident prone areas and flyovers need to be constructed immediately.

डॉ. बलीराम (लालगंज): उपाध्यक्ष महोदय, रेल बजट की चर्चा पर आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं।

महोदय, रेल मंत्री जी ने संसद में जो बजट प्रस्तुत किया है, उसे देखने से ऐसा लगता है कि बजट में दोहरी नीति अपनायी गई है। इस बजट में उत्तर प्रदेश जो कि देश का सबसे बड़ा प्रदेश है, उसके साथ पक्षपात किया गया है। रेल मंत्री जी ने प्रधानमंत्री जी की समावेशी विकास की नीति का हवाला देकर अपने बजट भाषण के दौरान पिछड़े क्षेत्रों और गरीबों की बात की थी कि हम उन्हें सुविधा उपलब्ध करवाएंगे[r31]।

अभी हमारे माननीय सदस्य ने कहा कि किराये भाड़े में कुछ कमी हुई है लेकिन जिससे गरीब लोग जाते हैं और जिस श्रेणी में जाते हैं, उसमें केवल एक रुपये की कमी की गई है लेकिन जो उच्च श्रेणी है, जिसमें बड़े लोग जाते हैं, सुविधासम्पन्न लोग जाते हैं, उसमें दो प्रतिशत भाड़ा कम किया गया है। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता है कि यह जो बजट है, वह गरीबों के हित में है। इस मौके पर मैं यह कहना चाहूंगा कि अभी रेल मंत्री जी ने 50 रेलवे स्टेशन को अन्तर्राष्ट्रीय सुविधाओं से युक्त विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव किया है। उत्तर प्रदेश में लखनऊ, वाराणसी, कानपुर, आगरा कैन्ट और मथुरा इन्हीं स्टेशन को चयनित किया गया है जबकि बहुत से ऐसे रेलवे स्टेशन हैं जो धार्मिक दृष्टि से और औद्योगिक दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण हैं और आबादी की दृष्टि से , चाहे वह मेरठ हो, या फैजाबाद हो या गोरखपुर हो, पर्यटन की दृष्टि से देश और विदेश के लोग वहां पूजापाठ और दर्शन करने के लिए आते हैं लेकिन ऐसे आबादी वाले क्षेत्र को छोड़ दिया गया है। इसलिए मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि ऐसे स्टेशनों को भी चयनित किया जाए।

इसी तरह से माननीय रेल मंत्री जी ने जो अपने बजट भाषण में चर्चा की है, इस बात की मुझे खुशी हो रही है कि आजादी के 60 सालों में इस देश में जिन लोगों की सरकारें बनीं, आज रेल मंत्री जी ने अपने बजट भाषण में उसको स्वीकार किया कि संविधान के हिसाब से अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति का जो आरक्षण कोटा था, वह पूरा नहीं किया गया है और उन्होंने बैकलॉग के माध्यम से जो रिक्तियां हैं, उन्हें पूरा करने का संकल्प लिया और इसके लिए विशेष अभियान चलाने का वायदा कर कहा कि मैं विशेष अभियान चलाकर तमाम रिक्तियों को पूरा करूंगी। लेकिन मैं कहना चाहूंगा कि इसमें पिछड़े समाज का कहीं जिक्र नहीं किया गया है। पिछड़ी जातियां भी अनुसूचित जाति की तरह सामाजिक और आर्थिक रूप से मजबूत हो सके, ऐसा प्रयास करना चाहिए। मंडल कमीशन के तहत उनके लिए भी आरक्षण की व्यवस्था की गई है लेकिन रेल बजट में माननीय मंत्री जी ने इस तरह का कोई संकेत नहीं दिया है कि उनके साथ किस तरह का व्यवहार किया जाएगा। बैकलॉग को पूरा करने के लए वर्ष 2007 में उत्तर प्रदेश की मुख्य मंत्री कुमारी मायावती जी ने माननीय प्रधान मंत्री जी को एक पत्र लिखकर सिफारिश की थी कि केन्द्र की जितनी भी नौकरियां हैं, बैकलॉग के तहत उनके आरक्षण कोटे को पूरा किया जाए। मैं आज भी आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करूंगा कि सिर्फ रेलवे में ही नहीं बल्कि केन्द्र की जितनी भी नौकरियां हैं, जहां अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और पिछड़ी जातियों का आरक्षण कोटा पूरा नहीं हुआ है, बैकलॉग के तहत उसे पूरा किया जाए। इसी के साथ मैं यह भी कहना चाहूंगा कि अभी रेल बजट में 17 नयी रेल लाइनों को बिछाने का प्रस्ताव किया गया है। यू.पी. में केवल शाहगंज, ऊंचाहार, सुलतानपुर, अमेठी और सालौन को चयनित किया गया है। [r32]

कुशीनगर बौद्ध स्थल है, जहां देश और विदेश से लाखों की संख्या में लोग आते हैं, यहां रेल लाइन की कोई व्यवस्था नहीं है। रेल मंत्री जी इसका भी चयन करें और रेल लाईन बिछाने का कष्ट करें।

इसके साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि मैं आजमगढ़ क्षेत्र से चुनाव जीतकर आया हूं, यह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक पहचान रखता है। यह ऐसी धरती है जहां पंडित राहुल सांकृत्यायन जैसे लोग पैदा हुए, पंडित लक्ष्मी शंकर मिश्र जैसे साहित्यकार पैदा हुए, हरिऔध जी पैदा हुए। मैं 25 सालों से देख रहा हूं कि चाहे जिसकी भी सरकार रही हो लेकिन हमेशा आजमगढ़ से कभी छः, कभी सात और कभी आठ राज्य सभा और लोकसभा के सांसद होते रहे हैं। आज भी आजमगढ़ में राज्य सभा और लोकसभा के मिलाकर छः सांसद हैं। कई ऐसे प्रदेश है जहां पर इतने सांसद नहीं हैं। इसके बावजूद भी आजमगढ़ की उपेक्षा होती रही है। यह इंडस्ट्रियल बैल्ट है, मुबारकपुर और मऊ में रेशमी साड़ियां तैयार होती हैं। यहां से साड़ियां देश विदेश में भेजी जाती हैं लेकिन वहां कोई साधन नहीं है। हम आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहेंगे कि आजमगढ़ से मुम्बई, कोलकाता और चैन्नई तक, जहां आजमगढ़ के लोग देश के कोने-कोने में बड़े पैमाने पर रहते हैं इसलिए यहां गाड़ियां चलाई जाएं ताकि लोगों को किसी प्रकार की तकलीफ न हो।

रेल बजट में माननीय मंत्री जी ने कहा कि हम रेल व्यवस्था को सुदृढ़ कर रहे हैं, सुधारने का काम कर रहे हैं, यात्रियों को ज्यादा सुविधा उपलब्ध कराएंगे, यात्रियों को भोजन बढ़िया किस्म का देंगे, रेलगाड़ी में जो चादरें बिछाने के लिए मिलती हैं, वह साफ सुथरी होंगी। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि अभी 3 तारीख को हमारे साथ 25 सांसद थे, बेनी बाबू जी भी ट्रेवल कर रहे थे। हम लोग स्टेशन पर बैठे थे, वहां गाड़ी छूटने वाली थी लेकिन वहां चार्ट नहीं लगाया गया था। वहां एक भी टीटी नहीं था। हम लोग वहां बैठकर इंतजार कर रहे थे कि अगर सूची लग जाए तो हम देखकर अपनी सीट पर बैठ जाएं लेकिन वहां कोई चार्ट नहीं लगाया गया। वहां गाड़ी छूट गई और हमें दौड़कर चढ़ना पड़ा जिसके कारण कई लोग जख्मी हो गए। जबकि यह व्यवस्था है , जब सांसद ज्यादा हो जाते हैं तो एक नया डिब्बा जोड़ देना चाहिए लेकिन उस समय डिब्बा नहीं जोड़ा गया। इसलिए हम अनुरोध करते हैं कि इस तरफ विशेष ध्यान दिया जाए ताकि सांसदों और आम जनता को किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

अंत में मैं आप सभी का धन्यवाद करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह (मुंगेर): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया। रेल मंत्री जी ने बजट पेश किया है। रेल बजट को पेश करने से पहले उन्हें काफी कम समय मिला। उन्हें एक या डेढ़ महीना ही रेल

मंत्रालय में आए हुआ था इसलिए मैं इस बजट पर नहीं जाना चाहता हूं लेकिन अगले साल जब मंत्री जी रेल बजट पेश करेंगी तो निश्चित तौर पर उनकी घोषणाओं की समीक्षा करेंगे।[r33]

लेकिन आज जब हम रेलवे बजट पर चर्चा करें तो इसके पहले भी पांच वर्षों तक इस देश मे यूपीए ने शासन किया है और उनके काम-काज का जो लेखा-जोखा है, वह आज छठे साल क्या परिणाम लेकर आया है, हम उस पर जरूर चर्चा करना चाहेंगे। हम सबसे पहले चर्चा करना चाहेंगे, माननीय रेल मंत्री महोदया ने रेल बजट के पैरा-4 में कहा है -

"रेलवे सरकार का वह चेहरा है, जो सबको दिखाई देता है और हमें इस पर गर्व है। महोदया, इस सम्मानित सदन के समक्ष खड़े होकर मैं एक प्रश्न पूछने की अनुमति चाहती हूं कि क्या रेलवे की परियोजनाओं को केवल आर्थिक व्यावहारिकता के पैमाने पर ही तौला जायेगा या फिर उन्हें सामाजिक दृष्टिकोण के पैमाने से भी देखा जायेगा।"

यह उन्होंने कहा। उनके कहने का मतलब है कि रेलवे एक व्यावसायिक संगठन नहीं है, बल्कि उसका सामाजिक दायित्व है और सामाजिक दायित्व के आधार पर उसे देखा जाए। इसके बाद हम उनके पैरा 96 के भाषण को देखते हैं। उसमें उन्होंने कहा है -

"हर एक व्यक्ति अपना जीवन भली प्रकार गुजारना चाहता है। रेलवे एक ऐसा संगठन है जो वाणिज्यिक भी है और मानवीय संवेदनाओं से भी युक्त है। ये दोनों आपस में मेल खाते हैं और इस ओर ध्यान आकृष्ट करते हैं कि रेलवे एक व्यावसायिक संगठन नहीं है, बल्कि उसका एक सोशल ऑब्लिगेशन है और सोशल ऑब्लिगेशन के कारण रेलवे चल रहा है।"

इसके बाद रेल मंत्री जी ने अपने भाषण के पैरा दस में कहा है -

"अध्यक्ष महोदया, रेल मंत्री के रूप में अभी कुछ दिन पहले अपना कार्यभार संभालने के बाद मुझे समग्र यात्री सुविधाओं की बिगड़ती हुई स्थिति के संबंध में लगातार शिकायतों का सामना करना पड़ा है। इसलिए इन क्षेत्रों में दृष्टिगोचर सुधार करना मेरा प्राथमिकता होगी।"

पांच साल यूपीए के रेल मंत्री जी का जो शासनकाल था, उसकी ओर भी इन्होंने अपने बजट भाषण में संकेत दिया है कि पिछले पांच सालों में क्या होता रहा है। उन्होंने कहा है कि यात्री सुविधाएं, साफ-सफाई, रेलवे खानपान की गुणवत्ता, संरचना, सुरक्षा और समयपालन, ये पांचों प्वाइंट्स इन्होंने अपने इस वक्तव्य के बाद जोड़े हैं। हम क्या देखना चाहते हैं। पांच सालों में आपने क्या किया है। आपने रेल सुविधा के बारे में चर्चा की है। हम बताना चाहेंगे, अभी यहां माननीय रेल मंत्री महोदया नहीं हैं, लेकिन माननीय रेल राज्य मंत्री जी यहां मौजूद हैं, वह उन्हें जरूर तथ्यों से अवगत करायेंगे। आपने पांच सालों में क्या किया। अभी एक माननीय सदस्य, श्री मुत्तेमवार जी कह रहे थे कि भाड़ा नहीं बढ़ाया गया। मैं कहना चाहता हूं कि इस देश में जितनी ट्रेन्स थीं, जिनकी एक किलोमीटर की गति नहीं बढ़ाई गई, उन सारी ट्रेन्स को सुपरफास्ट कर दिया गया और उन सबका किराया सुपरफास्ट की दर से वसूला जाने लगा। अब बतायें कि रेल यात्री किराया बढ़ाया गया या नहीं बढ़ाया गया आपने तत्काल आरक्षण का दायरा इतना बड़ा कर दिया कि सारी ट्रेन्स के बर्थ्स तत्काल सेवा में चले गये और जनरल रिजर्वेशन में 15-20 बर्थ्स रह गये। तत्काल में आपने 150 रुपये ज्यादा चार्ज करने शुरू कर दिये। आपने इनडायरेक्टली पैसेंजर्स की पॉकेट से पैसा निकाल लिया। आपने नाक सीधे न छूकर घुमाकर छुआ और देश को पांच साल तक यह धोखा देते रहे कि हमने कोई भाड़ा नहीं बढ़ाया। अब रेल मंत्री महोदया आ गई हैं, हम उन्हें बताना चाहते हैं कि आपने तत्काल आरक्षण के बारे में ऐलान किया और उसे 150 रुपये से घटाकर 100 रुपये कर दिया। यह बहुत अच्छी बात है। लेकिन आप तत्काल रिजर्वेशन के कोटे को भी घटाइये। तत्काल में आपने बता दिया है कि कितने दिनों के लिए चाहिए, उनका सौ की जगह दस करिये। सारे सुपर फास्ट का आप घटाइये। पैसेंजर्स एमेनिटीज के नाम पर ये सारे घपले होते रहे हैं। इसलिए जो कुछ रेल मंत्री महोदया ने कहा है, पैसेंजर्स एमेनिटी में हम उसे मानते हैं कि यह एक क्रांतिकारी कदम है[BS34]।

15.00 hrs.[s35]

हम मानते हैं कि इसमें सुधार लाने का प्रयास किया है क्योंकि वह गरीबों के लिये संघर्ष करके सड़कों पर मार खाकर लड़ती हुई यहां तक पहुंची हैं। उन्हें गरीबों का ध्यान है और उनके प्रति उन्हें लाभ पहुंचाने की दृष्टि से कुछ कदम उठाये हैं। मैं रेल मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि ऐसे कई और मामले हैं जिनके द्वारा रेल सुविधायें यात्रियों की पॉकेट में लाई जा रही हैं। मैं चाहूंगा कि आप उन मामलों में सुधार जरूर करिये और इस दिशा में प्रयास करिये।

उपाध्यक्ष महोदय, माननीय रेल मंत्री जी ने 100 वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन्स बनाये जाने की बात कही है, अच्छी बात है। मैं जानना चाहता हूं कि उस वर्ल्ड क्लास स्टेशन का मॉडल क्या होगा? अगर कोई आदमी होटल या घर बनाता है तो पहले उसका नक्शा तैयार करता है। उसके बाद ही आदमी को पता चलता है कि उस घर या होटल का रूप कैसा होगा। मैं रेल मंत्री जी से चाहूंगा कि जब आपने 100 ऐसे वर्ल्ड क्लास स्टेशन्स बनाने की बात कही है तो पहले उसका एक मॉडल बनाईये, इस देश के सामने उसे पेश करिये, तब हम मानेंगे कि वर्ष 2010 या 2015 तक इस तरह का वर्ल्ड क्लास स्टेशन होगा जिसे देश को समर्पित करेंगे।

उपाध्यक्ष महोदय, जब रेल मंत्री जी ने बजट पेश किया तो पुराने रेल मंत्री जी टोका-टाकी करते रहे। यह उनकी पुरानी आदत रही है। वह बोलते रहते हैं। पिछले पांच सालों में वह घोषणाओं के मंत्री रहे हैं। जब चुनाव का समय आया तो उन्होंने टी.टी.एम की परिभाषा विकसित की - ताबड़ तोड़ मालिश । पिछले पांच वर्षों में इतने शिलान्यास नहीं हुये जितने चुनाव के पहले के दिनों में हुये। हमने इस टी.टी.एम. की

परिभाषा को बदलकर टी.टी.एस कह दिया - ताबड़ तोड़ शिलान्यास। मैं रेल मंत्री जी से चाहूंगा कि इस बारे में जरुर चर्चा करें।

उपाध्यक्ष महोदय, माननीया रेल मंत्री जी ने एक बहुत अच्छी बात कही कि सरकार पिछले पांच सालों के रेल कार्यों के बारे में एक श्वेत पत्र लायेगी। इस देश को पिछले पांच सालों में बरगलाया गया कि रेल विभाग को 75 हजार करोड़ रुपये का फायदा हुआ है, कभी कहा गया कि 90 हजार करोड़ रुपये का फायदा हुआ है। मैनेजमेंट के माध्यम से लोगों को बरगलाया गया, उन्हें गलत सूचनायें दी गई। इसलिये आज देश भ्रमित है कि देश में रेलवे की वास्तविक आर्थिक स्थिति क्या है? आज रेलवे कहां खड़ा है, यह देश जानना चाहता है। माननीय रेल मंत्री जी ने जो ऐलान किया है कि वह श्वेत पत्र लायेंगी, यह कदम स्वागत योग्य है। हम आशा करते हैं कि देश के सामने जल्द से जल्द श्वेत पत्र लाया जायेगा और हम उसकी मांग भी करते हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, माननीया रेल मंत्री जी ने पी.पी.पी. मॉडल की बात भी कही है। हम इस बात का विरोध नहीं करते लेकिन आप इस बात से सहमत होंगे कि इसकी कंस्ट्रक्शन कामर्शियल हो जाती है। जब तक वह लगातार नहीं हो पायेगा, तब तक हम इनवैस्टमेंट नहीं करना चाहेंगे। हम आपसे आग्रह करना चाहेंगे कि इस पर कैसे नियंत्रण रखेंगे, इस पर आप जरूर विचार कर लें क्योकि रेलवे की जो बची हुयी जमीन या सम्पत्ति है, अगर उसका उपयोग व्यावसायिक करना चाहते हैं, उसमें उसका दुरुपयोग न हो, इसका सेफगार्ड जरूर करिये। हम उस घोषणा का विरोध नहीं कर रहे हैं लेकिन आपसे आशा करते हैं कि आप उसके सेफगार्ड्स का जरूर ध्यान रखियेगा कि उसके आधार पर उसका व्यावसायिक उपयोग न करें क्योंकि ऐसा पहले हुआ है।[s36]

महोदय, हम आपके माध्यम से माननीया रेल मंत्री महोदया के ध्यान में लाना चाहते हैं कि रेलवे की कई जगह सम्पत्ति और जमीन है। रेलवे, राज्य सरकारों के माध्यम से जमीन लेती है, रेलवे की कोई अपनी सम्पत्ति या जमीन नहीं है। रेलवे की कई परियोजनाओं में, स्टेशनों पर, दिल्ली और बम्बई में पिछले पांच वर्षों में यह हुआ कि जो सरप्लस लैंड्स थीं, उनकी बिडिंग करके कामर्शियल यूज के लिए प्राइवेट लोगों को दे दिया गया। वे लोग उसमें मल्टीप्लेक्स बनाकर धंधा कर रहे हैं, बिजनेस कर रहे हैं। यह पिछले पांच सालों में हुआ है। हम आपसे यह आग्रह करेंगे कि उन एलाटमेंट्स में पारदर्शिता है या नहीं, वे एलाटमेंट्स सही ढंग से और पूरी पारदर्शिता के साथ हुए हैं या नहीं, आप इसकी जांच जरूर कर लें। जब आप सदन में उत्तर देंगी तो यह जरूर कहें कि आप इनकी जांच कराएंगी। हम लोगों को यह जानकारी है और हम यह आशंका व्यक्त कर रहे हैं कि इसमें करोड़ों रूपये का घपला हुआ है। हम आपसे यह आग्रह करते हैं कि आप उस घपले पर नजर डालिये और उस पर नियंत्रण कीजिए।

SHRI K. BAPIRAJU (NARSAPURAM): Madam Chairman, I am really happy to participate in this debate on the Railway Budget introduced by hon. Mamata Banerjee. There is no doubt that she has taken a lot of efforts to take all sectors into mind starting with physically handicapped, ladies security and the downtrodden people who travel in it. She was really more a human, which she could really show in this Budget.

But my colleague here was just now talking on the same Budget. He belongs to the Telugu Desam Party, and he was mentioning that they have contributed 33 Members of Parliament from Andhra Pradesh, and yet nothing has been done. I am unable to understand whether he was trying to sympathize with me or bully me. Here 'me' means our Party. I am representing the people for the last 30 years, but I always feel in a democratic way.

In fact, hon. Mamata Banerjee is here. She is very outspoken and a born fighter, and I am born with mustache. Generally, my people in Andhra Pradesh also feel that I can fight with Madam because I have mustache too. They have also told me that : "निकम्मा बन गए तुम, क्या मूछें हैं तुम्हारी। There are 33 MPs in this House, and you are not fighting and all that." Some people talk like this, which is irritating. But we are not here to get irritated. We are here to represent people. I have never recommended in my political career. I always feel that I am happy to be a representative of the people. Recommendation means that you are crossing your limits in administration.[r64]

Madam, you are fully aware, thirty years ago, we had a meeting with Indiraji. It was a three-day Seminar, and it was an

interaction between the Party members and the Ministers. The main complaint was that the Ministers were not helping or cooperating with the Members, and they had not even allowed them an entry into their offices. This was the crux of the case. The answer given by Madam was that in a democracy, the bureaucracy was different from the political system, that the bureaucrat would not do as we wanted him to do, that he was guided by the rules, and that they would not deviate on the whims and fancies of the politicians. She said that it was the politicians who should take the political decisions.

Let me give you some instances. There is the Southern Railway in Tamil Nadu. Right from the day of its inception, the Southern Railway never created any revenue, but that does not mean that it should come out. Second, how many sanctions have been given in respect of Bihar? We do not feel jealous of it because it is a political decision, the need of the day and, therefore, they have taken it. If we ask a bureaucrat to recommend, he can never recommend because he is guided by a rule. At the most, he can sympathize with us, but he cannot make any recommendation. That is where we have to feel sorry, if the politicians were to take such steps. We are here to make amends, if necessary. We are basically governed by the Constitution. We go to the people, we observe them, we try to understand what their difficulties are, and then we try to make suggestions within our parties.

I am thirty years old as a Member, but I had never condemned anybody in a newspaper because it is a matter of discipline. Whenever the opportunity is there, I try to speak within the party forum, but I never disclose anything outside of it.

MADAM CHAIRMAN: Shri Bapiraju, as you know, you have only five minutes to speak.

SHRI K. BAPIRAJU : Madam, I am a disciplined man. If you just ring the bell, I will just sit down.

MADAM CHAIRMAN: What I am saying is that you may suggest something to Mamataji instead of just giving the speech.

SHRI K. BAPIRAJU : Okay, Madam, you were kind enough to me. I just want to remind that Laluji was kind enough, four or five years back, to order a survey in my constituency. As rightly mentioned, five MPs are there. The area -- Vijayawada, Gudivada, Bheemavaram, Nidadovulu, Machilipatnam and Narsapur − is a very rich area, and I can proudly say it may be the richest area in the country because you can find gas there, you can find fish farms, and everything is available there. The railway line that is there is of the British times, the earliest ones that have been laid, and we are not able to get the second line with electrification and doubling.

Madam, I do not want to challenge anybody, but let me tell you that I am that one person who resigned from the Ministry and also as an MLA because of one word. I am not going to challenge, I do not believe in challenging, but I shall feel ashamed because this has been sanctioned five years ago, and if I cannot finish this work in the next five years, I am sure I will not go and ask for a Congress Party ticket to contest as an MP. I would be really grateful, if you can finish this work. Otherwise, I would feel ashamed and I can never come back to the Parliament.

कुमारी ममता बनर्जी : क्या सर्वे कम्प्लीट नहीं हुआ?

श्री के. बापीराजू : हो गया अम्मा, चार साल हो गए, लेकिन काम शुरू नहीं हुआ।

KUMARI MAMATA BANERJEE: Madam, this time, no project has been sanctioned by the Planning Commission because the time was too short. Even in case of Bengal also, no new project has been sanctioned.

SHRI K. BAPIRAJU : I am not fighting with you, Madam.

KUMARI MAMATA BANERJEE: They want sanction from the Planning Commission, but because of paucity of time â€¦

MADAM CHAIRMAN: You can meet the hon. Minister afterwards, Bapirajuji.

KUMARI MAMATA BANERJEE: We will go to the Planning Commission, but please give us some time.

MADAM CHAIRMAN: You have mentioned your problems. The hon. Minister is saying that you can meet her afterwards and your problem will be solved.

SHRI K. BAPIRAJU : I have already met her. Madam, I have full faith in you and, that is why, I spoke about it. Otherwise, I would not have even asked for permission to speak also. Thank you very much.

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): सभापति महोदया, आपने रेल बजट पर चर्चा में बोलने का मौका दिया, इसके लिए हम आपके आभारी हैं। यह मेरा सौभाग्य है कि ममता बहनजी भी यहां बैठी हुई हैं। पूरे देश के रेल स्ट्रक्चर पर अगर हम निगाह डाले तो प्रतिवर्ष 5 से 6 अरब लोग रेल से यात्रा करते हैं और 70 से 80 करोड़ टन माल ढुलाई ट्रेनों से की जाती है। आज भी पूरे देश में वही पुरानी पटरियां हैं और पहिये भी हमारे कमजोर हुए हैं। वर्ष 1980 के बाद से आज तक रेल का विस्तार जितना होना चाहिए वह नहीं हुआ है। आज भी रेल का खेल 63,000 किलोमीटर में फैला हुआ है। अंग्रेज 54,000 किलोमीटर रेल नेटवर्क छोड़कर गये थे। उसके हिसाब से देखा जाए तो रेल नेटवर्क में

हमने बहुत कम विस्तार किया है। पुल और पुलिया बहुत पुराने हैं और जर्जर स्थिति में हैं। आये दिन जो दुर्घटनाएं होती हैं उनका एक कारण यह भी है। तब से अब तक रेल से यात्रा करने वालों की संख्या दुगुनी और माल ढुलाई कम से कम चार गुना बढ़ गयी है। आज भी 9000 यात्री ट्रेनें पटरियों पर दौड़ रही हैं। आज स्टेशनों की क्षमता के साथ-साथ डिब्बों की संख्या बढ़ाने की भी जरुरत है। माल गाड़ियों का नेटवर्क यात्री-गाड़ियों के नेटवर्क से अलग होना चाहिए तभी हम कुछ कर पाएंगे।

दूसरा बात यह है कि रेल से यात्रा करने वाले यात्रियों के जान-माल की सुरक्षा और संरक्षण पूरी तरह से करना होगा। माननीय रेल मंत्री जी ने इसके लिए बजट में प्रावधान भी किया है। उत्तर प्रदेश में कुल पथों का 14 प्रतिशत है और जैसा बजट में प्रावधान किया गया है कि 375 आदर्श स्टेशनों बनेंगे तो उस हिसाब से 52 आदर्श स्टेशन उत्तर प्रदेश में बनाए जाने चाहिए।

मैं अपने क्षेत्र के लिए कुछ मांग करना चाहूंगा। हमारे यहां सिराथू और कड़ाधाम धार्मिक स्थल हैं। जैसे मेहर, विंध्याचल और शीतलाधाम कड़ा है। वहीं पर मलूकदास स्मारक भी है। एक कहावत है कि

" अजगर करे न चाकरी,पंछी करे न काम

दास मलूका कह गये सबके दाता राम" ।

वहीं पर ख्वाज़ा कड़क साहब का मजार भी है, जहां पर प्रतिवर्ष मेला लगता है और लाखों लोग वहां आते हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से चाहूंगा कि वहां पर महानंदा एक्सप्रेस और मूरी एक्सप्रेस का ठहराव हो जिससे यात्रियों की सुविधा के साथ-साथ रेल राजस्व की भी बढ़ोत्तरी होगी। जनपद कौशाम्बी में भरवारी स्टेशन है जो दिल्ली-हावड़ा रूट पर पड़ता है, वहां पर हाफरैक पाइंट बनाया जाए। इलाहाबाद से जो माल आता है, 80 किलोमीटर की दूरी होने के कारण उर्वरक या व्यावसायिक सामान समय पर पहुंच नहीं पाता है। एनसीआर में पूर्व कैजूअल लेबरों की नियुक्ति की बहुत दिक्कत है, जबकि वे नियम और शर्ते भी पूरी करते हैं और यह मामला हमने कई बार सदन में भी उठाया है। अन्य मंडलों जैसे झांसी, आगरा और लखनऊ में उन्हीं नियम और शर्तों पर कैजूअल लेबरों को रखा गया है, नियुक्ति की गयी है। लेकिन इलाहाबाद मंडल में इन कैजूअल लेबरों को नहीं रखा गया है।

हमारे निर्वाचन क्षेत्र में महानंदा एक्सप्रेस, मूरी एक्सप्रेस, इलाहाबाद-मथुरा एक्सप्रेस, प्रयागराज एक्सप्रेस, रीवां एक्सप्रेस, तूफान एक्सप्रेस और दिल्ली-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज भरवारी स्टेशन पर किया जाए। कोहरे और ठंड की वजह से कुछ ट्रेनें स्थगित होती हैं और बाद में वे ट्रेनें चालू नहीं की जाती हैं। भरवारी-कौशाम्बी जनपदवासियों के लिए एक ट्रेन चलायी जाए जो इलाहाबाद से होकर मुम्बई जाए ताकि यात्रियों को सुविधा मिल सके। [r65]

मनौरी, भरवारी, सिराथू स्टेशनों को कानपुर तक मासिक सीज़नल टिकट कर देने से यात्रियों को तो सुविधा होगी ही, साथ ही रेल राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी।

सभी ट्रेनों में 15, 16, 18 बोगियां लगती हैं, इन्हें बढ़ा कर 24 बोगियां कर देने से किसी प्रकार की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा। आपने 50 बहुउद्देशीय परिसरों को शामिल किया है, जो तीर्थस्थल, पर्यटन स्थल या मुख्य स्थलों पर बनाने की बात कही है, मैं चाहता हूं कि कौशांबी में भी एक स्थल बनाया जाए। इलाहाबाद को भी विश्वस्तरीय स्टेशन बनाए जाने की बात आपने नहीं कही है, केवल माडल स्टेशन बनाने की बात कही है। इस स्टेशन पर करोड़ों की संख्या में लोग संगम स्नान करने के लिए आते हैं। आजादी की लड़ाई का केंद्र बिंदु इलाहाबाद रहा है। हाई कोर्ट, बौद्धिक स्थल आदि कई महत्वपूर्ण स्थल वहां हैं।

सभापति महोदया : आप अपनी बात समाप्त कीजिए या अपना भाषण सभापटल पर रख दीजिए।

श्री शैलेन्द्र कुमार : महोदया, मैं अपनी बात जल्दी समाप्त कर रहा हूं। 375 आदर्श स्टेशनों में भरवारी, सिराथू, कुंडा, प्रतापगढ़ को भी आदर्श स्टेशन घोषित किया जाए। 140 संवेदनशील स्टेशनों में सुरक्षा व्यवस्था की बात कही है। मनौरी, भरवारी, सिराथू, कुंडा, प्रतापगढ़ स्टेशनों में भी संवेदनशील स्टेशनों के अंतर्गत सुरक्षा व्यवस्था की जाए। नई ट्रेन जो सिराथू, भरवारी होते हुए इलाहाबाद से मुम्बई चलाने की मैंने पहले भी मांग की थी, वह चला दी जाए, इससे राजस्व में बढ़ोतरी होगी। अब तक रेलवे भर्ती बोर्ड में अधिकारी ही सदस्य हैं, मैं चाहता हूं कि पालिटिकल लोगों की नियुक्ति कर दी जाए, तो जो जैनुइन सिफारिश है, वह हम कर सकें। रेल जमीन पर सात नर्सिंग कालेजिज बनाने की बात आपने कही है। मैं मांग करता हूं कि इलाहाबाद में भी एक नर्सिंग कालेज बनाया जाए। इलाहाबाद से कानपुर डबलडेकर गाड़ी चलाने की व्यवस्था की जाए । श्रीप्रकाश जायसवाल जी का इलाहाबाद से पुराना रिश्ता रहा है, इससे यात्रियों को बहुत सुविधा मिलेगी। पांच सौ डाकघरों में आपने टिकट वितरण की बात कही है।

सभापति महोदया : दारा सिंह जी, आप अपना भाषण शुरू कर दीजिए। रात्रि 12 बजे तक समय बढ़ाया जा सकता है, अगर आप चाहते हैं कि सुबह चार बजे तक समय बढ़ा दिया जाए, तो मैं किसी को भाषण समाप्त करने के लिए नहीं कहूंगी।

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): महोदया, मैं अपनी बात समाप्त करने जा रहा हूं। आंवला और आम की खेती जनपद प्रतापगढ़ और कुंडा में होती है। मैं चाहूंगा कि वहां भी हाफ रैक प्वाइंट बनाया जाए, ताकि दूसरी जगहों पर व्यापार हो सके और रेल राजस्व में भी बढ़ोतरी हो सके।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूं और

मैं इस बजट का समर्थन भी करता हूं।

श्री दारा सिंह चौहान (घोसी): महोदया, आपने मुझे रेल बजट की समयक चर्चा में अपनी बात कहने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देते हुए माननीय मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि रेल बजट पर जो चर्चा हो रही है, आबादी के हिसाब से उत्तर प्रदेश, जो आबादी के हिसाब से देश का छठवां प्रदेश है, उसकी जो उपेक्षा हुई है, इसका क्या कारण है? जिस प्रदेश ने देश को बहुत कुछ दिया है, जिस प्रदेश ने देश को कई प्रधानमंत्री दिए हैं, बहुत महत्वपूर्ण साहित्यकार और देश की आजादी के लिए जान देने वाले स्वतंत्रता सैनानी दिए है, लेकिन देश को रेल मंत्री न दे पाने के कारण शायद रेल के मामले में उत्तर प्रदेश की उपेक्षा हुई है। उत्तर प्रदेश को केवल एक ट्रेन मिली है। वह प्रदेश जो औद्योगिक रूप से तो महत्वपूर्ण है ही, साथ ही धार्मिक रूप से भी महत्वपूर्ण है, उसे देश के दूसरे हिस्सों से जोड़ने का कोई प्रयास नहीं किया गया है। आपने अपने बजट भाषण में, गरीब क्षेत्रों को, जो आजादी के बाद से अब तक उपेक्षित थे, उन्हें पैरा-1 में विश्वास दिया, तो देश के लोगों में अपेक्षा जगी कि आपके आने के बाद, जो उपेक्षित क्षेत्र रहे हैं, शायद उन्हें रेल मार्ग से जोड़ा जाएगा।[I66]

इसलिए ऐसे तमाम स्थान जिन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कोई प्रयास नहीं किया गया और आपके द्वारा जो टिकट में दो प्रतिशत की कटौती की गई है और चूंकि आपसे लोगों को बड़ी अपेक्षा है और बड़ा अच्छा संदेश गया है कि शायद आपके बनने के बाद इस देश में जो गरीब हैं, उनकी मांगें मान ली जाएंगी। एक रुपया आपने टिकट में कम किया है और उच्च श्रेणी टिकट पर मध्यम वर्ग के कुछ लोग जो यात्रा करते हैं, उनको दो प्रतिशत की छूट देकर निश्चित रूप से आपने गरीबों को निराश किया है। बजट में आपने 50 स्टेशंस को विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशंस स् के रूप में विकसित करने का जो प्रस्ताव किया है, उसमें उत्तर प्रदेश के लखनऊ, कानपुर, आगरा, मथुरा ऐसे ही जगह को आपने चुना है लेकिन इलाहाबाद, मेरठ, गोरखपुर, बरेली झांसी, आजमगढ़ और मऊ जैसे महत्वपूर्ण स्थानों को आपने उसमें शामिल नहीं किया है। इसलिए मैं मांग करता हूं कि इन स्टेशंस को भी इसमें शामिल किया जाए। एक बात के लिए मैं बधाई जरूर आपको देना चाहता हूं कि आपके अंदर आत्मविश्वास होने के नाते आपने बजट पेश करते समय जो संदेश दिया,...(व्यवधान)

कुमारी ममता बनर्जी : खाली ब्लू प्रिंट ही छाप दिया है।...(व्यवधान) दो और एक्सटेंशन हैं। उसके बाद 11, 12 हो जाएगा।

श्री दारा सिंह चौहान : मैं आपको बधाई इसलिए दे रहा हूं, शायद पहली आप रेल मंत्री हैं जिन्होंने आत्मविश्वास के साथ इस देश में एक संदेश दिया कि यह रेल बजट केवल आर्थिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि सामाजिक दृष्टिकोण से भी महत्व रखता है और आजादी के बाद इस पार्लियामेंट के अंदर आप ऐसी पहली मंत्री हैं जिन्होंने एससीएसटी कोटा पूरा करने का आश्वासन दिया है। आप समझती हैं कि इस देश में पिछड़े समाज के लोग भी बहुत बड़े पैमाने में रहते हैं जिनकी चर्चा आपने नहीं की है और मैं समझता हूं कि मंडल कमीशन लागू होने के बाद भी एससीएसटी और ओबीसी कोटा पूरा करने का प्रयास करेंगी। लेकिन इस सुझाव के साथ कि आपने जो किया, निश्चित रूप से बहुत सारे लोगों को अच्छा लगा। कुछ लोगों को तकलीफ भी हो सकती है क्योंकि इसमें साजिश भी हो सकती है। जिस तरीके से उत्तर प्रदेश की मुख्य मंत्री बहन मायावती जी ने दो साल के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश में एससीएसटी और ओबीसी का कोटा पूरा करने का काम किया है, उसमें भी जनहित याचिका दाखिल कर उसे रुकवाने की साजिश की गई,...(व्यवधान)

सभापति महोदया : दारा सिंह जी, आपका समय समाप्त हो गया है। आपकी पार्टी के अभी दो मैम्बर्स और भी बोलने के लिए हैं।

श्री दारा सिंह चौहान : मैडम, मेरे पास अभी 15 मिनट का समय है। मैडम, मैं उम्मीद करूंगा कि एससीएसटी और ओबीसी कोटा पूरा करने का आप ईमानदारी से प्रयास करेंगी। बजट में जो 17 रेल लाइनें बिछाने का आपने प्रस्ताव किया है, कई बार आपके द्वारा भी पार्लियामेंट में घोषणा हुई है लेकिन उसमें केवल ऊंचाहार, अमेठी, सुलतानपुर और सालौन ही प्रस्तावित है, अन्य महत्वपूर्ण स्थानों को छोड़ दिया गया है। मैं समझता हूं कि उनको भी इसमें जोड़ा जाए। जिस स्थान से मैं आता हूं, उसके पूर्वांचल की मैं बात करता हूं, 170 कि.मी. जो रेलमार्ग है, बलिया, छपरा, आजमगढ़, मऊ और शाहगंज, जो आज तक इससे अछूता रहा है, मैं समझता हूं कि इन पर न तो कोई नयी रेलगाड़ी दी गई है, न इसका विस्तार किया गया है, अगर दी गई है तो दिल्ली से गोरखपुर होकर मुजफ्फरपुर जाती है, या तो इलाहाबाद बनारस होकर कोलकाता होकर चली जाती है लेकिन बीच के मार्ग को कभी किसी ने छुआ तक नहीं है। लेकिन हमें आपसे बड़ी अपेक्षा है। मैं एक बात और आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं कि इंदारा, दोहरीघाट अंग्रेजों के जमाने की रेल लाइन है, जो मैं समझता हूं कि यह लगभग 30-35 कि.मी. है और यह छोटी लाइन है। वह इंदारा से लेकर मऊ-बलिया-शाहगंज-लखनऊ-दिल्ली तक चली जाती है लेकिन वह पुराने जमाने की 30-35 कि.मी. लाइन आज तक बड़ी रेल लाइन में बदल नहीं पाई है। इसलिए मैं आपसे मांग करता हूं कि इस छोटी लाइन को बड़ी लाइन में परिवर्तित किया जाए। इसका तो सर्वे भी हो चुका है और पुराना जो प्रस्ताव है कि दोहरीघाट से सहजरवा को जोड़ दिया जाए, मैं समझता हूं कि गोरखपुर से सीधे कनैक्ट हो जाएगा। इससे काफी लोगों को सुविधा मिलेगी। मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि आपने अपने बजट भाषण में इस बात का जिक्र किया था, पहली बार आपने बहुत सारी घोषणाएं भी कीं जिससे काफी लोगों में खुशी है लेकिन आजमगढ़-मऊ जहां मुबारकपुर-मऊ में बनारसी साड़ी का सबसे बड़ा उद्योग है, बनारसी साड़ी बनती है, जहां देश के कोने-कोने में उसका व्यापार होता है, वह आजमगढ़-मऊ सामाजिक शैक्षणिक दृष्टिकोण से बड़ा महत्वपूर्ण है जहां शिक्षा ग्रहण करने के लिए लोग आते हैं। आप पहली रेल मंत्री हैं, जिन्होंने मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए सुविधा देने का काम किया है। इसलिए मैं आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं कि वह मुबारकपुर जहां पर सुरफिया अरबी विश्वविद्यालय जो एशिया स्तर का है, सराय-रेलवे-बेतुरलुम मदरतुल इसला जो विश्व स्तरीय [r67]है। मऊ में भी तमाम एजुकेशनल स्टेशन हैं वहां तमाम बच्चे आंध्र प्रदेश, बंगलौर, महाराष्ट्र यहां तक कि इंडोनेशिया आदि से भी पढ़ने आते हैं लेकिन उनके आने-जाने के लिए रेल लाइन को कोई जोड़ने का काम नहीं किया है। पूर्वांचल, उत्तर प्रदेश बड़ा गरीब प्रदेश

है।...(व्यवधान) यहां से सबसे ज्यादा लोग कोलकाता में काम करने के लिए जाते हैं लेकिन आज तक कोलकाता के लिए कोई रेल लाइन नहीं जोड़ी गई है। ...(व्यवधान) हो सकता है मेरे कहने में शब्दों में थोड़ा हेरफेर हो गया हो।...(व्यवधान)

सभापति महोदया : आप स्पीच ले कर दें। मैडम को पेपर दे दें।

â€¦(व्यवधान)

श्री दारा सिंह चौहान : मैं समझता हूं कि इलाहाबाद घटनी सिंगल ट्रैक की आठ घंटे की दूरी दो घंटे में तय की जा सकती है। ...(व्यवधान) माननीय मंत्री जी जहां से मैं सांसद हूं वहां से ऐसी कोई ट्रेन नहीं है जहां से मैं, मऊ से सीधे दिल्ली समय से पहुंच सकूं। एक ट्रेन लिच्छवी जो पहले मुजफ्फरपुर से चलती थी उसे सीतामढ़ी तक बढ़ा दिया गया है लेकिन बढ़ने के कारण वह ट्रेन नौ घंटे लेट चलती है। मऊ में ट्रेन आने का समय दिन में एक बजे है लेकिन रात में नौ बजे आती है। मैं माननीय मंत्री जी से चाहता हूं कि माननीय मंत्री मऊ से एक ऐसी ट्रेन चलाएं जो दिल्ली सुबह छः बजे पहुंच जाए।...(व्यवधान)

सभापति महोदया: आपकी पार्टी के दो सदस्य, जो बोलने वाले हैं, उनके पांच मिनट घट गए हैं। उनको पांच मिनट कम मिलेंगे।

â€¦(व्यवधान)

श्री दारा सिंह चौहान : मैं समझता हूं कि मऊ, जहां साड़ियां बनती हैं, इसे मुम्बई, कोलकाता,बंगलौर और सूरत से जोड़ा जाए। इससे व्यापार बढ़ेगा और बुनकरों को फायदा होगा। इसी के साथ सफाई की तरफ भी ध्यान देना होगा...(व्यवधान) आजादी के इतने वर्ष हो गए हैं लेकिन अब भी मऊ में भी फ्लाई ओवर की जरूरत है, यहां सबसे बड़ी आबादी रहती है। यहां फ्लाई ओवर की जरूरत है क्योंकि लाखों लोग उस पार जाते हैं।...(व्यवधान)

सभापति महोदया: मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि आपकी पार्टी के दो मैम्बर बोलने वाले थे लेकिन अब केवल एक मैम्बर को ही बोलने का मौका मिलेगा।

â€¦(व्यवधान)

श्री दारा सिंह चौहान : अपनी स्पीच ले भी कर दूंगा। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं कि पूर्वांचल बहुत उपेक्षित रहा है और आपने बहुत कुछ दिया है लेकिन मैं चाहता हूं कि आजमगढ़, बलिया, मऊ, सहारनपुर को जोड़कर सीधी रेल सेवा से जोड़ा जाए।

कुमारी ममता बनर्जी : छः एक्सटेंशन का प्रपोजल होगा तो मैं क्या करूं?

सभापति महोदया: जब कल मंत्री महोदया जवाब देंगी तब आप बोल लेना।

श्री निखिल कुमार चौधरी (कटिहार): सभापति महोदया, रेल बजट वर्ष 2009-2010 के संबंध में बोलने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं माननीय रेल मंत्री, ममता जी को बधाई देना चाहता हूं क्योंकि ममता जी ने एनडीए सरकार में दो बार रेल मंत्री रहकर सराहनीय कार्य किया। अब जो रेल बजट प्रस्तुत हुआ है, वह भी अनूठा है और निश्चित तौर से कई सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं। अच्छे कार्यों की प्रशंसा होनी चाहिए इसलिए मैं आपको बधाई देता हूं। मैं आपको इसलिए भी बधाई देता हूं कि आप मेरे पड़ोस की हैं। मैं कटिहार संसदीय क्षेत्र से आता हूं और बगल में बंगाल लगता है। आपको पता है कि जिस क्षेत्र से मैं हूं वह एनएफ रेलवे का डिवीजनल हैडक्वार्टर है। आपने रेल बजट में पूर्व और आज की वर्तमान सरकार के पूर्व रेल मंत्री द्वारा जो कुछ कमियां रही हैं, उनको दूर करने के लिए कई सुधारात्मक कदमों की ओर इशारा किया है। समय की कमी है इसलिए मैं इस बारे में विशेष तौर पर कुछ नहीं कहूंगा लेकिन मैं इतना जरूर कहूंगा कि अगर आप उसमें सुधार कर जाएंगी एक ऐतिहासिक रेल मंत्री के रूप में प्रतिष्ठित होंगी। मैं आपसे यह भी कहना चाहता हूं कि आप पड़ोस में हैं लेकिन आपने पड़ोसी को ही भुला दिया। आपकी आंखों से बिहार तो ओझल हुआ ही है साथ ही कटिहार का डिवीजनल हैडक्वार्टर से जुड़ा हुआ इलाका भी ओझल हो गया। [r68]

मैं सीधे उन विषयों पर आना चाहता हूं कि कटिहार से पटना तक एक ट्रेन कैपिटल एक्सप्रैस चलती थी। स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी जी ने उसका शुभारम्भ किया था। आज इस ट्रेन का विस्तार अलीपुरद्वार-गुवाहाटी तक कर दिया गया है। यात्रियों का दबाव बढ़ गया है, लेकिन ट्रेन के डिब्बे नहीं बढ़े और आजकल ए.सी. में चलने वाले लोगों की तादाद बढ़ गई है। मैं आपसे मांग कर रहा हूं कि इसी रेल बजट में आपके द्वारा तत्काल आदेश हो जाएं कि इस ट्रेन में एक ए.सी. सैकिंड और ए.सी. थर्ड कोच लग जाएं।

दूसरी बात मैं कहना चाहता हूं कि वहां से हाटेबाजार एक ट्रेन चलती है, जिससे आप वाकिफ हैं। नीतीश जी के जमाने में हाटेबाजार ट्रेन का बरौनी की तरफ विस्तार हो गया और लालू जी ने उसे सहरसा पहुंचा दिया। उस ट्रेन की हालत यह है यह पांच-छः घंटे विलम्ब से चलती है। कटिहार के लिए वह हाटेबाजार ट्रेन थी, कटिहार और उस एरिया के लोग कोलकाता और सियालदह मार्केटिंग करने के लिए जाते थे। वे रात में चलते थे, दिन में मार्केटिंग करते थे और फिर उसी ट्रेन से शाम को लौटते थे और सुबह कटिहार लौट आते थे। कई जिलों को इससे

लाभ होता था। लेकिन अब इस हाटेबाजार ट्रेन का कोई मकसद नहीं रह गया है। इसलिए मेरा आग्रह है कि कटिहार से कोलकाता के लिए आप एक नई ट्रेन दें, जिसका आपने इसमें प्रावधान नहीं किया है।

मैं आपसे यह भी आग्रह करना चाहता हूं कि कई ऐसी ट्रेनें हैं जो बरौनी में ऐसे ही पड़ी रहती हैं। अभी आपको मंत्री बने लगभग डेढ़ महीना हुआ है। मैं समझता हूं कि यदि आप इस तरफ पूरा ध्यान देंगी तो कई ऐसी ट्रेनें हैं, जिन्हें आप वॉयबल बना सकती हैं। वे ट्रेन्स हैं - बरौनी से ग्वालियर, वैशाली एक्सप्रैस, जो कटिहार से चलती थी, वह हमसे छीन ली गई। बरौनी-लखनऊ एक्सप्रैस, ये ट्रेनें दस से बारह और सोलह घंटे तक बरौनी में पड़ी रहती हैं। कटिहार में डबल पीट लाइन है और अपनी कैपेसिटी के अनुसार दस ट्रेनों की सफाई वह पीट लाइन कर सकती है। इन ट्रेनो का विस्तार कटिहार तक किया जाए और कटिहार से इसे चलाया जाए। आपको पता है कटिहार से जोगबनी और कटिहार से राधिकापुर का आमान परिवर्तन हुआ, कई नई ट्रेनें चल रही हैं। लेकिन जो हमारी पुरानी ट्रेनें थीं, वे हमसे छीन ली गई हैं। इसलिए हमारा आग्रह है कि हमारी पुरानी ट्रेनें बहाल की जाएं। मैं मांग करता हूं कि जो नई गाड़ियां आपने इसमें इंट्रोडयूस नहीं की हैं, उनमें जोगबनी-सूरत, जोगबनी-देहरादून, जोगबनी-रांची और कटिहार से बंगलौर के लिए आप ट्रेनें चलायें।

सभापति महोदया : आपका समय हो गया है। अब आप समाप्त कीजिए।

श्री निखिल कुमार चौधरी : मैडम, मैं दो मिनट में समाप्त कर दूंगा और शेष स्पीच ले कर दूंगा।

जो इम्पॉर्टेन्ट प्वाइंट्स हैं, उन्हें मैं यहां कह देना चाहता हूं।

सभापति महोदया : आप एक मिनट में समाप्त कीजिए और शेष ले कर दीजिए। आप तो बहुत होशियार मैम्बर हैं।

श्री निखिल कुमार चौधरी : मैं अभी समाप्त करता हूं। आपने पचास जंक्शंस को विश्वस्तरीय बनाने के लिए चुना है। लेकिन पटना को आपने अपनी आंखों से ओझल कर दिया। बहुत अच्छा होता कि आप एक आदर्श बदला देते और पटना को उसमें शामिल करते, पटना को भी आप उनमें रखते। हमने तो कटिहार के लिए कहा है।

इसके अलावा मैं मागं करता हूं कि सेमापुर, कुर्सोला, काढ़ागोला स्टेशन में रोशनी की और व्यवस्था की जाए। कटिहार, मनिहारी, बलुआघट्टी रेल खंड का विस्तार वाया आमदाबाद, भालुकारोड तक किया जाए, जिससे पश्चिम बंगाल के लिए एक दोहरा ट्रेन मार्ग भी हो जाए।

कटिहार में गौशाला रेलवे गेट पर ओवरब्रिज की मांग मैं पिछले छः सालों से कर रहा हूं, लेकिन वह काम पूरा नहीं है। मुझे आशा है कि आपकी ममताभरी नजर इस पर पड़ेगी और बिहार सरकार इसमें आपको सहयोग करने के लिए तैयार है।

सभापति महोदया : आप पेपर्स ले कर दीजिए।

*__श्री निखिल कुमार चौधरी (कटिहार)__ मैं 2009-2010 के रेल बजट पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं । अध्यक्ष महोदया, मैं निखिल कुमार चौधरी, सांसद, कटिहार लोक सभा क्षेत्र से आता हूं । रेल बजट माननीया रेल मंत्री के द्वारा दिनांक 03.07.2009 को लोक सभा में प्रस्तुत किया गया । कटिहार मंडल रेल माननीया रेल मंत्री के बजट से विल्पुत है ।

अतः कटिहार जंक्शन जो सामरिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण स्टेशन है । इसके लिए कुछ अति आवश्यक, महत्वपूर्ण एवं जनकल्याणकारी मांग आपके माध्यम से रखता हूं ।

- कटिहार में रेलवे की सैंकड़ो एकड़ जमीन खाली पड़ी हुई है , इस भूमि पर रेल इंजन के रख-रखाव एक मरम्मती हेतु वार्कशाप रेल स्लीपर का कारखाना लगाया जाए ।
- मनिहारी एवं साहेबगंज के बीच सड़क सह रेल पुल की मांग , बिहार एवं झारखंड की जनता पूर्व से करती आ रही है । यहां सड़क सह रेल पुल का निर्माण कराया जाय ।

नई गाड़ियों की मांगः-

- हावड़ा / सियालदाह से कटिहार के बीच इन्टरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन सुनिश्चित किया जाए ।
- दिल्ली से कटिहार के बीच एक नानस्टाप ट्रेन का परिचालन किया जाए ।
- कटिहार से दिल्ली के बीच एक गरीब रथ एक्सप्रेस चलाई जाए ।
- कटिहार से रॉची वाया सनठिया एक नई गाड़ी का परिचालन किया जाए ।
- कटिहार से दक्षिण भारत के लिए एक नई गाड़ी का परिचालन किया जाए ।
- कटिहार से राधिकापुर तथा कटिहार से जोगबनी रेल खंड का आमान परिवर्तन से पूर्व कुछ महत्वपूर्ण एवं आवश्यक गाड़ियों का परिचालन होता था । आमान परिवर्तन के कार्य हेतु इन गाड़ियों का परिचालन बंद कर दिया गया था, जिनका पुनः परिचालन नहीं किया गया । मेरी मांग है कि निम्नलिखित गाड़ियों का परिचालन पुनः सुनिश्चित किया जाए ।

क. कटिहार -सिलीगुड़ी यात्री सवारी गाड़ी (651-652)

ख. कटिहार- बारसोई यात्री सवारी गाड़ी (653-654)

ग. कटिहार - जयनगर जानकी एक्सप्रेस ।

गाड़ियों के विस्तारीकरण की मांगः-

वैशाली एक्सप्रेस तथा वरौनी लखनऊ एक्सप्रेस जो पूर्व में कटिहार से चला करती थी वर्तमान में इन गाड़ियों का परिचालन बरौनी से हुआ करता है । उक्त गाड़ियां बरौनी में क्रमशः 16.15 घंटा एवं 12 घंटा अनावश्यक रूप से खड़ी रह जाती है । मेरी मांग है कि इन गाड़ियों को पुनः कटिहार जंक्शन तक विस्तारित किया जाए । कटिहार तक विस्तार करने से इन गाड़ियों के परिचालन में किसी प्रकार की कोई असुविधा नहीं होगी तथा निश्चित समय पर कटिहार में सफाई के पश्चात गाड़ियां सही-समय पर बरौनी पहुंच जाएगी ।

माननीया रेल मंत्री द्वारा आलीपुरद्वार-रांची एक्सप्रेस (5761-5762) जो वाया मालदा होकर चलती थी का विस्तार गोहाटी तक किया गया है । मेरी मांग है कि उक्त गाड़ी को बारसोई से सनौली के रास्ते कटिहार लाया जाए एवं पुनः कटिहार से लाभा, कुमेदपुर के रास्ते मालदा ले जाया जाए तो काफी कम समय में एवं बहुत ही कम व्यय के साथ कटिहार, पूर्णियां, अररिया के यात्रियों को झारखंड के लिए एक गाड़ी मिल जायेगी साथ ही साथ रेल के राजस्व में भी वृद्धि होगी ।

गाड़ियों के ठहराव की मांगः-

बारसोई रेल जंक्शन में निम्नलिखित गाड़ियों का ठहराव सुनिश्चित किया जाए ।

राधिकापुर-सियालदाह एक्सप्रेस (3145-3146) का ठहराव आजमनगर स्टेशन में दिया जाए ।

डिब्रुगढ़ - अमृतसर (5647-5648) एक्सप्रेस, लोहित एक्सप्रेस (5651-5652) , दादर एक्सप्रेस वाया मालदा (5647-5648) , पूरी एक्सप्रेस (5639-5640), गोहाटी एर्नाकुलम एक्सप्रेस (2507-2508), गौहाटी-त्रिवेन्द्रम एक्सप्रेस (2515-2516), गोहाटी-जोधपुर-बीकानेर एक्सप्रेस (5631-5632)

काढ़ागोला स्टेशन के पास लक्ष्मीपुर-भंडारतल सिक्खों का एक प्रसिद्ध धर्मस्थल है । उक्त धर्मस्थल के दर्शन हेतु देश के सभी भागों से लोग आया करते हैं। मेरी मांग है कि उक्त स्टेशन पर नार्थ ईस्ट (2505-2506) एवं अवध-असम (5609-5610) का ठहराव दिया जाए ।

तेलता, सुधानी एवं प्रखण्ड मुख्यालय प्राणपुर स्टेशन में महानन्दा एक्सप्रेस (4083-84) तथा अवध असम एक्सप्रेस (5609-5610) का ठहराव दिया जाए ।

काढ़ागोला, कुर्सोला, सेमापुर तथा बरारी कृषि प्रधान क्षेत्र है , यहां किसान प्रचुर मात्रा में केला, मक्का एवं मखाना की खेती करते हैं, अतः मेरी मांग है कि काढ़ागोला स्टेशन में माल ढुलाई हेतु रेक प्वांइट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ।

सेमापुर, कुर्सोला एवं काढ़ागोला स्टेशनों में जेनरेटर / सौर ऊर्जा से रोशनी की व्यवस्था की जाए तथा महिला /पुरूष प्रतीक्षालय की व्यवस्था के साथ-साथ कम्प्यूटरीकृत उद्घोषणा यंत्र की व्यवस्था की जाए ।

कटिहार जंक्शन को विश्वस्तरीय स्टेशन का दर्जा दिया जाए ।

कटिहार -मनिहारी - बलुआघट्टी रेल खंड का विस्तार वाया आमदाबाद, भालुकारोड तक किया जाए ।

कटिहार में गौशाला रेलवे गेट एवं भगवान चौक रेलवे गेट पर रेल ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाए ।

कटिहार रेल मंडल अन्तर्गत दालकोला एवं तेलता स्टेशन के बीच हजियार में हॉल्ट दिया जाए ।

इन्हीं मांगों के साथ मैं अपना भाषण समाप्त करता हूं ।

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): सभापति महोदया, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे रेल मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट पर बोलने का अवसर दिया। इस बजट पर मैं सबसे पहले रेल मंत्री को, कांग्रेस यूपीए की सरकार को बधाई देता हूं[BS69]।

मैं इस बात की भी बधाई देता हूं कि जिस तरह से पूरी दुनिया आर्थिक मंदी से गुजर रही है और जिस तरह से मूल्य वृद्धि हो रही है, स्वाभाविक है कि उस दबाव के बावजूद भी रेल किरायों और माल-भाड़े में वृद्धि नहीं की गई है। निश्चित तौर पर देश की जनता को राहत देने वाला यह रेल बजट है। मैं इस बात के लिये भी बधाई देता हूं कि पिछले दिनों पूर्व रेल मंत्री ने छठे वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू किया, उसका भी दबाव पड़ा। उसके बावजूद...(व्यवधान)

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री

(श्री श्रीप्रकाश जायसवाल): सभापति महोदया, माननीय सदस्य की मेडन स्पीच है।

श्री जगदम्बिका पाल : नहीं, मैं पहले राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर बोल चुका हूं। माननीय मंत्री जी मेरे सपोर्ट में कह रहे हैं।

सभापति महोदय : चूंकि आपने कहा, इसलिये 4-5 मिनट का समय और दूंगी।

श्री जगदम्बिका पाल : मैं इसलिये भी बधाई देता हूं कि माननीय रेल मंत्री जी ने इनोवेटिव फाइनैंसिंग की बात की है। यहां तमाम प्रतिपक्ष के माननीय सदस्यों द्वारा सवाल उठाया गया है और प्रतिपक्ष और सभी ने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इस बजट का स्वागत किया है। इसके अलावा प्रतिपक्ष के माननीय सदस्यों ने श्वेत पत्र की बात भी उठायी है जिसके बारे में रेल मंत्री जी ने और पूर्ववर्त्ती रेल मंत्री ने अपनी बात से जवाब दिया है।

सभापति महोदया, जहां तक खर्चे की बात है, यहां कहा गया कि पैसा कहां से आयेगा? रेल की आय 27 पैसे पैसेंजर्स से होती है, 65 पैसे माल-भाड़े से होती है। वेतन-भत्ते पर 27 पैसे खर्च होता है, पेंशन देनदारियों पर 11 पैसे, ईंधन पर 17 पैसे, पूंजी फंड पर 15 पैसे, विविधि फंडों पर 8 पैसे, लाभांश पर 7 पैसे, विकास फंड 3 पैसे और भंडारण पर 4 पैसे खर्च होता है। इन सब के बावजूद इतनी घोषणायें हुईं, उनके द्वारा कमिटमेंट की बात हो रही है। मैं यू.पी.ए. चेयरपरसन श्रीमती सोनिया गांधी और प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह जी को बधाई दूंगा कि उन्होंने इतना बजटरी सपोर्ट दिया है। जहां तक अंतरिम बजट की बात है, 10 हजार करोड़ रुपये की सपोर्ट थी। उसमें 5 हजार करोड़ रुपये मिलाकर उसे 15 हजार करोड़ रुपया किया है। 15 हजार करोड़ रुपया इनफ्रास्ट्रक्चर और डेवलेपमेंट के लिये किया है। मैं समझता हूं कि पहली बार स्टीरिओ से हटकर मानवीय संवेदनाओं पर आधारित यह रेल बजट है। कांग्रेस आम आदमी के लक्ष्य को लेकर चली थी और जब डा. मनमोहन सिंह जी की सरकार बनी, तो रेल मंत्री उसे मां, मिट्टी और मानुष के रूप में लेकर आयी है। उन मानवीय संवेदनाओं का इस

बजट में समावेश किया गया है।

सभापति महोदया, अभी तक रेल केवल पटरियां बिछाने, रेल के डिब्बे बनाने, स्टेशन का निर्माण करने और रेलगाड़ियों में सफर कराने का काम करती थी लेकिन पहली बार इस कार्य से हटकर 14 लाख कर्मचारियों के बारे में सोचा है। जब उन्हें रात के दो बजे मीमो मिलता है और अपनी पैसेजर या गुड्स ट्रेन लेकर चलते हैं और दूसरे दिन लौटते हैं, उन्हें अपने बच्चों के भविष्य के बारे में चिन्ता होती है, उन लाखों लोगों की आशाओं और उनकी भावनाओं की कद्र की है जिनकी आंखो में एक सपना होता है। जब दुनिया सोती है, वे रात को ट्रेन लेकर चलते हैं, चाहे पैसेंजर ट्रेन हो या गुड्स ट्रेन हो। वे चाहते हैं कि उनके बच्चे डाक्टर बने, उनकी बेटी नर्स बने ताकि वे अपने पैरों पर खड़े हो सकें, उनके लिये बड़ा काम किया है। इस सब के लिये पैसा कहां से आयेगा? इसलिये इनोवेटिव फाइनैंसिंग की बात कही गई है।

सभापति जी, माननीय रेल मंत्री जी ने साफ कह दिया है कि वे रेल की किसी जमीन का निजीकरण नहीं करने जा रहे हैं। हम केवल पी.पी.पी. के माध्यम से चलाने की अनुमति देंगे। वह हमेशा रेल की सम्पति रहेगी। यह अपने आप में एक ऐतिहासिक कदम है। शायद एन.डी.ए. और बी.जे.पी. इस बात की आलोचना कर रहे थे। वे भूल गये थे कि वे डिविडैंड नहीं दे पा रहे थे और उस समय निजीकरण की बात चल रही थी...(व्यवधान)

सभापति महोदया : आपको बोलते हुये पांच मिनट हो गये हैं।

श्री जगदम्बिका पाल : सभापति जी, अभी तो मैंने शुरु किया है।

सभापति महोदया : मैं मास्टर हू, तभी मैंने आपको याद दिला दिया है।[s70]

17.55 hrs.

(Shri Francisco Cosme Sardinha *in the Chair*)

अगर आज भाजपा, एनडीए की सरकार होती तो निश्चित तौर पर रेलवे निजी क्षेत्र में चला जाता। भाजपा, एनडीए की सरकार के बाद हमें जो रेलवे विरासत में मिली थी, जब घाटे का बजट चल रहा था उसे हमारी कांग्रेस, यूपीए की सरकार के पिछले रेल मंत्री जी ने घाटे से उबारा और लाभ में लाये। हमें डिविडेंड दिया और पूरी दुनिया ने यह माना कि इतना बड़ा प्रतिष्ठान सरकारी सेक्टर, पब्लिक सेक्टर में भी लाभ में चल सकता है। आज पूरी दुनिया मंदी के दौर से गुजर रही है। हमने वर्ष 2008-09 में भी लाभांश की पूर्ण देनदारी 4,717 करोड़ रूपए दी है। सरप्लस में इस गिरावट के बावजूद हम वर्ष 2009-10 में उच्च लाभांश की देनदारी को चालू वित्त वर्ष में 5,479 करोड़ रूपए देने जा रहे हैं। इस बार हम 762 करोड़ रूपए लाभांश अधिक देंगे, जबकि चालू वित्त वर्ष में रेलवे के सरप्लस में 3,000 करोड़ रूपए की गिरावट आयी है। वर्ष 2008-09 में हमारा सरप्लस 17,400 करोड़ रूपए का था और आज वर्ष 2009-10 में हमारा सरप्लस 3199 करोड़ रूपए का हो गया है। किसी बजट का मूल्यांकन कैसे होगा, या तो इसे देश की जनता करे, या इसे प्रेस और मीडिया के लोग करें, या स्टॉक एक्सचेंज मार्केट करे। मैं समझता हूं कि इस बजट को देश की जनता ने भी सराहा है। सारे मीडिया ने लिखा है कि ममता ने ममता बहायी, ममता ने सौगात दी। आप स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स देखिए, जिस दिन रेल बजट प्रस्तुत हुआ था, उस दिन शाम को उसमें 254.56 अंको का उछाल आया था और यह अपने आप में एक रिकार्ड है। यह निचले स्तर पर जब था तो यह 14,499.74 था और शाम को 14,913 पर बंद हुआ। यह बजट उस समय आया है जब इंटरनेशनल मार्केट में डीजल और पैट्रोल के दाम बढ़ाने की बाध्यता थी। इनके दामों में वृद्धि हुई है। आज पूरे देश में 80 परसेंट ट्रांसपोर्टेशन ट्रकों से होता है और उन्होंने तुरन्त भाड़ा 6 से 8 परसेंट तक बढ़ा दिया। आज डीजल के दामों में बढ़ोत्तरी से वह बोझ रेल पर भी आया है। मैं अपनी सरकार को बधाई देना चाहूंगा कि दामों में वृद्धि के बावजूद भी माल ढुलाई के भाड़े में कोई वृद्धि नहीं हुई है। अब निश्चित तौर से रेल ढुलाई का काम बढ़ेगा, लेकिन मैं मिनिस्ट्री ऑफ सरफेस ट्रांसपोर्ट से यह कहना चाहूंगा कि जो गोल्डन कॉरीडोर बनाया जा रहा है, उसकी ओवर लैपिंग न हो। मेरा सुझाव है कि मिनिस्ट्री ऑफ सरफेस ट्रांसपोर्ट से बात करके एक समन्वय स्थापित किया जाए।

महोदय, अब मैं थोड़ी सी बात उत्तर प्रदेश की करना चाहता हूं। उत्तर प्रदेश से उत्तरांचल अलग हो गया है और यह बात ध्यान देने योग्य है। शायद समय की कमी की वजह से माननीया मंत्री जी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। आज यदि पूरी दुनिया में हिन्दुस्तान की पहचान है तो वह ताजमहल से है या फिर बुद्धिस्ट सर्किट से है। सारनाथ, कुशीनगर, देवरिया आज पूरा का पूरा बुद्धिस्ट सर्किट है। सिद्धार्थ नगर में मेरे लोकसभा क्षेत्र में उनकी जन्मस्थली कपिलवस्तु है, श्रावस्ती है। इस बुद्धिस्ट सर्किट पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। आज स्थिति यह है कि गोरखपुर में नेपाल का ट्रैफिक, बिहार का ट्रैफिक, पूर्वी उत्तर प्रदेश का ट्रैफिक है, लेकिन गोरखपुर को न तो वर्ल्ड क्लास के स्टेशन में लिया गया और न ही मॉडल स्टेशन में लिया गया है। गोरखपुर से गोण्डा जो मीटर गेज है, जिससे बुद्धिस्ट सर्किट का टूरिस्ट आता है, उसको ब्रॉड गेज करने के संबंध में कोई प्रोविजन नहीं हुआ है, इसे किया जाना चाहिए। शायद वक्त की कमी थी, लेकिन माननीया मंत्री जी को अब उस पर विचार करना चाहिए। आज अगर हमें दुनिया भर के भगवान बुद्ध को मानने वाले लोगों को आकर्षित करना है तो इसे करना होगा। आज गोरखपुर से लखनऊ जो डबल लाइन हो रही है, वह अपने इंटरनल रिसोर्सेज से हो रही है। इसे भी बजटरी प्रोविजन का सपोर्ट मिलना चाहिए। आज वहां रेल लाइन की यूटिलाइज्ड कैपेसिटी 100 परसेंट हो गयी है। आज लखनऊ से आगे कानपुर तक यह 100 परसेंट हो गयी है। आज वहां डबल लाइन बनाना रेलवे और यात्रियों दोनों की आवश्यकता है। उस बुद्धिस्ट सर्किट को चाहे कुशीनगर, सारनाथ, श्रावस्ती, कपिलवस्तु को जोड़ने के लिए, मीटर गेज से ब्राडगेज किया जाए। नौगढ़ जो सिद्धार्थ नगर का स्टेशन है उसे मॉडल स्टेशन बनाया जाना चाहिए। जितनी गाड़ियां गोरखपुर से चलती थीं, वे बिहार चली गयीं। आज गोरखपुर में सबसे ज्यादा ट्रैफिक है, 100 परसेंट ट्रैफिक है, इसलिए वहां पर ट्रेनें बढ़ायी जानी चाहिएं। यहां पर केवल एक साप्ताहिक सुपर फास्ट ट्रेन है। आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

18.00 hrs.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF WATER RESOURCES (SHRI PAWAN KUMAR BANSAL): Sir, I propose that the time of the House may be extended upto 8 p.m.

MR. CHAIRMAN : Is it the pleasure of the House that the time of the House be extended upto 8 p.m.?

SEVERAL HON. MEMBERS: YES.

MR. CHAIRMAN: Shrimati Meena Singh may speak now.

श्रीमती मीना सिंह (आरा): माननीय सभापति जी, सबसे पहले मैं आपका आभार प्रकट करना चाहूँगी कि आपने मुझे रेल बजट पर चर्चा में भाग लेने का अवसर दिया। मैं नई सांसद हूँ। मुझे बजट की बारीकियों का ज्ञान नहीं है परंतु मैं बजट को जितना समझ पाई हूँ, उससे ऐसा लगता है कि ममता दीदी का ध्यान बजट तैयार करते समय खास तौर से बंगाल पर केन्द्रित था। चाहे वह नई ट्रेन चलाने की बात हो, आदर्श स्टेशन बनाने की बात हो या नई रेल लाइन की बात हो, बजट में हर जगह कोलकाता, स्यालदाह और पश्चिम बंगाल ही छाया हुआ है। ममता दीदी बंगाल में ज्यादा काम करें, मैं इसका विरोध नहीं करती परंतु न जाने क्यों हमारे प्रांत बिहार से रेल मंत्री जी नाराज़ दिखीं। बिहार के लिए कुछ भी खास नहीं दिया गया है। यहां तक कि पूर्व रेल मंत्री जी द्वारा जो घोषणाएँ पूर्व में की गईं, उन पर भी रेल मंत्री जी चुप रहीं। आरा-सासाराम रेल लाइन बनकर तैयार है। जल्दबाजी में आदरणीय लालू जी ने चुनाव घोषणा के पूर्व उस रेल खंड पर मालगाड़ी चलवाकर उसका उद्घाटन भी कर दिया था। यह अलग बात है कि लालू जी को उस चुनाव में लाभ नहीं मिला, परंतु उसके बाद से आज तक उस पर कोई ट्रेन नहीं चल रही है। ...(व्यवधान)

मुझे आपके माध्यम से ममता दीदी से आग्रह करना है कि पटना आरा सासाराम होते हुए वाराणसी तक एक ट्रेन चलाई जाए। मैं रेल मंत्री जी को यह अवश्य बताना चाहूँगी कि यह रेल लाइन मेरे तथा लोक सभा की माननीय अध्यक्ष के निर्वाचन क्षेत्र को जोड़ती है। मुझे पूरी उम्मीद है कि मेरा नहीं, अपितु अध्यक्ष महोदया जी का ख्याल रखते हुए अवश्य ही इस रूट पर मंत्री जी ध्यान देंगी।

एक दूसरा आग्रह है कि देश में 309 आदर्श स्टेशन बनाने की बात इस बजट में की गई है। बाबू कुँवर सिह जी महान स्वतंत्रता सेनानी थे। उनकी जन्मभूमि आरा में उनके सम्मान में आरा स्टेशन को आदर्श स्टेशन बनाया जाए। एक अंतिम मांग मैं ममता दीदी से करना चाहूँगी कि आरा स्टेशन पर संपूर्ण क्रांति एवं पटना राजधानी का ठहराव कृपा करके दिया जाए। मैं अपनी बात समाप्त करूँ, उससे पहले माननीय मंत्री जी को याद दिलाना चाहूँगी कि आप रेल मंत्री से पूर्व एक महिला हैं। महिलाएँ गन्दगी पसंद नहीं करतीं। आजकल तो राजधानी एक्सप्रैस जैसी ट्रेनें भी गन्दगी का शिकार हैं - चाहे उनके शौचालय हों, बिस्तर हों, सबका बुरा हाल है।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करती हूँ।

डॉ. तरुण मंडल (जयनगर): माननीय सभापति जी, मैं आपको धन्यवाद दूँगा क्योंकि इस सदन में पहली बार बोलने का मौका हमें आपने दिया। मैं बहुत खुश हुआ था आज जब ज़ीरो आवर में वेस्ट बंगाल की पी टी टी आई कठिनाइयों से संबंधित मेरा नोटिस एक्सैप्ट हो गया था और मैं सोच रहा था कि आज मुझे बोलने का मौका मिलेगा, मगर न जाने क्यों मुझे बोलने का मौका नहीं मिला।

मैं सबसे पहले अपनी रेल मंत्री जी का बहुत-बहुत अभिनन्दन करना चाहूँगा। जैसे एक आदर्श माँ होती है, वह सभी बच्चों को समान रूप से प्यार देती है। [b71]

किसी भी बच्चे को वह ज्यादा नहीं देती है, किसी को कम नहीं देती है। उनका रेलवे बजट बहुत ही कप्रेहेंसिव और वेल-बैलेंस्ड है। कश्मीर से कन्याकुमारी और अगरतला-असम से गुजरात तक उनकी एक समान दृष्टि है। देश में आर्थिक मंदी के बावजूद भी आम जनता के लिए उन्होंने रेल बजट बनाया है Which is examplary.

महोदया, रेल मंत्री जी ने सभी राजनीतिक पार्टियों और सांसदों से सुझाव मांगे थे, जिनमें से अधिकांश सुझावों को उन्होंने स्वीकार कर लिया है। इसके लिए मैं उन्हें बधाई देना चाहता हूं।

महोदया, मैं इस बात से सहमत नहीं हूं कि सभी कुछ बंगाल को दिया गया है। मैं सुंदरबन से आया हूं, जो कि आइला से प्रभावित है। वहां अभी तक रेल लाइन नहीं पहुंची है। She accepted some proposals of these areas for which I am grateful. रेलवे एक बढ़ती हुई नदी है। इसलिए आने वाले दिनों में हर जगह रेलवे ट्रेक पहुंचेगा। This is may belief.

महोदया, बजट में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप को लाया गया है। यह देखने में ऐसा लगता है कि यह आम जनता के लिए अच्छा होगा, लेकिन जो लोग इसमें पैसे डाल रहे हैं, उनका मोटिव पैसे बनाना है। जिस कार्य को पीपीपी द्वारा किया जाता है, उसमें आम जनता को ज्यादा पैसा देना होगा। जबकि सरकार द्वारा किए गए कार्य में ऐसा नहीं होता है। ममता जी ने कहा है- Social viability should take over economic viability for the development of our aam janta. पीपीपी के ऊपर ज्यादा ध्यान देने से हमारी सोशल वायबिलीटी कम हो जाएगी। Railways is the biggest profit earning enterprise of government which gives money to General Budget. Railways itself can bring up these projects with its own money instead done by PPP.

महोदया, छठे वेतन आयोग की सिफारिश थी कि रेलवे को कार्पोरेशन बना दिया जाए तथा एनडीए के समय में राकेश मोहन कमेटी ने रेलवे को डिवाइड करके प्राइवेट बनाने का सुझाव दिया था, इन सुझावों को नहीं मानना चाहिए।

महोदया, रेलवे की बोगीज़ में सुधार किए जाने की आवश्यकता है। आनबोर्ड और आउटबोर्ड सेफ्टी अच्छी होनी चाहिए। रेलवे में लालफीताशाही, ब्यूरोक्रेसी, करप्शन और पिलफ्रेज को रोकने की आवश्यकता है। रेलवे कर्मचारियों की डिमान्ड को भी पूरा किया जाना चाहिए। रेलवे में इम्पलायमेंट जनरेशन जरूरी है। रेलवे एक वायबल इन्टरप्राइज है, इससे सरकार को रैवेन्यू भी जाता है। I would request the hon. Railway Minister that the number of employees in the Railways should increase from 14 lakhs to 20 lakhs. By Vision 2020, the number of railway employees should be at least 20 lakhs.

My last submission is this. मंत्री जी ने रेलवे के लिए मेडीकल और नर्सिंग कालेज बनाने का प्रस्ताव किया है। मैं यह कहना चाहूंगा कि चाहे आप यह प्रोजेक्ट करें, लेकिन किसी भी छात्र से कैपीटेशन फीस नहीं ली जानी चाहिए। Merit should be the only criterion to give admission in any medical colleges.

महोदया, despite these observations मैं रेल मंत्री को इतना अच्छा बजट प्रस्तुत करने के लिए बधाई देता हूं और आपको भी धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया।

श्री लालू प्रसाद (सारण): सभापति महोदय, हमारी बोलने की इच्छा नहीं थी, लेकिन मैं देख रहा हूं कि बहस गलत दिशा में जा रही है। माननीय मंत्री जी के बजट भाषण से कई तरह की आशंकाएं सदन के माननीय सदस्यों को और सदन के बाहर बैठे हुए लोग, जिनकी रेल मंत्री के रूप में विफलता रही है, इतिहास और बाहर के लोग गवाह एवं साक्षी हैं कि भारतीय रेल जीवन रेखा है। इफ्रास्ट्रक्चर में भारतीय रेल की उपेक्षा नहीं का जा सकती। भारतीय रेल के बारे में लालू प्रसाद को कुछ कहना नहीं है, एनडीए गवर्नमेंट के समय में जो भारतीय रेल भारत सरकार का डिवीडेंड देने में चूक गई थी, यह इतिहास है, रिकार्ड की बात है। उस समय कौन मंत्री थे, कौन लोग थे और उसके बाद कौन मंत्री रहे हैं। तब डाक्टर राकेश मोहन कमेटी बनी थी, उस कमेटी ने काफी जांच-पड़ताल करने के बाद यह पाया था कि रेलवे की जो मौजूदा हालत है, सिर्फ मौजूदा ही नहीं, अगले 25 साल में भारतीय रेल का दीवाला पिट जाएगा, जिसे अंग्रेजी में बैंकरप्टसी कहते हैं। इसलिए भाड़ा बढ़ाओ और निजी हाथों में भारतीय रेल को सौपों। देश के बेरोजगारों के साथ, पिछड़े वर्गों, एससी, एसटी के बैकलॉग को नजरअंदाज करके 20 परसैंट पदों को समाप्त किया गया, सरंडर किया गया। रेलवे के रिकार्ड में भी है कि उस समय के मंत्री ने प्रधान मंत्री जी से हां में हां मिला कर हामी भर दी। यह पूरा एप्रहेंशन था, यूपीए सरकार के पहले, पूरे 14 लाख कर्मचारी, अधिकारी और पदाधिकारी को यह लग रहा था कि हमें समय पर तनख्वाह मिलेगी या नहीं, हमारी नौकरी रहेगी या नहीं। भाड़ा बढ़ाओ, भाड़ा बढ़ाओ, एकमात्र यही सुझाव आ रहे थे और होते रहे हैं। माफिया गिरोही, पूरे रेलवे बोर्ड से लेकर स्टेशनों तक, बोनाफाइड ट्रेडर्स को रैक नहीं मिलते थे, सारा कुछ फेल था, वैसे समय में मड एवं कीचड़ में फंसे हुए रेल महकमे की जिम्मेदारी हमारे हाथों में, हमारे कंधों पर मिली।

सभापति महोदया, मैंने इसकी समीक्षा की। मैंने बार-बार देश और दुनिया में कहा कि यह जर्सी गाय है - भारतीय रेल, इसे मार कर बैठाया गया है। इस रेल को मड से निकालना है तो हमें व्यापार पर कंसनट्रेशन करना पड़ेगा, इवेज़न को रोकना पड़ेगा। हम जो गतायु सम्पत्तियों को बदलते हैं, हम लदान 68 टन करते थे और चार्ज 15 टन होता था। मूरी से लेकर कोलकाता तक विभिन्न मशीनों पर हमने भारतीय रेल को मालगाड़ी को चढ़ाया और भारी इवेज़न पाया। टर्न एराउंड किया, लोडिंग-अनलोडिंग को, सात दिन में जो लदान होते थे, उसे पांच दिन में परिणीत किया, तब उसका फलाफल हुआ। पूरे रेल परिवार को कॉंफिडेंस में लिया कि हम एक परिवार के रूप में हैं। किसी आफिसर के ट्रांसफर और पोस्टिंग पर हम लोगों ने हस्तक्षेप नहीं किया। जहां जो आफिसर्स थे, उन आफिसर्स को रिसपेक्ट और जिम्मेवारी दी गई। बोर्ड के मेम्बर बनाने के लिए नियम-कायदा बना हुआ है। [S72]

महोदय, जो जनरल मैनेजर रेल भवन के सामने चक्कर लगाते थे कि उन्हें खर्च करने की शक्तियां दी जाएं, हमने पैसेंजर इम्युनिटी के अन्तर्गत पॉवर्स को डिसेंट्रीलाइज कर के तमाम जनरल मैनेजरों को 100-100 करोड़ रुपए व्यय करने की पॉवर्स दीं। ऐसे इंतजाम किए कि

प्लेटफॉर्म को लम्बा बनाया गया। एक इंजन जो 12 डिब्बों को चलाने में जितना फ्यूल खर्च करता था, हमने उतने ही फ्लूल से 24 डिब्बे चलाए, क्योंकि हमने उसी गाड़ी में 12 डिब्बे और जोड़ दिए और 24 डिब्बे की गाड़ी बना दी। किसी को कोई तकलीफ नहीं दी। हमने बजट में भाड़ा घटाया। हमने ऐसा सिर्फ कलकत्ता की सब-अर्बन ट्रेनों में ही नहीं किया, बल्कि महाराष्ट्र में भी ऐसा ही किया। घाटे के बावजूद हमने किराया नहीं बढ़ाया क्योंकि यदि सब-अर्बन रेलों का किराया एक पैसा भी बढ़ाते हैं, तो इन दोनों शहरों के लोग रेलों को आग लगाकर फूंक देते हैं। हर बजट में, हर क्लास में भाड़ा घटाने के बाद, हमारा जो लक्ष्य था, उसके अनुसार हमने कर्मचारियों को बोनस दिया। आज रेलवे के कर्मचारी और अधिकारियों का पूरे देश में वोट करा लीजिए, सभी खुश हैं। verybody was happy. देश के किसान से लेकर के, बी.ए. तक पढ़ने वाली बेटियों को चाहे, किसी भी जाति की बेटी क्यों नहीं हो, फ्री रेलवे पास, 12वीं तक दिया गया। कृषि आउटलैट, शौचालय की साफ-सफाई और सिस्टम को बदलने का काम किया। हमने इस सबको करने के लिए भारत सरकार के सामने हाथ नहीं पसारा कि वह हमें पैसा दे।

डिवीडेंड देने के पहले जो सरप्लस मनी है, ये पता नहीं किस के इशारे पर क्या बात करते हैं, मैं नहीं जानता और मैं नाम भी नहीं लेना चाहता हूं। मैं उनसे भयभीत होने वाला नहीं हूं। लालू यादव या कोई और मंत्री, आंकडों से कोई खेल नहीं कर सकता है, न ममता जी कर सकती हैं और न लालू कर सकता है। जो बजट पेश किया जाता है, जो बजट सैक्शन है, उससे यह बजट आता है। इसे ही हम लोग पढ़कर सुनाते हैं। डिवीडेंड देने के बाद, हमारा एक लाख का सरप्लस था। हमने एक लाख का लक्ष्य बनाया था, लेकिन मंदी के बाद 90-91 पर पहुंचा और उस डिवीडेंड को देने के बाद, बकाया संपत्तियों से मैनटेन करे के बाद, जो खुद मंत्री जी ने स्वीकार किया है कि वर्ष 2008-09 में जो सरप्लस मनी है, जो लाभांश है, वह मैं पढ़कर सुना देना चाहता हूं। कहां और कैसे कनफ्यूज किया जा रहा है। लालू का पीरियड, आज कोई माने या न माने, भारत के रेलवे के इतिहास में गोल्डन पीरियड के रूप में, स्वर्णाक्षरों में माना जाएगा। आप हमें चाहे कितनी ही गाली दे लीजिए, कितना ही चोर बना लीजिए। मैं जानता हूं कि जो आहत थे, जो घायल थे, जिनकी नहीं चली, जो लोग लालू को चोर बोलते थे, जो लोग लालू को मजाकिया कहते थे, जो लोग चारा घोटाले की बात करते थे, इतना बड़ा एम्परर, इतना महत्व हमारे जीवन में मिला कि देश और दुनिया में भारत का डंका बजा। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Please do not disturb.

श्री लालू प्रसाद : महोदय, इस भाषण के अंत में एक अंश व्हाइट पेपर के बारे में लिखा हुआ है, जिसे गलत ढंग से लोग परिभाषित करते हैं। भारतीय रेल का पैसा, डिवीडेंड रिजर्व बैंक में जाता है। वह रेलवे बोर्ड की जेब में नहीं जाता है। अगर किन्हीं के मन में इस बारे में कन्फ्यूजन है, तो मैं मांग करता हूं कि सदन की कमेटी बनाकर, रेलवे बोर्ड के पदाधिकारियों को बैठाकर और जितने भी एकाउंट सैक्शन के अधिकारी हैं, उन्हें बैठाकर बता दो कि यह झूठ है या सच है। इसमें ज्यादा देर नहीं होनी चाहिए। मंत्री जी, ममता जी, मैं आपसे यही मांग करता हूं कि इस बारे में इसी सत्र में बता दिया जाए। अगर किसी ने आपके मन में इंजैक्ट किया है, दूर बैठे हुए उस इंसान को मैं जानता हूं, जो मंत्री रहा है, वह आज जिम्मेदारी वाले पद पर बैठा है। उसके लोग आरोप लगाते हैं। मैं आंख दिखाने गया था। कहते हैं कि लालू ने रेलवे की नौकरी में जमीन लिखाई। [RPM73] यह खा गया, वह खा गया, बेबुनियाद बातों को लोग करते हैं। वही आदमी, जो फेल हुआ है। मैं आपको कभी नहीं कहता कि ममता बनर्जी बेईमान हैं, मैंने हर जगह बोला कि ईमानदार महिला हैं। आप ऐसी भावुकता में न आयें, यह अन्त में जो आपने पढ़ा है, मैं नहीं जानता कि किसने अन्त में इस बात को लोड कर दिया। इससे कन्फ्यूज़न हुआ है। मैं आपके भाषण से पढ़ देता हूं, विगत पांच सालों का व्हाइट पेपर, आर्गेनाइजेशनल, फाइनेंशियल, 2020 विज़न के लिए हम तैयार करेंगे। इसमें अगर लोगों को यह झूठा आंकड़ा लगता है तो सात दिन में बात साफ-साफ आ जानी चाहिए। सीधे सारे लोगों को...(व्यवधान)

कुमारी ममता बनर्जी : इसमें इतना क्या है? आपकी हम इज्जत करते हैं। हमने तो आपके खिलाफ कुछ नहीं बोला। यह तो एक परम्परा होती है। हमने तो उसमें भी बोला है कि पांच साल में बहुत सारे प्रोजैक्ट्स पूरे नहीं हुए, हम ब्लू प्रिण्ट लाएंगे। इस बजट में 3-4 चीजें हैं, यह भी बोला। हमने यह भी बोला कि 2020 विज़न के लिए भी हम इसे ले आएंगे। यह भी बोला कि कंडीशन को हम देखेंगे। इसमें तो कोई आपके खिलाफ बात नहीं है।...(व्यवधान)

श्री लालू प्रसाद : हम आपके एंटी नहीं हैं। आपकी बात की इंटेंशन पर मैं ऑब्जैक्ट नहीं कर रहा हूं। आप फिर सुन लीजिए। ...(व्यवधान)

कुमारी ममता बनर्जी: आपने कहा, मैं इसीलिए कह रही हूं।...(व्यवधान)

श्री लालू प्रसाद : इसको गलत ढंग से मीडिया में और खासकर के मेरे दांये बैठे लोग, जो मेरे परमानेंट लिटिगेशन के मास्टर हैं। गणेश जी को दूध पिलाने वाले लोगों के साथ बैठे हुए जो लोग हैं, ये जानते हैं कि एक झूठ को 50 बार बोलो तो वह सही लगता है। ये वही लोग हैं, जो इस बात की चर्चा कर रहे थे, सुप्रीम कोर्ट तक गये थे। सुप्रीम कोर्ड ने फटकार लगा दी, वापस करता है कि ऑर्डर पास करो। लालू यादव जमीन लिखा रहा है, बेईमान है। ये खुद बेईमान हैं, दूसरे को बेईमान कहते हैं, यह कलयुग है, यह दुखद है।

रेल से मेरा सेंटीमेंट जुड़ा हुआ है। जिनके मन में कन्फ्यूज़न हो, अंग्रेजी में इसे व्हाइट पेपर कहते हैं, मैं खुद पढ़कर बताता हूं, उन्होंने खुद कहा है, वह ममता जी ने कहा है, मैं जानता हूं कि मीडिया वाले लोग लड़ाते रहते हैं। यह भी बात है कि मैं आपसे क्यों लड़ूं। एक महिला की हम रैस्पैक्ट करते हैं। लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि किसी डर से हम यह बात कर रहे हैं। सदन को मालूम होना चाहिए कि यह पीरियड भारतीय रेल के इतिहास में, चाहे जो भी हमारी व्यवस्था हो, स्वर्ण अक्षरों में लिखा जायेगा। ममता जी से मेरी यही उम्मीद है कि आप इसे आगे बढ़ाइये और रेल को ऊंचाई तक आप ले चलिये। आपने स्वीकार किया है कि हमको बजट बनाने का टाइम नहीं मिला। यह बड़ा नाजुक डिपार्टमेंट है, यह बड़ा सेंसिटिव विभाग है। अगर मेरा एक अंक भी झूठा हो, एक भी जगलरी की जो बात करता है, किसी एक आदमी के मन में भी अगर कन्फ्यूज़न होगा तो रेल के महकमे में बैठे हुए फाइनेंस से लेकर तमाम आफिसरों को आप कल सैट कर दीजिए। ये बतायें कि लालू यादव अंक लिखता है, क्या आप अंक लिखिएगा? क्या हम झूठ बोलेंगे, क्या हम झूठ बोलकर अपनी पीठ

थपथपाएंगे। लेकिन इसमें लिखा गया। लिखा गया तो उसमें हम यही बताते हैं कि किसी न किसी पीरियड को बेस बनाकर अगले 2020 का जो विज़न है, उसमें हम रेल को कहां ले जाना चाहते हैं। बहुत से लोग कन्फ्यूज़न बनाते रहते हैं। यह विज़न रखा ही रह गया। भारतीय रेल की ओर से देने के बाद सैण्ट्रल गवर्नमेंट के तमाम एम्पलाइज़ को 73 दिन का बोनस देना पड़ा। क्या इन्हीं भारतीय रेल के अधिकारियों की, पदाधिकारियों की कोई रैस्पैक्ट पहले कर्मचारियों को थी? यह पीरियड है, यह भारतीय रेल का संकल्प है कि अब डैडीकेटिड फ्रेट कोरीडोर से लेकर वैस्टर्न कोरीडोर से लेकर एग्जिस्टिंग जो लाइंस हैं, उसमें ह्यूज कंजेशन को हटाने के लिए, इसी के प्रैशर के लिए वैस्टर्न कोरीडोर, ईस्टर्न कोरीडोर कवरिंग ऑल पोर्ट्स ऑफ दि कोलकाता, इसको हमने शुरू कराया। प्रधानमंत्री जी ने उसका शिलान्यास किया, वैस्टर्न कोरीडोर का किया। भारतीय रेल को आपको देखना चाहिए। बिहार में आज बड़ा भारी असंतोष है।[R74]

हमने 55 हजार करोड़ रूपए का प्रोजेक्ट दिया। हमने पक्ष नहीं लिया, लेकिन आजादी के 60 साल बाद तक बिहार के साथ नाइंसाफी हुयी थी। सेंट्रल सैक्टर में कोई उद्योग या उपकरण बिहार राज्य में नहीं था। रेल व्हील बाहर से आते थे, चक्का बाहर से आता था, डब्बा बाहर से आता था, इंजन बाहर से आता था, देश का पैसा विदेश में जाता था। इसको हमने रोका। केरल में, मैडम सोनिया जी के क्षेत्र में, मधेपुरा में, इसके अलावा छपरा की चक्का की फैक्टरी आज एडवांस स्टेज में है।

महोदय, हमने ज्वाइंट वैंचर के द्वारा प्रयास किया। इस मंदी के जमाने में, अपनी शर्तों पर इसे किया, जब कोई आदमी इसमें आना नहीं चाहता था। वह बोलता था कि रेलवे पहले हमें एडवांस रूपया दे दो। हम उसे कैसे दे दें? तब फिर वह रेल बनाएगा। जो आपकी एक्सप्लेनेट्री बजट की कापी है, उसे आप देखिए। बिहार पढ़ता है, अज्ञानी नहीं है। 55 हजार करोड़ रूपए का प्रोजेक्ट दिया, तब समय पर बिहार से हमको जमीन नहीं मिली। हमें यहां स्पेशल लैंड एक्वायर करने के लिए कानून बनाना पड़ा। हमको एलोकेशन क्या मिला? एक लाख, दो लाख या तीन लाख रूपए, जबकि कल-कारखाने के लिए पांच-दस करोड़ रूपए चाहिए। ऐसे कछुआ की गति से प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ता है। आप इसे ले जाइए। वेस्ट बंगाल की दो संस्था, जेवीजी जो वहां की संस्था है, उसको भी, हैवी इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट में उसको हमने कहा कि इसको टेक-ओवर करें। मोकामा को हमने टेक-ओवर किया, मुजफ्फरपुर को टेक-ओवर किया, डालमियानगर को टेक-ओवर किया। बिहार का गरीब आदमी जो वहां मांग उठा रहा है, 55 हजार करोड़ रूपया का जो हमने प्रोजेक्ट दिया, उसके लिए 1 लाख रूपया, 2 लाख रूपया, मैंने उसको पढ़ा है। बिहार के प्रोजेक्ट को स्लो इंजेक्शन दिया जा रहा है। ऐसे प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ेगा। इससे कंफ्यूजन बढ़ेगा।

महोदय, रेल जलता है, तो लालू महसूस करता है कि मेरी बॉडी जल रही है। रेल से हमारा सेंटीमेंट जुड़ा हुआ है। हर आदमी रेल को कमजोर समझता है, रेल को रोक देता है, उसमें आग लगा देता है, जला डालता है, रेल लाइन को उखाड़कर फैंक देता है। किसी भी कीमत पर बिहार की लाख उपेक्षा हो गयी, चाहे जिन किन्हीं कारणों से हो, इस बारे में अखबार के लोगों ने हमसे पूछा कि क्या आप आंदोलन करेंगे? हमने कहा कि नहीं, यह पश्चिम बंगाल नहीं है कि हम आंदोलन करें, यह गुर्जर भाइयों का आंदोलन नहीं है कि हम अपनी लक्ष्मी को उखाड़कर, आग लगाकर उसके फेरे करें। हम यह नहीं करने वाले हैं। मैंने उनसे कहा कि मैं ममता जी से मिलूंगा, प्रधानमंत्री जी से मिलूंगा, मॉटेक सिंह जी से मिलूंगा कि इसका उपाय क्या है? केरल में हमने एक कोच की फैक्ट्री दी, तब हमें वहां जमीन मुफ्त में मिली, रायबरेली है, बिहार का डालमियानगर है, मधेपुरा है, मढ़ौरा है, सोनपुर है, ये सब प्रोजेक्ट हैं, अगर पैसा नहीं देंगे, तो कैसे होगा? ईश्वर जानता है, अफसर जानता है, कर्मचारी जानता है, सब कहते थे कि लालू चोर था या बेईमान था, बातें छिपती नहीं हैं। जिस तरह से गंदी हरकत कुछ लोगों के द्वारा की गयी, क्योंकि लालू का फोबिया लोगों के मन से नहीं मिट रहा है। जो फेल हो गया, बिल्कुल ध्वस्त हो गया, वह आदमी आपको फोन करता है कि व्हाइट पेपर ईश्यू कर दो। वह आदमी बोलता है कि लालू के बाद दूसरा रेल मंत्री आएगा, तो कपाट पकड़कर रोएगा। क्या आप रोने वाली हैं? आप तो इन लोगों को रूलाने वाली हैं। आप सीपीएम को रूलाती हैं। हमको सब पता है।

इसलिए आप सात दिनों में सदन की कमेटी बनाइए। अपने एफ.सी. को बैठाइए, फाइनैंस डिपार्टमेंट को बैठाइए, रिजर्व बैंक को लाइए। अगर 90 हजार करोड़ रूपए की कोई इसे जगलरी मानता है, तो वह आदमी जिसने इसे इस तरह से उठाया, कान पकड़कर माफी मांगने के लिए तैयार रहे। अगर हमें गलत पढ़ाया गया है, तो हमारे अधिकारी और पदाधिकारी हमेशा-हमेशा के लिए दोषी हैं, लेकिन कोई दोषी नहीं है। हारवर्ड से लेकर, एनसीएईआर से लेकर, अहमदाबाद से लेकर फील्ड-फील्ड में घूमकर लोगों ने इसकी जांच की है। क्या ये लोग हमें यहां बैठने देते, आचार्य जी हमें बैठने देते? लेकिन लालू पिछड़े घर से आता है इसलिए जितनी मर्जी गाली दे दीजिए। कुछ रहे या नहीं, कोई बात हो या नहीं हो, दूध का दूध, पानी का पानी। आपने जो बोल दिया, हमने बोल दिया, कम नहीं किया, नैक्स्ट टू आर्मी रेलवे के पास अपनी लैंड है। क्या आप एक इंच जमीन दे सकती हैं, एक चाय की दुकान किसी को दे सकती हैं? यह सब आपका बनाया हुआ है, आपका मतलब कौन होटल देगा, कौन मोटल देगा, कौन जमीन को सैटल करेगा। कौन देगा? रेल मंत्री देगा? रेल मंत्री नहीं देता। माफिया गिरोही, रेलवे में ऐसे लोग जहां भी हों, उन्हें देखिए। अगर आप मांगेंगे तो हम सहयोग करने के लिए तैयार हैं। आपको पहले से अनुभव है। मैडम, आपको खुद मालूम है। आपके समय में खुद आप डिविडैंड देने में चूक गई थीं।...(व्यवधान) आप हमें अपनी तकलीफ को थोड़ा बोलने दीजिए।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Lalu ji, you have made your point. Everybody is convinced.

â€¦(व्यवधान)

श्री लालू प्रसाद : मैं इनके खिलाफ कुछ नहीं बोल रहा हूं। सारी खुली किताब है। डिविडैंड नहीं देना, राकेश मोहन कमेटी बनना, फिर क्या सुझाव आया। यूपीए गवर्नमैंट में हमें फ्री हैंड मिला। प्रधान मंत्री जी और सोनिया जी, जहां तक ये सब लोग थे, मेरा सीना ऊंचा था। यह टर्न एराउंड की कहानी, हारवर्ड में कल तक इंडियन रेलवे बाजार में, दुनिया के बाजार में आउट ऑफ मार्किट था। जब मैं बजट पेश कर रहा था, हम बाजार से, दुनिया से जिस इंटरस्ट पर पैसे लेते थे, इंटरस्ट के रेट घट गए कि हमसे लें। वेस्टर्न कॉरीडोर के बारे में बताना

चाहिए। आप अपने जवाब में बता दीजिए। जायका से पैसे मिलने थे, जापान से पैसे मिलने थे। हम जापान सैर-सपाटा करने नहीं गए थे। पहली खेप के पैसे मिले या नहीं और यदि नहीं मिले तो आप क्या इंतजाम कर रही हैं। वेस्टर्न कॉरीडोर के बारे में आपके भाषण में है कि यूपी से जा रहा है। यूपी से नहीं, दिल्ली टू मुम्बई फर्स्ट फेज़, लुधियाना से हावड़ा फर्स्ट फेज़ में हम कम्प्लीट करने के बाद ले जाएंगे। हम मुम्बई से चेन्नई ले जाएंगे, चेन्नई से हावड़ा, फिर आगे इन बातों को देखेंगे। जायका, नो जायका, जापान ने दिया, नहीं दिया और यदि नहीं दिया तो क्या इंतजाम कर रहे हैं। आपको यह लोगों को बताना पड़ेगा। ईस्टर्न कॉरीडोर में हमारा जो सरप्लस है, हमने कहा कि वह अपने पैरों पर खड़ा होगा। अभी देखिए, खर्च बढ़ता जा रहा है, 92 प्रतिशत हो गया। आमदनी घट रही है, लदान कम हो रहा है, मंदी भी एक कारण है। मैं आपको यह नहीं बोलता कि आपने डेढ़ महीने में कम कर दिया। हमारा लक्ष्य है। सीमेंट, लोहा, कोयला, कभी कोयला नहीं दिया जाता। एक्सपोर्ट वाले हमारा समूचा आयरन ओर बाहर ले जा रहे हैं। हमने रेट्स ठीक किए थे। हमें मालूम हुआ कि रेट्स घट गए हैं। हमें रेल में तीन-चार हजार करोड़ रुपये का घाटा हो जाएगा। लदान, व्यापारियों को फ्रेंडली कहा कि आइये, जो आयरनओर बाहर जा रहा है, दुनिया में लोहे के जो दाम बढ़ रहे हैं, हम ढुलाई करेंगे, हमें उसका दाम कम नहीं करना चाहिए। हमें किसी ने कहा कि रेट कम हो रहे हैं, तीन-चार हजार करोड़ रुपये। मैडम, बुरा मत मानिये, रिवर्स हो जायेगा, हम बराबर पर पहुंच जायेंगे। हम फिर बैकगियर में चले जायेंगे। आपको मालूम है कि यह ऑन-गोइंग स्कीम है। सदन के लोगों को मालूम होना चाहिए कि 46 हजार करोड़ रुपये की ऑन-गोइंग रेलवे लाइन पहले से थी। इलैक्शन आया, पास कर दो, सर्वे का शिलान्यास हो जाता था। 46 हजार करोड़ रुपये पहले की लायबिलिटी है । 25 हजार अनमैन्ड गेट हैं जहां ओवरलुक हो जाता है तो कट जाते हैं।[NB75]

बछिया दब जाती है। बसों में सब खत्म हो जाते हैं, इसलिए आपको मैन कराना पड़ेगा। आपको लगातार इन चीजों को देखना पड़ेगा। ठीक है, आपने कह दिया कि हमारी डबलडैकर गाड़ी चलेगी। यह गाड़ी कहां से कहां तक चलेगी? कोलकाता के रूट वाली ट्रॉम गाड़ी नहीं है। कोलकाता वाली ट्रॉम गाड़ी नहीं है, जो झुन-झुन कर चलती है। एक रूट पर आप उसे चलायेंगे तो छः टाइम नीचे चली जायेगी और बिजली की लाइन इसके बगल में है। कहीं-कहीं पहाड़ों की टनल है। यह गाड़ी फंस जायेगी। आपको रेलवे के अधिकारी या जिन ज्ञानी लोगों को हमने हटाकर जहां-तहां भेज दिया था, हमने सुना है कि वह फिर आपके यहां आ गये हैं। अब नाम लेने से कोई फायदा नहीं है। एक से एक थिंक टैंक जैसे लोग हैं और इधर से उधर घूमते रहते हैं कि मंथली कोई सेल में हो जाये। सब काम सोच विचार करना चाहिए। आप जरूर व्यस्त रहती हैं। लोगों को व्यस्त रहना चाहिए। हम जब रेल मंत्री थे तब रेलवे के काम में इतने व्यस्त हो गये थे कि पांच साल तक मेरा बिहार से कांटेक्ट ही खत्म हो गया था। ...(व्यवधान) आप बताइये कि कोई बीजेपी का मैम्बर हो, एमएलए हो, कोई भी पार्टी हो, लालू यादव ने भेदभाव नहीं किया। एलोकेशन फार्मूले पर होता है। लेकिन हमने बढ़ा-बढ़ाकर दिया। रेल का ठहराव दिया, सब कुछ दिया। हमने देखा कि 15-20 गाड़ियां जो बिहार से भी निकलती थीं, उन गाड़ियों को छोड़ दिया गया। लोगों में इस बारे में आक्रोश है । हमने मैम्बर (ट्रैफिक) को फोन किया था कि ये कैसे छोड़ दिया, क्या फैक्ट्स हैं, बताइये, बिना फैक्ट्स जाने क्यों छोड़ दिया? उन्होंने कहा कि इधर-उधर छूट गया होगा, हम इसे ठीक करेंगे। गाड़ी बिहार से बाहर जाती है, कोलकाता जाती है। उसमें गरीब लोग जाते हैं। वे बिहार में जलेबिया मोड़ पर नहीं घूमते। रेल में जाते हैं फिर आते हैं। बिहार के साथ ऐसा हुआ। जितने मेगा प्रौजेक्ट्स हैं, समय पर स्टेट गवर्नमेंट ने हमें जमीन नहीं दी। अब बिहार के पनपने का टाइम आया है, इलैक्ट्रीफिकेशन हो रहा है। आपके अधिकारीगण, मैम्बर (इलैक्ट्रिक) ने देखा है कि हमने बहुत काम किया है। अब गुवाहाटी तक धड़ाधड़ लाइन खींचते जा रहे हैं। वर्ल्ड क्लास में काम हुआ है। लोगों को जो कन्फ्यूजन हो रहा है, तो वर्ल्ड क्लास स्टेशन बहुत हुए हैं। आप भी कर रही हैं, शायद ही हमने कोई छोड़ा होगा। लेकिन दिल्ली और पटना में हमने प्रयोग किया, तो उसमें अर्बन डिपार्टमैंट आ जाता है, शीला दीक्षित जी आ जाती हैं कि यह परमीशन चाहिए, वह परमीशन चाहिए या बाहर कुछ देकर आइये। फिर कहा गया कि देश में बुलैट ट्रेन चलाइये। फिजिबिलिटी रिपोर्ट की बात हुई। बुलैट ट्रेन की बात व्यावहारिक नहीं है, वह हमारे देश में नहीं चल पायेगी क्योंकि पैसा कौन लगायेगा? अब कोई पैसा थोड़े ही लगाता है। इसलिए सब चीजें देखकर काम करना चाहिए। जिनके मन में कन्फ्यूजन है, अगर हमने नब्बे हजार सरप्लस का कोई अंक बढ़ा-घटाकर दिया है, तो आप हमें बताइये। हम इसके लिए सदन से माफी मांगने के लिए तैयार है। सब कुछ रिजर्व बैंक में डेबिट होता है। जब बजट तैयार होता है, तो उसमें सब कुछ लिखा होता है। बजट कापी में लिखा होता है, पार्लियामैंट में लिखा होता है, कन्वेंशन कमेटी में गया होता है। फिर भी 90 हजार रुपये -90 हजार रुपये कहा जाता है । उधर से कोई फोन कर रहा है कि मैडम हम फेल हो गये हैं और लालू जी पास हो गये हैं। दुनिया में गुरू बने हुए हैं। क्या हम अपने मन से गुरू बने हुए हैं? मीडिया के लोगों ने कहा कि प्रोफेसर लालू, गुरू लालू। यही लोग हमें जोकर भी बनाते हैं। मीडिया के लोगों ने हमें गुरू बना दिया। इसके लिए बहुत लोगों को तकलीफ है। असल में बहुत लोगों को तकलीफ है। ...(व्यवधान) मैडम, आप शांति से रहियेगा। ...(व्यवधान) मैडम, आप शांति से सुनेंगी, तो सब आपको ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Please conclude now. There are other Members who are waiting to speak. [MSOffice76]

श्री लालू प्रसाद : इसलिए सात दिन के अंदर देश के नामी-गिरामी रिजर्व बैंक को बुलाइए, रेलवे बोर्ड को बुलाइए, फाइनेंस मिनिस्ट्री को बुलाइए, सभी जगह कॉपी जाती है और सात दिन में आप बता दीजिए। आपकी नीयत अच्छी भी हो सकती है कि यह आपके समय से होना चाहिए था, लेकिन पांच साल का मेरा जो पीरिएड आपने लिया, वह तो गोल्डेन पीरिएड है, इसी में तो टर्न एराउण्ड हुआ है। इसी को आप बेस बनाना चाहते हैं। हम जो पढ़े-अनपढ़े लोग समझ रहे हैं, इसी को आप बेस बनाना चाहते हैं। हम तो बोल रहे हैं कि जल्दी करिए, किसी के मन में अगर कंफ्युजन हो तो बताइए। गलत है नहीं, जो बोलता है वह फंसेगा, जो एलिगेशन्स लगाता है, जो कंफ्युजन-मास्टर है, वह फंसेगा। रेलवे का काम एकदम फूलप्रूफ होता है। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Please do not disturb him.

श्री लालू प्रसाद : यह एक भिन्न डिपार्टमेंट है। रेलवे का जो एलोकेशन बिहार के लिए है, उसे लीजिए। उसके लिए पीएम से मिलिए, प्रणब बाबू से मिलिए। 11वीं प्लान में भी इसके लिए भारी-भरकम राशि का प्रावधान है, उसको लीजिए और बिहार के जो प्रोजेक्ट्स हैं, उनको

चालू कीजिए। देश भर के प्रोजेक्ट्स चालू कीजिए, कोलकाता को भी चलाइए, रायबरेली के प्रोजेक्ट्स को चलाइए, सोनिया जी के क्षेत्र में भी चलाइए, नहीं तो फिर चुनाव आए और वह बात सोनिया जी के खिलाफ जाएगी। वहां केरल में शुरूआत कर दीजिए। आप वहां के आम आदमी, गरीब आदमी तक विकास का लाभ ले गए हैं। बिहार और कोलकाता में क्या कोई अंतर है? उसको भी चालू करिए, उसको कीजिए। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: No cross talk. Please do not disturb him.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Laluji, please conclude now. All others are also waiting to speak.

श्री लालू प्रसाद : मुझे बोलने का अधिकार है, मैं रेल मंत्री रहा हूं।

MR. CHAIRMAN: You have made your point.

श्री लालू प्रसाद : ठीक है, मैं समाप्त करता हूं। मैं आपको एश्योर करता हूं कि अगर आप सहयोग लीजिएगा तो हम लोग सहयोग देंगे। रेल सबका है, न आपका है, न मेरा है, न राज्यमंत्री जी का है। यह भारतीय रेल है, भारत का रेल है, सभी का रेल है, गरीब आदमी का है, सभी का है। इस रेल को बचाकर रखना, सहेजकर रखना। इसलिए मैं अपनी बात को यहीं समाप्त करता हूं। जिन लोगों ने मुझ पर आरोप लगाए हैं, एक आदमी, एक एमपी इस बात के हैबिचुअल हैं, उन्होंने मेरे ऊपर तमाम तरह के आरोप लगाए हैं, जिनमें कोई दम नहीं है।

महोदय, मैं अपनी बात को समाप्त करते हुए फिर दोहराता हूं कि सात दिन में यह स्पष्ट हो जाना चाहिए। आप रेल में हैं, तो रेल के लिए आपकी कोशिश है, आपने प्रयास किया है। आप अपने प्रयास में सफल हों, यही हमारी कामना है, लेकिन सभी बातों को व्यावहारिक रूप से समझकर करें।

MR. CHAIRMAN: All those hon. Members who would like to lay their speeches on the Table of the House, may do so.

श्री हंसराज गं. अहीर (चन्द्रपुर): सभपति महोदय, मैं माननीय रेल मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत रेल बजट पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं।

मैं रेलवे को देश के विकास की वाहिनी मानता हूं। रेलवे के बिना किसी क्षेत्र का विकास तथा पूर्ण न्याय देना संभव नहीं है। अगर सभी क्षेत्रों का विकास करने के दृष्टिकोण से रेल बजट प्रस्तुत किया जाता तो शायद हम इसका बहुत ज्यादा हार्दिक स्वागत करते। हमने देखा है कि इस बजट में सभी क्षेत्रों के विकास के लिए न्याय नहीं किया गया है। जो आदिवासी बहुल वनवासी क्षेत्र, पहाड़ी क्षेत्र हैं, उनके बारे में इस बजट में कम प्रावधान किया गया है। मैं आदिवासी, वनवासी बहुल क्षेत्रों को रेल से जोड़ने को बहुत महत्वपूर्ण मानता हूं। मैं रेलवे को एक वाणिज्यिक संगठन नहीं मानता हूं। इन क्षेत्रों के लिए हमें नई रेलगाड़ियों के बारे में सोचना चाहिए था, लेकिन जब देश के जनजातीय, पहाड़ी क्षेत्रों में जहां पर आदिवासी, वनवासी भाई रेल के बिना जीवन जी रहे हैं, वहां यह सुविधा देना न्यायपूर्ण बात होती।

मैं कहना चाहूंगा कि पिछले वर्ष के बजट में हमारे क्षेत्र के जिला गड़घिरोली में वड़सा और गड़घिरोली रेल लाइन के लिए अग्रिम मान्यता दी गयी थी, जिसे इस बजट में नकारा गया है, उसके लिए कोई धनराशि नहीं दी गयी है। मैं आपसे विनती करता हूं कि पिछले वर्ष वड़सा-गड़घिरोली रेललाइन के लिए जो अग्रिम मान्यता दी गयी थी, उसके लिए धनराशि का प्रावधान किया जाए।[r77]

रेल मंत्री जी को चाहिए कि वह इस सदन में दिए हुए आश्वासन को पूरा करें। गढ़चिरोली जिला आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है और वहां रहने वाले लोगों को नक्सलवादी गतिविधियों से आए-दिन जूझना पड़ता है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि वहां उद्योग व्यवसाय नहीं हैं। इसलिए मैं इस क्षेत्र के विकास के लिए रेल मंत्री जी से धनराशि उपलब्ध कराने और काम शुरू कराने की मांग करता हूं। अगर वहां रेल लाइन बन जाएगी तो वहां के किसान भाइयों को काफी लाभ होगा। इसलिए वडसा से गड़घिरोली रेल लाइन हेतु तत्काल धनराशि मुहैया कराई जाए। इस क्षेत्र के किसानों के लिए उर्वरक, बीज आदि के यातायात हेतु वणी, मुकुटबन, ताडाली आदि स्टेशंस पर गुड्स शेड की जरूरत देखते हुए वहां रैक पाइंट बनाने चाहिए। इससे वहां के किसानों को इसका लाभ मिलेगा।

मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि मुम्बई हेतु बल्लारशा से लिंक एक्स प्रेस पिछले साल शुरू की गई थी, यह हमारे लिए बहुत खुशी की बात थी। लेकिन इस ट्रेन को चलाने के लिए बल्लारशा स्टेशन पर पिट लाइन की आवश्यकता है। उसका काम पूरा नहीं होने की वजह से इस लिंक एक्सप्रेस को चलाने में काफी दिक्कत आ रही और यात्रियों को काफी असुविधा हो रही है। इसलिए लिंक एक्सप्रेस के ठीक से परिचालन हेतु पिट लाइन का कार्य शुरू किया जाए और इसके लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई जाए।

सभापति महोदय, मैं माननीया रेल मंत्री जी से यह भी कहना चाहूंगा कि चेन्नई से चलने वाली चेन्नई-बिलासपुर रेलगाड़ी कोरबा तक चलाई जा रही है और वह सप्ताह में एक बार चलती है। मैं मांग करता हूं कि उसे सप्ताह में तीन दिन चलाया जाए और उसे आगे बढ़ाकर हावड़ा तक किया जाए। इससे मेरे क्षेत्र चंद्रपुर तथा गड़घिरोली जिलों में एक लाख से भी ज्यादा संख्या में रह रहे बांग्लादेश से निर्वासित- बंगाली भाइयों को हावड़ा आने-जाने में सुविधा होगी।

सभापति महोदय, हैदराबाद से चलने वाली तेलंगाना एक्सप्रेस ट्रेन कागजनगर तक जाती है, उसे आगे चांदा फोर्ट स्टेशन तक बढ़ाने की मैं

रेल मंत्री जी से मांग करता हूं। इसी तरह से भाग्यनगरी, रामगिरी जो पैसेंजर ट्रेन है, उसे बल्लारशा से चांदाफोर्ट तक चलाने की मांग मैं रेल मंत्री जी से करता हूं। चांदाफोर्ट स्टेशन का जब अमान परिवर्तन किया गया तो वह नया स्टेशन बना है। नई रेल लाइन पर सिर्फ दो ही रेलगाड़ियां चलती हैं। इस लाइन पर गोंदिया-चांदाफोर्ट-बल्लारशा के बीच में दोपहर को भी एक ट्रेन चलाई जा सकती है। इसकी मांग वहां की जनता भी कर रही है। इसलिए इस मार्ग पर यह रेलगाड़ी जरूर चलाई जाए। यहां पर यह कार्य आसान भी है, क्योंकि नई लाइन डालने की भी जरूरत नहीं है।

रेल मंत्री जी ने अपने रेल बजट में कहा है कि एक संसदीय क्षेत्र में एक पीआरएस दिया जाएगा। मेरे संसदीय क्षेत्र में दो जिले आते हैं इसलिए मैं इन दोनों जिलों में एक-एक पीआरएस की मांग आपसे करता हूं। मुझे उम्मीद है कि आप उसे पूरा करने की कृपा करेंगी।

बल्लारशा -चंद्रपुर-नागपुर के बीच नई शटल ट्रेन चलाई जाए, क्योंकि इस मार्ग पर प्रवासी संख्या बहुत ज्यादा है। इस सड़क मार्ग पर सरकारी और निजी 250 से ज्यादा बसें दिन-भर चलती हैं। अगर यहां पर रेलगाड़ी चलाई जाएगी तो लोगों को बहुत लाभ होगा और रेलवे को भी इससे आर्थिक लाभ मिलेगा। बल्लारशा और गड़यादूर के बीच एक रेलगाड़ी चलती थी। यह 25 वर्ष से चल रही थी, जिसे बंद कर दिया गया है। अभी हमने मांग की कि फिर से यह रेलगाड़ी चलाई जाए, तो मुझे जवाब आता है कि यह रेलवे के लिए लाभदायक नहीं है, वाणिज्यिक रूप से ठीक नहीं होगी। लेकिन वह ट्रेन 25 साल से चल रही थी इसलिए उसे अभी चलाने में भी कोई दिक्कत नहीं आएगी। इसलिए इस ट्रेन को शुरू करने की मैं आपसे मांग करता हूं।

मेरे चंद्रपुर शहर में बाबूपेठ बस्ती है। वहां करीब 70,000 लोगों की आबादी है। लेकिन चंद्रपुर और बाबूपेठ के बीच में दो-दो रेल मार्ग जाते हैं, वहां पर ओवरब्रिज बनाने की हमारी मांग है। जब हम इस ओवरब्रिज की मांग करते हैं तो रेल मंत्रालय द्वारा वहां के म्यूनिसिपल कार्पोरेशन से 50 प्रतिशत तक का शेयर मांगता है। मैं रेल मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि आप अपने मंत्रालय की निधि से उस ओवरब्रिज का निर्माण कराएं, क्योंकि वहां की म्यूनिसिपल कार्पोरेशन के पास इतना पैसा नहीं है कि वह अपना शेयर दे सके। मैं यह भी कहना चाहूंग कि हम यह पहला मंत्रालय देख रहे हैं, सेंट्रल गवर्नमेंट के जितने भी मंत्रालय हैं।[R78]

ऐसा कोई मंत्रालय नहीं है जो राज्य सरकार से 50 प्रतिशत धनराशि मांगता हो, तब रेल मंत्रालय 50 प्रतिशत धनराशि क्यों मांगता है, इसका जवाब माननीय मंत्री जी दें। हम कोई रेल लाइन मांगते हैं तो 50 प्रतिशत पैसा स्टेट गवर्नमेंट से मांगा जाता है, ओवरब्रिज मांगते हैं तो 50 प्रतिशत राशि स्टेट गवर्नमेंट से मांगी जाती है। लेकिन देश में केन्द्र सरकार का ऐसा कोई मंत्रालय नहीं है जो 50 प्रतिशत धनराशि स्टेट गवर्नमेंट से मांगता है। इसलिए मैं माननीय रेल मंत्री जी से कहूंगा कि यह जो 50 प्रतिशत धनराशि स्टेट गवर्नमेंट से मांगने की प्रथा है, नीति है, इसे बदला जाए और रेल का जो भी काम देश के विकास के लिए होता है, उसे अपने ही बलबूते पर कराए - ऐसा मैं सुझाव भी देता हूं और मांग भी करता हूं।

साउथ-नार्थ को अगर जोड़ना है तो चूंकि चैन्नई या बंगलौर से अमृतसर के लिए कोई सीधी गाड़ी नहीं चलती है और जो हमारे सिख भाई चैन्नई या बंगलौर में रहते हैं उनके लिए कोई सीधी गाड़ी नहीं है, इसलिए चैन्नई या बंगलौर से एक-एक गाड़ी अमृतसर तक बढ़ायी जाए। वहां की जनता की यह मांग बहुत वर्षों से है। माननीय मंत्री जी ने आदिवासी जिले वडसा-गढ़चिरौली लाइन के लिए, पिछले साल जो अग्रिम मान्यता दी थी, उसे पूरा करने की मैं विनती करता हूं।

श्री सतपाल महाराज (गढ़वाल): महोदय, मैं सर्वप्रथम आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने मुझे रेल बजट पर बोलने का सुअवसर दिया। मैं गढ़वाल संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं जो आर्थिक रूप से पिछड़ा है। रेल मंत्री सुश्री ममता बनर्जी द्वारा संसद में पेश किया गया रेल बजट आम जनता को राहत पहुंचाने वाला है, मैं इस बजट का स्वागत करता हूं।

मेरा विश्वास है कि यूपीए अध्यक्षा माननीया श्रीमती सोनिया गांधी, प्रधान मंत्री डा. मनमोहन सिंह एवं देश के युवा नेता श्री राहुल गांधी के नेतृत्व में देश में रेलवे का चहुंमुखी विकास होगा और जन-जन तक इसका लाभ पहुंचेगा।

रेल बजट में रेल भाड़े तथा माल भाड़े में वृद्धि न करके रेल मंत्री जी ने अपनी राजनीतिक परिपक्वता का परिचय दिया है तथा आम जनता के दिलों को जीतने का प्रयास किया है। इस बजट में अमीर-गरीब सभी वर्गों के हितों का ध्यान रखा गया है।

माननीया रेल मंत्री जी का एक प्रश्न सारे सदन के सम्मुख है कि क्या रेलवे की परियोजनाओं को केवल आर्थिक व्यावहारिकता के पैमाने पर ही तोला जाए या फिर इन्हें सामाजिक दृष्टिकोण के पैमाने से भी देखा जाए। क्या विकास के लाभ केवल सुविधा सम्पन्न लोगों तक ही सीमित रखे जाएं और देश की दूर-दराज और पिछड़े इलाकों में रहने वाली अधिकांश जनता को इससे वंचित रखा जाए।

माननीया मंत्री जी ने स्पष्ट कहा है कि हो सकता है ये परियोजनाएं आर्थिक पैमाने पर खरी न उतरती हों, फिर भी वे पिछड़ेपन और गरीबी की मार झेलते क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए आवश्यक हैं। उनको इन परियोजनाओं की और भी ज्यादा जरूरत है। उन्होंने दृढ़ता के साथ कहा है कि पद दलित एवं सुविधाओं से वंचित लोगों का उत्थान किया जाना चाहिए ताकि हमारे देश का समग्र रूप से सामाजिक एवं आर्थिक विकास हो सके।

माननीय महोदय, मैं यह बताना चाहता हूं कि मैं गढ़वाल संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं और विकास की आशा लिए उत्तराखंड की जनता ने कांग्रेस अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी, प्रधान मंत्री डा. मनमोहन सिंह जी और देश के युवा नेता श्री राहुल गांधी के नेतृत्व में आस्था जताते हुए कांग्रेस पार्टी को प्रदेश की सभी सीटों पर विजय दिलाई है। जनता ने विकास का एक नया सपना संजोया है। ऐसी स्थिति में जन-प्रतिनिधियों के ऊपर एक बहुत बड़ा दायित्व आ जाता है।

गढ़वाल संसदीय क्षेत्र एक बहुत बड़े क्षेत्रफल में फैला है तथा वहां प्राकृतिक साधन प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। क्षेत्र तथा राष्ट्र के विकास हेतु समुचित यातायात के साधनों का होना बहुत जरूरी है। इस प्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं, इनका भी सदुपयोग पर्याप्त यातायात और संचार साधनों से ही संभव है। माननीया रेल मंत्री जी ने निसंदेह राष्ट्र के विकास के लिए, पिछड़े क्षेत्रों के विकास का अपना मिशन बनाकर, आर्थिक विकास की दिशा के लिए, एक नये अध्याय का सूत्रपात किया है। [r79]

इस संदर्भ में देश के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रेल पहुंचाने के लिए रेल मंत्री जी ने रेल बजट में जो एक विशेषज्ञ समिति के गठन का प्रस्ताव किया है वह सचमुच स्वागत योग्य कदम है। मुझे विश्वास है कि इस कमेटी के गठन से देश के पर्वतीय राज्य उत्तराखंड, जहां आजादी के साठ साल बाद भी रेल का विस्तार नहीं हो सका है, इस राज्य को इसका लाभ मिलेगा। उत्तराखंड राज्य आज यह प्रतीक्षा कर रहा है कि वहां रेल का विस्तार कब होगा। आशा है कि विशेषज्ञ कमेटी इस पर्वतीय राज्य के लिए ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन, जिसका कई बार सर्वे हो चुका है, इस लाइन को बनवाने के लिए विचार करेगी। इसके साथ ही टनकपुर-बागवेश्वर प्रतिक्षित रेल लाइन बिछाने के लिए भी विचार किया जाएगा। इन रेल लाइनों के विस्तार से ही उत्तराखंड का विकास संभव है।

मैं रेल मंत्री जी को यह भी कहना चाहूंगा कि इन योजनाओं को राष्ट्रीय योजनाएं घोषित किया जाए। इसके लिए संसाधनों को जुटाने के लिए चाहे रेल बांड जारी किए जाएं, ताकि बड़ी-बड़ी योजनाएं राष्ट्र हित में जल्दी पूरी की जाएं। जब मैं रेल राज्य मंत्री था, हम लोगों ने बायलोजिकल टायलेट्स का रिसर्च प्रारम्भ किया था, जिससे किसी प्रकार की भी गंदगी रेलवे स्टेशनों पर नहीं फैलती थी और गंदगी को एक टैंक के अंदर कंटेन हो जाती थी, जिसे वैक्यूम के जरिए निकाला जा सकता था। इस प्रकार के अगर बायलोजिकल टायलेट्स बन जाएं, तो मैं समझता हूं कि रेलवे स्टेशनों पर गंदगी समाप्त हो जाएगी और अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र के अंदर भारत आगे बढ़ेगा।

भारत में रेल के डिब्बों के बनाने में एल्यूमिनियम प्रचुर मात्रा में लगाया जाता है, जबकि इसकी जगह पीवीसी लगाई जा सकती है। रेलों के अंदर लगे पंखों का डिजाइन बाबा आदम के जमाने का है। उसमें लोहे का इस्तेमाल होता है। पंखे बनाने में लोहे की जगह प्लास्टिक का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसी प्रकार से वैकल्पिक चीजों का इस्तेमाल होना चाहिए। महंगी चीजों की खपत कम से कम की जानी चाहिए। मैं विशेष कर, हमारे तिवारी जी, जो उत्तराखंड के मुख्यमंत्री थी, उन्होंने उत्तराखंड का बहुत विकास किया। वे चाहते थे कि उत्तराखंड में रेल का विस्तार हो। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि उत्तराखंड में आज जंगल राज हो गया है। आपने समाचार पत्रों और टीवी पर देखा होगा कि एक नौजवान रणबीर को पुलिस ने गोली मार दी। इस प्रकार की घटनाएं नहीं होनी चाहिए। मैं रेल मंत्री से निवेदन करूंगा कि भारत के अंदर ही नहीं, भारत से बाहर सिंगापुर तक रेल चलाइए। भारत से बाहर बंगलादेश तक रेल चलाइए। भारत से मास्को को रेल से जोड़िए। भारत से नेपाल को जोड़िए। इन सभी रेलवे लाइनों का विस्तार हो और माल की ढुलाई हो तथा रेल की आय बढ़े।

उत्तराखंड के विकास के लिए मैं चाहूंगा कि देहरादून से लखनऊ एक सीधी ट्रेन भी चलाई जाए तथा लखनऊ जाने वाली ट्रेनों में फर्स्ट ए.सी. के कोच भी लगाए जाएं। देहरादून से कानुपर एक सीधी ट्रेन भी चलाई जाए तथा कानपुर जाने वाली ट्रेनों की गति बढ़ाई जाए। इन ट्रेनों में भी फर्स्ट ए.सी. कोच लगवाए जाएं। हावड़ा कोलकाता से हरिद्वार के लिए एक और सीधी ट्रेन चलाई जाए। गोहाटी से हरिद्वार के लिए भी एक सीधी ट्रेन चलाई जाए। कोटद्वार के लिए होहरी रेल लाइन होनी चाहिए। दिल्ली से रामनगर के लिए सीधी ट्रेन चलनी चाहिए।

MR. CHAIRMAN : You may lay on the Table rest of your speech.

श्री सतपाल महाराज : महोदय, मैं अपनी बात समाप्त करने जा रहा हूं। हरिद्वार से देहरादून तक रेल को डबल ट्रेक बनाया जाए। कोटद्वार, ऋषिकेश एवं रामनगर में माल यातायात टर्मिनल बनने चाहिए। कोटद्वार तथा रामनगर, जो राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े हैं, इन्हें आदर्श स्टेशन बनाया जाना चाहिए। पर्यटकों को बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक रिजर्वेशन केंद्र खोले जाने चाहिए। इसके साथ-साथ नजीबाबाद जंक्शन रेल मार्ग उत्तराखंड का मुख्य द्वार है, जहां से उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के भारतीय सेना में कार्यरत हजारों सैनिक, व्यापारी एवं अन्य लोग प्रतिदिन रेल द्वारा यात्रा करते हैं, इनके लिए जंक्शन में स्टापेज होगा, तो उन्हें बहुत लाभ प्राप्त होगा।

*कोटद्वार तथा रामनगर जो राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े हैं को आदर्श स्टेशन बनवाना चाहिए ।

आई आर सी टी सी एवं उत्तराखंड सरकार के साथ टूरिज्म पैकेज किया जाना चाहिए ।

पर्यटकों एवं दूरदराज क्षेत्र की जनता की सुविधा के लिए इस क्षेत्र में अधिक रिजर्वेसन केन्द्र खोले जाएं ।

नजीबाबाद जंक्शन रेल मार्ग उत्तराखंड का मुख्य द्वार हे जहां से उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के भारतीय ना में कार्यरत हजारों सैनिक, वपारी एवं अन्य लोग प्रतिदिन रेल द्वारा यात्रा करते हैं ।

निम्न गाड़ियों 2331-2332 हिम गिरी एक्सप्रेस, 5654-2588, अमरनाथ एक्सप्रेस, लोहित एक्सप्रेस 2327-2382 उपासना एकसप्रेस एवं 5097-5098 जम्मू बरौनी एक्सप्रेस का नजीबाबाद जंक्शन जेसे मुख्य मार्ग पर स्टापेज न होने से यात्रियों को असुविधाओं का सामना करना पड़ता है । अतः नजीबाबाद जंक्शन में इन गाड़ियों को भी रोका जाए ।

साथ ही मेरा यह भी सुझाव है कि उत्तराखंड में एक रेल भर्ती बोर्ड (आर0आर.बी) की स्थापना होनी चाहिए क्योंकि इस प्रदेश में अभी तक कोई रेल भर्ती बोर्ड न होने से यहां के बेरोजगार युवाओं को रेल सेवा का लाभ नहीं मिल पाता । दूर-दराज पहाड़ी इलाकों में बेरोजगार युवकों को रेल रोजगार के समाचार बहत देर से मिलते हैं जिससे वे इसका लाभ नहीं उठा पाते । अतएव इस प्रदेश के प्रमुख शहर

ऋषिकेश अथवा रामनगर में रेलवे भर्ती बोर्ड की स्थापना हेतु विचार किया जाना अति आवश्यक है ।

इन्हीं शब्दों के साथ में आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे इस सुअवसर पर बोलने का मौका दिया । *

*SHRI PRASANTA KUMAR MAJUMDAR (BALURGHAT): Hon. Chairman Sir, at the outset, I congratulate Hon. Minister for Railways for not increasing passenger fares as freight charges inspite of a sharp increase in fuel prices. At present, railways cannot be treated as a business venture. Rather it is to be made accountable to the society. The railways play a major role in socio-economic development by connecting various sections of the society. This year's Rail Budget somewhat reflects this aspect. Now the issue is, the Rail Minister has announced a number of projects and also the upgradation of passenger amenities and services. But under the current scenario marked by economic recession and turmoil, whether these projects and schemes will really take-off is the big question. Wherefrom the funds are going to be collected and if not collected adequately then whether all these projects will be completed or will remain incomplete this question remain to be answered. The Budget has talked about Public-Private-Partnership. Railway department is on of the most important departments of this country. And I think that the projects will be implemented through P-P-P mode leading slowly and gradually to privatization and also commercialization. If commercialization occurs, then government regulation will become minimum. Therefore I, on behalf of our party RSP, oppose this move.

You all must be knowing that there are numerous vacancies in Railways. Huge manpower is always required to take care of the safety and security aspects. In the interest of 'Ma,Mati,Manush', the vacant posts should be immediately filled, otherwise like every other year there will be 2% retrenchment of workers in the Railways. If we take the estimate of last 5 years, we find that scores of announcements were made regarding rail services and facilities, but those have not been mentioned in this Budget. We don't know whether those projects were implemented or scrapped. Had there been a mention of the earlier declarations, we would have been able to make a comparative study.

---

* English translation of the speech originally delivered in Bengali.

19.00 hrs.

Now, I come to my constituency and let me put forth its requirements before Hon. Minister. I belong to West Bengal's South Dinajpur district which was deprived of rail network even after independence. After a lot of political struggle and mass movement, Balurghat-Eklakhi project started in 2004. What is the condition of this project now? Only one and a half train plys during the entire day. In the morning, the train starts from Balurghat at 5 A.M. to go to Kolkata. But this train cannot be availed by the rural people or the urban passengers as it is too early in the morning ; that too runs thrice a week only. On the other three days, the train comes late at night at about 10 O' clock or 11 O' clock. Thus common poor people of the area cannot travel by it. So my specific request to Hon.Railway Minister would be to adjust the time schedule and run this train regularly at least 6 days a week.

Passenger amenities are next to nothing - there is no proper platform, no shade, no drinking water, no light and you will be surprised to know that even signals are missing - the train runs without signals. Though this Balurghat-Eklakhi rail project is a profitable project, yet amenities and facilities are nil.

You should also know that even passenger trains do not run regularly. If a train leaves Balurghat in the morning, it can return to Balurghat in the evening thus facilitating cheap, hassle-free travel for the common people and senior citizens. Hon. Railway Minister knows everything; she is aware of the problems so I request her to consider these proposals and help in developing this under-developed part of the state. 20,000 tribal people reside here. It was earlier represented by a person from Scheduled Caste community ; now it has been converted into a general seat. I humbly submit that this backward region can be developed by crisis-crossing rail network and better connectivity. Hon. Railway Minister should keep this is mind and lend a helping hand in creating a better future.

You've allowed me to speak in my mother tongue Bengali for which I am grateful to you Sir. With these words I conclude.

*__श्री जोसेफ टोप्पो (तेजपुर) :__ मैं असम गण परिषद के नेता के रूप में सुश्री ममता बनर्जी, रेल मंत्री द्वारा लोक सभा में पेश रेल बजट 2009-10 पर बहस में भाग लेने के लिए मौका प्रदान करने के लिए आपका आभारी हूं ।

रेल मंत्री ने जो रेल बजट पेश किया है उस पर पूरे देश की मिली जुली राय है, कुछ लोगों ने इसे बहुत अच्छा और कुछ ने इसे खराब बताया है । मेरी राय में इस बजट में भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों के लिए कोई विशेष ख्याल नहीं रखा गया है जबकि माननीय मंत्री स्वयं भारत के पूर्वी राज्य पश्चिम बंगाल से आती है ।

रेल मंत्री जी को यह ज्ञात है कि उत्तर पूर्वी राज्यों में ट्रेनों की एवं स्टेशनों की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है । यहां स्टेशनों पर ना तो यात्रियों के बैठने की उचित व्यवस्था है और ना ही मूल-भूत व्यवस्था है । असम में कई स्टेशनों के बीच मीटर गेज को ब्राडगेज में बदलने के लिए सर्वे और अन्य कार्यवाई हो चुकी है लेकिन फिर भी अभी तक इस संबंध में सरकार द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है । मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान असम एवं उत्तर पूर्व में ऐसी ही कुछ समस्याओं की ओर दिलाना चाहता हूं जिनका इस बजट में समावेश होना जरूरी है ।

असम के डिब्रूगढ़ जिले में ब्रहमपुत्र नदी पर बन रहे रेल पुल का उद्घाटन वर्ष 2003 में तत्कालीन राष्ट्रपति श्री ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम के हाथों कराया गया था किन्तु अभी तक जिस धीमी गति से इस पुल को बनाने का काम चल रहा है उससे इसके अगले 10 साल में पूरा होने की भी उम्मीद नहीं है । यह पुल न केवल असम बल्कि अन्य उत्तर पूर्वी राज्यों के लिए काफी लाभदायक होगा तथा इसे इन राज्यों में रेल का विस्तार हो सकेगा किन्तु रेल मंत्रालय द्वारा इस ओर उचित ध्यान ना देने तथा पैसे की कमी के कारण यह परियोजना कब पूरी होगी इसका कोई जवाब नहीं है ।

काफी पहले रेल मंत्रालय ने यह वादा किया था कि उत्तर पूर्वी राज्यों में मीटर गेज को जल्दी ही ब्राडगेज लाइनों में बदला जाएगा । जिससे मालगाड़ी तथा अन्य गाड़ियां रंगिया स्टेशन से आगे जाकर अस्णाचल प्रदेश, नागालैंड तथा अन्य राज्यों तक जा सकें किन्तु रंगिया (असम) से लेकर मोकलोंगसेलेक लाईन को ब्राडगेज में बदलने के सर्वे का काम होने के बाद भी अभी तक इस लाइन पर काम शुरू नहीं किया गया है । मालगाड़ियों से पूरे देश से आने वाले सामान को रंगिया स्टेशन पर उतारना पड़ता है और उसके आगे उसे मीटर गेज से भेजने के अतिरिक्त खर्च के कारण यह काफी महंगा पड़ता है तथा रंगिया स्टेशन पर भी माल रखने की उचित सुविधा उपलब्ध नहीं है।

लमडिंग से बदरपुर स्टेशनों के बीच मीटर गेज को ब्राडगेज में बदलने का काम चल तो रहा है किन्तु अगर यहां काम करने वाले मजदूरों को उचित सुरक्षा व्यवस्था तथा सुविधा उपलब्ध करायी जाए तो यह योजना जल्दी ही पूरी हो सकती है ।

मैनागुड़ी (पश्चिम बंगाल) से जोगीघोपा (असम) के बीच ब्राडगेज लाईन बनाने का जो काम चल रहा हे उसे अलीपुरद्वार तथा न्यू बोंगाईगांव स्टेशनों से भी जोड़ा जाना चाहिए ।

वर्ष 1982 से असम के स्थानीय लोग न्यू बोंगांईगांव में रेल कोच फैक्ट्री की मांग कर रहे हैं किन्तु अभी तक इस मामले में कोई उचित फैसला नहीं लिया गया है ।

आपके पहले रेल मंत्री ने एक नई ब्राडगेज लाईन कामख्या से बर्नीहाट तक बनाने की बात अपने बजट में कही थी जिसका इंजीनिरिंग तथा सर्वे का काम पूरा हो चुका है किन्तु एन0एफ0 रेलवे ने बिना किसी कारण इस योजना का रोक कर रखा है । मैं मांग करता हूं कि इस रेल लाइन पर तुरन्त काम शुरू किया जाना चाहिए ।

एन0एफ0 रेलवे ने ग्रुप डी के अंतर्गत करीब 3500 नई भर्तियों के लिए आवेदन मांगा था और जिसके लिए उचित संख्या में लोगों ने आवेदन भी किया था किन्तु करीब दो साल से ज्यादा समय गुजर जाने के बाद भी एन0एफ0 रेलवे ने इस बारे में कोई कदम नहीं उठाया है तथा वे कम कर्मचारियों से काम चला रहे हैं । अगर यहां नये कर्मचारियों की भर्ती जल्दी की जाती है तो एन0एफ0 रेलवे में जो काम बहुत ही धीमी गति से होते हैं उसमें तेजी आ सकती है ।

यहां पर यह बताना भी बेहद जरूरी है कि एन0एफ0 रेलवे की विभिन्न रेलवे कालोनियों की हालत काफी खराब है । पिछले 20 वर्षों इन कालोनियों की इमारतों की मरम्मत तो की जाती है किन्तु कोई भी नई इमारत का निर्माण नहीं किया गया । इस काम के लिए जो भी पैसा आता है उसमें भारी हेरा-फेरी की जाती है ।

उत्तर पूर्व के लगभग सभी स्टेशनों पर पीने के पानी की उचित व्यवस्था नहीं है तथा लोग गंदा तथा बिना फिल्टर किया हुआ पानी पीने को मजबूर हैं । यही स्थिति यहां के रेलवे कालोनियों की भी है । इस संबंध में एन0एफ0 रेलवे को उचित निर्देश देने चाहिए कि कम से कम सभी स्टेशनों पर पीने के पानी की उचित व्यवस्था हो ।

उत्तर पूर्वी राज्यों खासकर असम में रेलवे के अस्पतालों की स्थिति ठीक नहीं है यहां अधिकतर डाक्टर अपनी ड्यूटी से गायब रहते हैं तथा यहां मरीजों को घटिया स्तर की दवाईयां दी जाती हैं जिसकी जांच की जानी चाहिए तथा असम मालीगांव में एक नया एवं बड़ा रेलवे अस्पताल खोला जाना चाहिए जो कि सभी तरह की आधुनिक सुविधाओं से लैस हो ।

उत्तर पूर्व के अधिकतर स्टेशनों पर यात्रियों के लिए क्लॉक रूम की व्यवस्था नहीं है जिससे बाहर से आने वाले यात्रियों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है । मेरी माननीय रेल मंत्री से मांग है कि इस रेल बजट में उत्तर पूर्व के सभी रेलवे स्टेशनों पर क्लॉक रूम की व्यवस्था की जानी चाहिए ।

मैं अपनी इन्हीं मांगों के साथ माननीय मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि वे इस संबंध में उचित कार्यवाई करते हुए सभी प्रदेशों को रेल बजट में उचित स्थान दें तथा उत्तर पूर्व के 8 राज्यों पर विशेष ध्यान देते हुए इस समस्याओं को दूर करने का प्रयास करें ।

SHRI P. KUMAR (TIRUCHIRAPPALLI): Mr. Chairman, Sir, I thank you very much for giving this opportunity to make my maiden speech in this august House on Railway Budget. At this juncture, I express my sincere thanks to my Party supremo Dr. Puratchi Thalaivi Amma, who with her dynamic eternal power, guides crores of common people like me and is a saviour of downtrodden. I respect my Party supremo Amma with great gratitude for her eminent act of picking the Members of Parliament this time from the bottom section of society to represent their constituencies and feel pleasure by providing those people such opportunity mainly because of the reason that they are well acquainted with every need of the people of the area to which they belong to.

At the outset, I wish to register my Party's view on this Railway Budget. The present Railway Budget superficially gives the impression of being a pro-people affair. However, in the process, infrastructure development and expansion of the railway network have been sidelined. The Budget focus appears to be on the personal vote-bank of the hon. Minister for Railways due to the reason that almost all the major projects announced in this Budget are earmarked for places like Lalgarh, Nandigram and Singur in West Bengal.

Despite the fact that the Railway Budget seems to have some good factors like not making any changes in fare and freight charges, reducing the extra charges of *tatkal* bookings from Rs. 150 to Rs. 100, introduction of nearly 60 trains, conversion of metre-gauge lines into broad-gauge, non-stop trains from Chennai to New Delhi on alternative days, it really seems to be buttered but not made

better. Really speaking, the State of Tamil Nadu compared to other States, still, has lot of metre-gauge lines which need conversion. The announcements made for the conversion of metre-gauge in all the previous Budgets rest on documents only. In practice, the conversions announced are not implemented as to the proposed distances.

The Budget does not focus on South India, particularly Tamil Nadu has been neglected. A huge number of demands regarding conversion of gauge, doubling of existing rail lines, acceleration of presently slow-running projects and upgradation of railway stations, have still not been addressed. Hon. Minister has announced that 700 kilometres has been targeted for doubling, but did not mention any doubling projects in Tamil Nadu, especially the requisition of doubling the line between Madurai to Chennai *via* Tiruchirappalli was not considered. If we take my Tiruchirappalli constituency, Srirangam is a famous and major pilgrimage centre and has one of the largest temple complexes in India. It also attracts a mass of devotees and visitors from all over the world. [r80]

The station requires upgradation and necessity for having a stop at Srirangam for the Vaigai Express and the same has been demanded for a long time. But these important demands are still not addressed in this present Budget. The Karur-Salem ongoing project is to be speeded up for completion and necessary funds may be allotted for this project.

Further, the Budget should have considered elimination of accident prone level crossings by making them safe with suitable bridges or sub-ways. In Trichy to Pudukottai National Highway 210, we are witnessing a heavy congested traffic which affects the routine life of the general public. The two railway crossings namely, the Karuvepplian Railway level crossing at Rasavayal in the highways and Triruvappur railway crossing in the city limit are the core reason for transport standstill. Therefore, it is the need of the hour to construct two railway flyovers on this National Highway. Likewise, the demand for construction of over-bridge in Hanjathidal Railway station at Tiruchirappalli should be considered on priority basis.

Sir, the Rock Fort Express which was originally running between Trichy to Chennai has been extended to Kumbakonam and currently running between Kumbakonam and Chennai for the last few years in a round about way. Resultantly, the general public of my constituency suffer a lot including insufficient seating accommodation. In view of this, I urge the Government to take necessary steps to restore the earlier status. Moreover, because of this round about way between Kumbakonam and would Chennai, the actual number of coaches meant for Trichy has been reduced from 24 to 13. Therefore, I request the Government to take steps to make Trichy as the starting destination.

Even though the Budget introduces nearly 57 new lines, I am disappointed since no specific new lines for Tiruchirappalli constituency have been announced. There is a need for new railway line from Thanjavur to Pudukottai via Gandarvakkottai. Gandarvakkottai is one of the assembly constituencies and also a taluk headquarters and there is a further need for new railway line from Jolarpet to Bangalore via Krishnagiri. So, I would request the hon. Minister to consider laying of new lines between these destinations.

It is announced in the current Budget that 6560 staff quarters are proposed to be constructed. However, there is no proposal in the Budget for renovating the existing quarters which are in a dilapidated condition due to longevity and depreciation. The Government should consider renovation of those existing quarters also. Particularly, in Tiruchirappalli, the quarters at Golden Rock Railway Colony are in dilapidated condition. Hence, I urge the hon. Minister to undertake a study on the conditions of the existing quarters to take appropriate steps for strengthening and renovating the quarters at Golden Rock Railway colony.

MR. CHAIRMAN : Please conclude.

SHRI P. KUMAR : I am concluding.

Notwithstanding many new trains introduced in this Budget, I further appeal to the Government through this House to introduce additional trains from Trichy to Kanyakumari, Tirchy to Chennai, Tirchy to Bangalore at night hours and from Pudukkottai to Chennai in day hours. I would request that this Government must consider these long pending appeals for new trains on these routes urgently.

Before concluding my speech, I thank the hon. Minister of Railways for inclusion of Tiruchirappalli as one of the 50 railway stations wherein the Government proposed to take up development of Multi-functional complexes. I further thank the hon. Minister for the proposal to improve overall efficiency and to reduce the unit costs of the workshops at Golden Rock in my constituency.

To conclude, in the words of Dr. Puratchi Thalaivi Amma, the present Railway Budget merely wielded a magical brush that gives a non-existent gloss to harsh realities. A lot more was expected from the hon. Minister for Railways.

श्री श्रीपाद येसो नाईक (उत्तर गोवा): सभापति महोदय, आपने मुझे रेल बजट पर बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। अपने-अपने राज्यों और संसदीय क्षेत्रों से लोग हमें यहां चुनकर भेजते हैं, ताकि जो उनकी मांगें हैं, वे बजट के समय संसद में रखी जा सकें। ऐसी उनकी इच्छा रहती है[BS81]।

सभापति महोदय, पिछले वर्ष 2008-09 के रेल बजट में रेल मंत्री जी ने बहुत से आश्वासन दिये थे। हमें पता है कि सब आश्वासन पूरे नहीं कर पाते हैं लेकिन जो जनता के हित में हैं, कम से कम वे तो पूरे होने चाहिये। इसी प्रकार 2009-10 के रेल बजट में माननीया रेल मंत्री ने बहुत से आश्वासन दिये हैं। मुझे विश्वास है कि नयी रेल मंत्री उन आश्वासनों को जरूर पूरा करेंगी।

माननीया मंत्री जी ने कहा था कि जो सासंद अपने क्षेत्र से आते हैं, वे चाहते हैं कि उनके क्षेत्र को ज्यादा रेलगाड़ियां मिलें, ज्यादा रेल लाईनें मिलें। माननीया मंत्री जी 50 विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन बनाने की बात कही है। मुझे दुख हो रहा है कि पूरे देश के 7-8 राज्यों के लिये ऐसे आदर्श स्टेशन बनाने की बात कही गई है। गोवा भी इस देश का ऐसा राज्य है लेकिन सूची में गोवा राज्य का नाम नहीं है। कम से कम एक स्टेशन तो विश्व स्तर का गोवा के लिये चुना जाना चाहिये था। इसलिये मैं मांग करूंगा कि सब राज्यों को कम से कम एक ऐसा स्टेशन जरूर दिया जाये।

गोवा इस देश का एक छोटा राज्य जरूर है लेकिन महत्वपूर्ण है। दुनिया के लाखों पर्यटक यहां आते हैं और इसे केन्द्र बनाकर देश के अन्य राज्यों में जाते हैं। यहां से जो गाड़ियां हैदराबाद, बंगलुरु, चैन्नई, बालांकिनी के लिये जा रही हैं, उनकी बुकिंग 15 दिन में खत्म हो जाती है। अगर आप पर्यटन को बढ़ावा देना चाहते हैं तो इन रूटों पर ज्यादा गाड़ियां चलानी होंगी ताकि पर्यटकों को सुविधा मिल सके। मैं मांग करता हूं कि मडगांव-मुम्बई रूट पर गाड़ी कम पड़ रही है, उसके लिये 2-3 गाड़ियां इस रूट पर और चलाई जाये। इसी तरह मडगांव से तिरुपति,जयपुर, चैन्नई,कन्याकुमारी, बंगलुरु के लिये आने-जाने के लिये गाड़ियां चलाई जायें।

सभापति महोदय, शीरडी एक तीर्थ स्थल है। महाराष्ट्र में सिन्धुदुर्ग, रत्नागिरी से बहुत लोग यहां आते हैं। पिछले बजट में रेल मंत्री जी ने घोषणा की थी कि शिरडी स्टेशन बनेगा लेकिन यह काम नहीं हुआ है। मेरी मांग है कि लोगों की सुविधा के लिये शीरडी स्टेशन बनाया जाये तथा गोवा से शीरडी के लिये एक सीधी गाड़ी चलाई जाये। गोवा में कोंकण रेलवे और साउथ वैस्ट रेलवे के दो रूट हैं। मैंने कुछ गाड़ियों की बात की है। जब तक साउथ वैस्ट रेलवे में मीटर गेज था...(व्यवधान)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI K.H. MUNIAPPA): Mr. Chairman, Sir, I would like to inform the House that Shirdi station is already commissioned when Shri Lalu Prasad was the Hon. Minister of Railways. More than eight trains including some special trains going there. The hon. Member may place his demands before the House and we will look into them.[s82]

श्री श्रीपाद येसो नाईक (उत्तर गोवा): महोदय, मैं अपनी मांग दोहराता हूं कि गोवा से शिरडी तक एक नई गाड़ी दी जाए। जब साउथ वेस्टर्न रेलवे मीटरगेज थी उस वक्त गोवा से तिरूपति तक गाड़ी चलती थी और इसका नाम हरिप्रिया एक्सप्रैस था। दूसरी गाड़ी वास्को से मिरज चलती थी। जब रेल का कनवर्जन हुआ तो यह वायदा किया गया था कि हम ये गाड़ियां फिर से चालू कर देंगे, लेकिन ब्राडगेज कनवर्जन के बाद अब तक ये गाड़ियां शुरू नहीं की गयी हैं। मेरी मांग है कि इन दोनों गाड़ियों को अतिशीघ्र शुरू किया जाए। इनसे गोवा के बहुत से लोग चाहे वे बेलगांव के हों, कोल्हापुर के हों, मिरज के हों सब जाते हैं। यह उनके लिए बहुत कठिनाई की बात बन गयी है। मेरी यह मांग है कि इन दोनों गाड़ियों को फिर से शुरू किया जाए।

महोदय, कोंकण रेलवे 10-12 साल से शुरू हो गया है और इस पर बहुत लोड है। दिल्ली से साउथ के लिए जाने वाली बहुत सी गाड़ियां यहां से होकर जाती हैं। जो भी गाड़ी जाती है वह पूरी तरह फुल होती है और गोवा के लोगों को उसका कोई फायदा नहीं होता है। गोवा के लोगों के अलावा साउथ के लोगों की भी यह मांग है कि कोंकण रेलवे ट्रैक को डबल किया जाए ताकि उसके ऊपर ज्यादा गाड़ियां चला सकें और लोगों की अड़चन साल्व हो जाएं।

महोदय, जैसा कि मैंने कहा कि गोवा एक छोटा सा राज्य है, लेकिन यह वर्ल्ड का एक टूरिस्ट स्पॉट है। हजारों-लाखों सैलानी, जितनी गोवा की पापुलेशन है, उससे भी ज्यादा विदेशी टूरिस्ट यहां आते हैं। मैंने देखा है कि देशी-विदेशी सैलानियों की दृष्टि से कई राज्यों में आपने व्हील ऑन पैलेस गाड़ी चलायी है। एक अच्छा टूरिज्म स्पॉट होने के नाते गोवा में भी एक व्हील ऑन पैलेस गाड़ी चला दी जाए ताकि गोवा में टूरिज्म का और विकास हो जाए। गोवा के बहुत से स्थलों को टूरिस्ट बार-बार देखने के लिए आते हैं। गोवा में दूधसागर नामक एक वाटरफाल है, लेकिन वहां जाने की कोई व्यवस्था नहीं है। जो विदेशी आते हैं, वे वहां जाने की सोचते हैं, लेकिन उन्हें बहुत कठिनाई होती है। हमारे आसपास के राज्यों के लोग भी वहां जाते हैं। वहां जाने की कोई व्यवस्था न होने के कारण इसका डवलपमेंट उतना नहीं हुआ है, जितना होना चाहिए था। पांच-छह महीने के लिए, जब टूरिस्टस ज्यादा संख्या में वहां आते हैं, तब एक सीजनल ट्रेन, पेडने से दूधसागर तक, पेडने से कोलेन तक, एक सीधी गाड़ी चलायी जाए, मैं गोवा की ओर से यह मांग करता हूं।

महोदय, गोवा के दो-चार स्टेशनों में से करमली स्टेशन कैपिटल के निकट है। नार्थ से साउथ जाने वाली सभी गाड़ियां वहां नहीं रूकती हैं। लोगों को 40 किलोमीटर घूमकर वापस राजधानी पणजी आना पड़ता है। मेरी मांग हैं कि वहां से जाने वाली सभी गाड़ियों का करमली स्टेशन पर स्टॉप होना चाहिए ताकि सैलानियों और यात्रियों को तकलीफ न हो।

महोदय, मैं एक बात और आपके ध्यान में लाना चाहता हूं कि आज पढ़े-लिखे युवकों की संख्या बहुत ज्यादा है। महोदय, साउथ वैस्टर्न रेलवे हो या कोंकण रेलवे हो, इन दोनों जगह गोवा के युवकों को उचित परसेंट में रोजगार नहीं मिलता है। मैं मांग करता हूं कि गोवा में रेलवे का एक रिक्रूटमेंट सेंटर शुरू किया जाए।

महोदय, मडगांव गोवा का एक बड़ा स्टेशन है और इस स्टेशन पर बहुत भीड़ हो जाती है। इससे जब बूढ़े, सीनियर लोग टिकट लेने के लिए जाते हैं तो वहां काउंटर कम पड़ते हैं। अतः मेरी मांग है कि मड़गांव स्टेशन पर एक-दो नये काउंटर खुलवा दिये जाएं ताकि आर्मी पर्सन

और बूढ़े लोगों को निश्चित तौर पर इसका फायदा मिले।

महोदय, गोवा में रेलवे ट्रैक की लंबाई 60-70 किलोमीटर से ज्यादा है और वहां बहुत से मैन और अनमैन गेट हैं। लोगों को इस कारण से बहुत दिक्कत होती है।[C83]

इसलिए मैं मांग करता हूँ कि जहां-जहां अनमैन्ड लैवल क्रासिंग है या मैन्ड लैवल क्रासिंग है वहाँ ओवरब्रिज या अंडर ब्रिज बनाए जाएँ। इससे एक्सीडैन्ट्स की गुंजाइश भी नहीं रहेगी। उदाहरण के तौर पर मैं आपको बता सकता हूँ कि वहाँ मये नाम से एक गाँव है, वहां रेलवे लाइन के पार एक श्मशान भूमि बहुत सालों से है। कोंकण रेलवे तो अभी आई है। वहां के अधिकारियों ने, जो लकड़ी उस श्मशान भूमि में जाती है, उसको वहां ले जाने के लिए दो-तीन साल से मना किया हुआ है जिस कारण लकड़ी को सिर पर ढोकर ले जाना पड़ता है। मैं माँग करता हूँ कि वहाँ श्मशान भूमि तक वह गाड़ी पहुँचे। जल्दी से जल्दी इसका उपाय मंत्री जी को ढूँढ़ना पड़ेगा।

मैं एक अंतिम बात कहकर अपनी बात समाप्त करता हूँ। चार-पाँच साल पहले स्काइरेल का एक प्रोजैक्ट गोवा में पायलैट प्रोजैक्ट के रूप में कोंकण रेलवे ने शुरू किया था लेकिन उसमें जो फाइनैंशियल सपोर्ट चाहिए, वह गोवा सरकार को अभी मिला नहीं है। मेरी माँग है कि इसमें जो फाइनैंशियल सपोर्ट मिलेगा, वह केन्द्र की ओर से देकर एक अच्छा प्रोजैक्ट जो स्काइरेल का है, यदि वह सक्सैसफुल हो गया तो पूरे देश में लागू होगा। इसलिए अच्छा फाइनैंशियल सपोर्ट केन्द्र के रेल मंत्रालय की तरफ से वहाँ मिले तो एक अच्छा प्रोजैक्ट लोगों के सामने आएगा।

इन्हीं शब्दों के साथ जो मांगें मैंने आपके सामने रखी हैं, उनकी पूर्ति अतिशीघ्र करें, यही मांग करते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूँ।

*SHRI RAYAPATI SAMBASIVA RAO (GUNTUR) : Sir, at the very outset, I would like to congratulate the Hon'ble Railway Minister, Kumari Mamata Banerjee, for presenting the first Railway Budget, which has been lauded for its 'no hike in passenger fares'.

I would like to especially thank the hon. Railway Minister for including the Bibinagar-Nallapadu (Guntur) doubling project in Guntur Division of South Central Railway in the current budget. But electrification of the said project has to be done. High expectations of the people of my State, Andhra Pradesh should be addressed. At present passengers are put to a lot of inconvenience as there is disruption or dislocation and regular scheduled trains on this route are disturbed and some of them are cancelled. Electrification of this line would enable free and frequent movement of goods trains carrying cement, lime, coal and other industrial raw materials for the industries located in this route from different parts of the country, without changing to the power engines, which would also reduce cost of maintenance as the diesel prices are skyrocketing. Not only that, the actual running time between Guntur and Secunderabad, the headquarters of the South Central Railway would be considerably reduced. I would strongly urge the hon. Railway Minister to take steps for the electrification of the Bibinagar-Nallapadu(Guntur) line immediately.

Other than the above project, there is no mention of significant railway project aimed at Andhhra Pradesh.

Another important request of the people of my parliamentary constituency is doubling and electrification between Guntur-Tenali section, as this is an important single line which connects Guntur to other important cities like Chennai, Bangalore, Trivandrum, Howrah and New Delhi on either sides. I hope, the hon. Minister would give due vent to this genuine request.

